सेंसेक्स 81,355.84 +23.12
डॉलर 83.758 +0.036
रांची सर्राफा
10 ग्राम 64,950
01 किलो 89,000

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल


सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 30 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक-178, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com











## एक नजर

### कोल इंडिया ने उत्पादन लक्ष्य बढ़ाने पर दिया जोर

**रांची।** कोल इंडिया ने चालू वित्त वर्ष के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कोयला उत्पादन बढ़ाने पर जोर देना शुरू कर दिया है। कंपनी ने 89.6 करोड़ टन सालाना क्षमता और 13,3,576 करोड़ रुपए की लागत से 119 खदानों को प्राथमिकता देते हुए उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा है कि उत्पादन क्षमता बढ़ाने और भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए कंपनी की प्रोएक्टिव स्ट्रेटजी का हिस्सा है। कोल इंडिया ने कहा है कि इन खदानों के विकास में एडवांस्ड माइनिंग टेक्नोलॉजी और इन्फ्रास्ट्रक्चर में पर्याप्त निवेश शामिल है, जिसका मकसद प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और सस्टेनेबल माइनिंग प्रैक्टिस को सुनिश्चित करना है।

### कर्रा में अवैध बालू लदा हाइवा जब्त चालक गिरफ्तार

**खूंटी।** जिला खनन पदाधिकारी राम नरेश सिंह और खान निरीक्षक पिंटू कुमार ने सशस्त्र पुलिस बल और कार्यालय कर्मी पवन देव गंझू तथा मथुरा मुण्डा के सहयोग से रविवार की रात दो बजे से छह बजे तक कर्रा एवं जरियागढ़ थाना क्षेत्र के अवैध बालू खनन स्थलों में छापामारी अभियान चलाया। बमरजा से 700 घनफीट अवैध बालू लदे एक हाइवा को जब्त कर उसके चालक को गिरफ़्तार किया गया। इस संबंध में कर्रा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई कई है। बमरजा कर्रा रोड से एक बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का ट्रैक्टर 100 घनफीट बालू लदी ट्रॉली के साथ जब्त कर थाने को सुपुर्द किया गया है।

### जिला ग्रामीण विकास अभिकरण का जिला परिषद में विलय

**खूंटी।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण का जिला परिषद, खूंटी में विलय हो गया है। जिला परिषद की परिषद सभागार में सोमवार को परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस आशय का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में केंद्र प्रायोजित डीआरडीए प्रशासन योजना के बंद होने तथा पंचायतीराज अधिनियम, 2001 की धारा 77 (ख) के आलोक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) का जिला परिषद (पंचायती राज विभाग) में विलय होने की जानकारी परिषद के सदस्यों को दी गई।

## घघारी बाबाधाम में सावन पूर्णिमा पर लगेगा मेला

# दूसरी सोमवारी को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

*मकर संक्रांति मेला के तर्ज पर पहली बार घघारी बाबा धाम में विशाल मेला का आयोजन किया जाएगा*



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में इस वर्ष से सावन पूर्णिमा के अवसर पर पहली बार एक दिवसीय मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला मकर संक्रांति मेला के तर्ज पर आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय घघारी बाबा धाम समिति के बैठक के दौरान राजकमल गोप के नेतृत्व में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए घाघरी बाबा धाम समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप ने कहा कि लापुंग प्रखंड के सबसे विशिष्ट शिवधाम, घघारी बाबाधाम का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि घघारी जलप्रपात के निकट स्थापित घघारी बाबा धाम में गुमला लोहरदगा खूंटी सिमडेगा सहित रांची जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। उन्होंने कहा मकर संक्रांति मेला के तर्ज पर पहली बार घघारी बाबा धाम में विशाल मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला के दौरान लाखों की भीड़ उमड़ेगी। यहां उमड़ने वाली भीड़ की सुविधाओं को लेकर विशेष तैयारी करने की जरूरत है। घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति ने निर्णय लिया कि सावन पूर्णिमा में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन व मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में सैकड़ों स्वयंसेवक की तैनाती, मेला परिसर में दुकान लगाने के लिए जिम्मेवारी, साथ ही पार्किंग व्यवस्था सुदृढ बनाने के लिए युवाओं को जिम्मेवारी दी गई। इस मौके पर घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर साहु, पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, राजधन शेखर सिंह, भुवन महतो, मनोज उरांव, श्याम लाल शेखर सिंह, संजय महतो, पुजारी रामशंकर पाठक, जितु पाठक, विजय महतो, हीरालाल शेखर सिंह, रामसेवक सिंह, सुनील उरांव, दुर्गा सिंह, समाजसेवी दशरथ तिर्की समेत कई लोग मौजूद थे। उधर दूसरी सोमवारी को लेकर घघारी बाबा धाम में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। इस मौके पर मंदिर के पुजारी सीताराम पाठक, राजेश पाठक, तुलसीदास गोस्वामी, मार्केण्डेय दास गोस्वामी सहित विभिन्न पुजारियों एवं घघारी बाबा धाम प्रबंधन के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित किया। कतार में लगकर श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना की।

### दुष्कर्म और हत्या के दोषी को अंतिम सांस तक जेल में रखने का आदेश

**रांची।** पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के दोषी सुनील मछुआ को अंतिम सांस तक जेल में रखने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने सुनील पर 30 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। इस मामले को लेकर महिला एवं बाल संरक्षण बुंडू थाना में प्राथमिकी दर्ज हुआ था। मामला 23 जनवरी, 2020 का है। सुनील मछुआ घरवालों से झगड़ा कर धारदार हथियार लेकर घर से निकला था और मृत बच्ची के माता-पिता को मारने के लिए रात 10 बजे उनके घर पहुंचा था। इसके डर से माता-पिता सो रहे दो बच्चों को छोड़कर पड़ोसी से मदद मांगने पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपित ने पांच वर्षीय बच्ची को उठाकर कुछ दूर ले जाकर दुष्कर्म किया और मरने के लिए एक कुंआ में फेंक दिया। आरोपित को ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ा था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार किया था।

## न्यूज बॉक्स

### विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर डॉ परमेश्वर भगत ने की बैठक



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के केशा गांव में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी, जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत मुख्य रूप से शामिल हुए। डॉ भगत ने चुनाव की रणनीति को समझाया और चुनाव प्रचार में सामाजिक सेवाओं को और भी महत्वपूर्ण बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर समाजसेवी उनके समर्थकों से भी मिले और चुनावी रणनीतियों पर सलाहग्रहण किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि वे अपनी टीम को चुनावी मैदान में मजबूती से प्रस्तुत कर सकें और समाज की सेवा में भी अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकें। अंत में ग्रामीणों ने भी डॉ भगत को कहा की विगत 20 वर्षों से एक ही परिवार का आदमी सत्ता पर कब्जा जमाए हुए है, इस कब्जा को तोड़ने के लिए आप जैसे बुद्धिजीवी, शिक्षित एवं इमानदार व्यक्ति का आना समय की मांग है।

### शहद से स्फटिक के श्री श्यामेश्वर महादेव का किया गया रुद्राभिषेक



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर श्रवण माह के दूसरे सोमवारी के अवसर पर प्रातः से ही स्फटिक के श्री श्यामेश्वर महादेव के जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। जातव्य है कि श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में स्फटिक के महादेव विराजमान है। तीन बजे गौरी शंकर मीना देवी सरावगी के सुपुत्र अभिषेक सरावगी व सुपुत्री पायल सरावगी ने महादेव का महा रुद्राभिषेक अनुष्ठान करवाया। दूध दही गंगाजल गन्ना का रस आदि से अभिषेक किया गया। शुद्ध शहद से रुद्राभिषेक रूद्री पाठ के साथ किया गया। बाबा भोलेनाथ की जय जयकार से श्री श्याम मंदिर गूंजता रहा। बाबा को फल एवं मिष्ठान का भोग लगाकर आरती की गई। रुद्राभिषेक अनुष्ठान उत्सव के बाद श्री शिव परिवार विशेष कर स्फटिक के श्री रामेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। संध्या 6:00 बजे विशेष दर्शन के लिए भक्तों की कतार लग गई। केसरिया पेड़ा का भोग लगाया गया । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया अनिल नारनोली अभिषेक सरावगी श्याम सुंदर जोशी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### महादानी मंदिर में श्रृंगार पूजा का आयोजन

### दूसरी सोमवारी को पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में दूसरी सोमवारी को श्रावणी मेला और श्रृंगार पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति अद्भुत मिसाल प्रस्तुत किया। श्रृंगार पूजा के दौरान महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा ने महादानी बाबा का भव्य श्रृंगार कराया। यजमान के रूप में रंजीत कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी संगीता देवी एवं बच्चों रिद्धि और सिद्धि ने धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया। उन्होंने पवित्र जल एवं दूध से महादानी बाबा का अभिषेक किया। सफेद फूल, पान के पत्ते, धतूरा, भांग और विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से महादानी बाबा का श्रृंगार किया। वेद मंत्रोच्चार के बीच चंदन घिसकर त्रियुंड बनाया। जैसे-जैसे शाम ढली, वैसे-वैसे ही मंदिर में भजन-कीर्तन और श्रृंगार पूजा के दौरान रौनक चौगुनी हो गई। देर शाम को शुरू हुई श्रृंगार पूजा के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय टंडन, रामनाथ महतो, सोमा नायक, राजेन्द्र रौनियार, मदन राम, देवेन्द्र सिंह, पुरूषोत्तम यादव, विनोद कुमार, भजन सम्राट मोती लाल गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हरि कीर्तन एवं भजन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

# सावन के दूसरी सोमवारी पर शिवालयों में हुआ जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सावन के दूसरी सोमवारी पर खलारी के श्रद्धालुओं ने उपवास रखा तथा शिवालयों में जलाभिषेक किया। सोमवारी का उपवास रखने वालों में अधिकतर महिलाएं थी। श्रद्धालु नजदीक के शिवालयों में जाकर पूजा अर्चना किए और भगवान शिव को फूल, बेलपत्र, अक्षत, रोड़ी, प्रसाद चढ़ाया। क्षेत्र के पहाड़ी मंदिर, श्रीजानकी रमण मंदिर, अमृतनगर शिवालय, खलारी बाजारटांड, करकट्टा, धमधमिया नौ नंबर शिवालय आदि जगहों के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु आने लगे। शिवालयों में भक्तिगीत बज रहे थे। इधर देर शाम पहाड़ी मंदिर, श्रीजानकी रमण मंदिर, सहित कई शिवालयों में भगवान शिव का फूलमाला से विशेष श्रृंगार किया गया। दुग्ध, घी व जल से अभिषेक के बाद चंदन लेप किया गया। श्रृंगार पूजा में आरती की गई और प्रसाद बांटे गए।

## टाटा बिल्डिंग इंडिया निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सोमवार को टाटा समूह द्वारा आयोजित टाटा बिल्डिंग इंडिया निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 'स्मार्ट भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर कक्षा छह से कक्षा दसवीं तक के छह सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। टाटा बिल्डिंग इंडिया के कार्यकर्ता प्रिंस राजपूत की देखरेख में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता भारत की सबसे प्रतिष्ठित निबंध प्रतियोगिता है जो हर साल देश के चार सौ से अधिक शहरों के स्कूल में आयोजित की जाती है। यह युवाओं को प्रेरित करने और राष्ट्रनिर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टाटा समूह द्वारा की गई प्रमुख पहलों में से एक है।

## 50 एनसीसी कैडेट्स को मिला विशेष प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में एनसीसी कैडेट्स का विशेष प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में विद्यालय के 50 एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए। प्रशिक्षण देने के लिए तीन एनसीसी बटालियन रांची के सूबेदार विजय कुमार गुप्ता व हवलदार रवीन्द्र प्रताप आए हुए थे। प्रशिक्षण के बाद दोनों प्रशिक्षकों ने सांस्कृतिक महोत्सव 2024 की पुस्तकों को नए कलेवर के साथ लोकार्पण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह के अलावा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## मैदान से अवैध कब्जा हटाने को लेकर सीओ को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी अंजुमन इस्लामिया के लोगों ने खलारी एसीसी कॉलोनी के टी टू टाइप स्थित मैदान से अवैध कब्जा रोकने को लेकर खलारी अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अंजुमन इस्लामिया ने बताया कि खलारी प्रखंड कार्यालय परिसर से सटे नाला के पश्चिम उक्त मैदान को विगत कुछ दिनों से लगातार अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। अंजुमन इस्लामिया की ओर से दावा किया गया कि वर्ष 1937 खलारी सिमेंट फैक्ट्री के स्थापना काल के बाद से पैगंबर मुहम्मद (स.)के जन्म दिन पर उक्त मैदान में मिलाद और लंगरखानी का आयोजन होता आ रहा है। इस कार्यक्रम में 12 गांव के लोग उपस्थित होकर एक साथ मिलकर ईद-मिलादुन्नबी का आयोजन किया जा रहा है। यह भी दावा किया गया कि समुदाय की भावना का सम्मान करते हुए खलारी सीमेंट फैक्ट्री द्वारा उक्त स्थल (जमीन) को मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों को पैगंबर मुहम्मद साहब का मिलाद मनाने हेतु चिन्हित कर दिया गया था। इस जमीन पर हो रहे कब्जे पर रोक लगाने का आग्रह किया गया। अंचल अधिकारी ने ज्ञापन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगाने सहित कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन की प्रतिलिपि खलारी थाना पुलिस को भी दी गई है।

## मुख्यमंत्री का मिला प्रोत्साहन, आजीविका की ओर बढ़ते कदम

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था में व्यापक बदलाव का बिगुल फूंक रहीं महिलाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा राज्य की ग्रामीण महिला उद्यमियों के उत्पादों को पूरे साल बाजार एवं सम्मानजनक लाभ सुनिश्चित कराने तथा ग्रामीण महिलाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मार्केट लीडर के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति का शुभारंभ 29 सितम्बर 2020 को किया गया। आज उसका साकारात्मक परिणाम हमारे समक्ष है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्यान्वित किये जा रहे अभिनव प्रयास पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति के माध्यम से अब तक 29 विभिन प्रकार के उत्पादों को खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। तीन वर्ष से कम अवधी में कुल 3982.00 लाख रुपये की सकल बिक्री की जा चुकी है। पलाश ब्रांड में अपने कृषि उत्पादों की आपूर्ति तथा अन्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं बिक्री के कार्यों से अब तक राज्य के स्वयं सहायता समूहों की एक लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़ कर अपने आय में वृद्धि कर रहीं हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हुए इसे मुख्यधारा से जोड़ रहीं हैं।



### ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी लाने का लक्ष्य तय

मुख्यमंत्री ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धन परिवारों को गरीबी के कुचक्र से बाहर निकालने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेज गति से विकास और वृद्धि सुनिश्चित करना लक्ष्य तय किया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इस बड़े बदलाव हेतु सखी मंडल से जुड़ी राज्य की लाखों ग्रामीण महिला उद्यमियों के द्वारा निर्मित उत्पादों को बाजार में उचित स्थान एवं अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए ग्रामीण महिला कृषकों एवं उद्यमियों को उनके ही ग्रामीण परिवेश में नयी तकनीक, प्रशिक्षण, पूंजी, उद्यमिता के कौशल, उत्पाद संकुल, संग्रहण, भण्डारण, प्रसंस्करण, उत्पादन, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग प्रक्रिया ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से तैयार किया जा रहा है।

### एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल राजेश ठाकुर से मिला

**रांची।** एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमल ठाकुर के नेतृत्व मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को ठाकुर को बताया कि एचईसी के पास आज भी 1200 करोड रुपए का कायार्देश है लेकिन कार्यशील पूंजी के अभाव में उत्पादन ठप्प है तथा बंदी के कगार पर है, 1600 ठेका कर्मियों को सितंबर 2023 से काम से हटा दिया गया है। कर्मियों का 24 महीना का वेतन बकाया चल रहा है। वेतन नहीं मिलने के कारण पीएफ तथा पेंशन का पैसा नहीं मिल रहा है। एचईसी कर्मियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# गोलू कच्छप हत्याकांड में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा और जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने सोमवार को गोलू कच्छप हत्याकांड में दोषी पति-पत्नी और पिता-पुत्र सहित कुल चार दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने प्रेम प्रसंग में गोलू कच्छप की हत्या के मामले में सुभाष गोसाई उर्फ फंटुश गोसाई उसकी पत्नी प्रिया देवी, सोहराई गोसाई एवं उसका बेटा विकास कुमार को सजा सुनाई है। सभी डोरंडा थाना क्षेत्र के बड़ा घाघरा निवासी हैं। घटना को लेकर बुंडू थाना में 10 अगस्त, 2019 को चौकीदार मदन लोहरा ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उल्लेखनीय है कि 08 अगस्त, 2019 को डोरंडा थाना क्षेत्र के बड़ा घाघरा निवासी गोलू कच्छप की हत्या हथौड़ा एवं तलवार से मारकर कर दी गई थी। दस अगस्त को बुंडू के कांची नदी पर उसका शव मिला था। पुलिस ने 28 अगस्त को चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस हत्याकांड के पीछे की वजह यह है कि गोलू और प्रिया के बीच प्रेम प्रसंग था। बाद में प्रिया की शादी बड़ा घाघरा के ही सुभाष गोसाई से हो गई थी लेकिन शादी के बाद भी गोलू और प्रिया का मिलने-जुलने का सिलसिला जारी रहा। साजिश के तहत सुभाष ने गोलू को प्रिया के माध्यम से घर बुलाया और घटना का अंजाम दिया। हत्या के बाद शव को स्कॉर्पियो में लादकर कांची नदीं में फेंक दिया था।

संसेक्स
81,355.84 +23.12
डॉलर
83.758 +0.036
रांची सर्राफा
10 ग्राम 64,950
01 किलो 89,000

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 30 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक-178, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10




टेंडर कमीशन घोटाला

### ईडी की टीम तिवारी की तलाश में गढ़वा पहुंची

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले की जांच को लेकर ईडी की टीम सोमवार को गढ़वा पहुंची। ईडी की टीम ने फरार चल रहे आरोपी हृदयानंद तिवारी के घर पर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस से सुरक्षा मिलने के बाद ईडी की टीम आरोपी के घर पहुंची थी। जानकारी के अनुसार, आरोपी हृदयानंद तिवारी के खिलाफ 25 जुलाई को इश्तेहार जारी किया गया है और अगले 30 दिनों के अंदर हाजिर होने के लिए कहा गया है।

### एससी ने नई आरक्षण नीति पर पटना एचसी के फैसले को ठहराया सही

**पटना।** सर्वोच्च न्यायालय ने नई आरक्षण नीति के फैसले पर पटना हाईकोर्ट के फैसले का समर्थन किया है। मुख्य याचिकाकर्ता भागवत शर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में 65 प्रतिशत आरक्षण मामले में सोमवार को सुनवाई थी। कई सीनियर वकील हमारी तरफ से सम्मिलित हुए थे। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की बेंच ने 65 प्रतिशत आरक्षण मामले में पटना हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि संविधान के खिलाफ हो रहे कार्य को रोका गया है और ये आगे भी जारी रहेगा।

आज | कल




# बांग्लादेशी घुसपैठ और पाकुड़ कॉलेज में छात्रों की पिटाई पर झारखंड विस में हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन के अंदर और बाहर भाजपा विधायकों ने राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ, मुस्लिम तुष्टिकरण और पाकुड़ के कॉलेज हॉस्टल के छात्रों की पुलिस द्वारा पिटाई के मुद्दे पर जोरदार हंगामा किया। सदन के मुख्य द्वार पर भी विधायकों ने इन मुद्दों से जुड़ी तख्तियां लेकर नारे लगाए और धरना दिया। दूसरी तरफ झामुमो-कांग्रेस के विधायकों ने बांग्लादेशी घुसपैठ के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए नारेबाजी की। हंगामे की वजह से स्पीकर को सदन की कार्यवाही दोपहर 12.30 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पाकुड़ की घटना को लेकर भाजपा विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो हंगामा कर रहे विधायकों से सीट पर बैठने का आग्रह करते रहे, लेकिन विधायकों पर कोई असर नहीं हुआ। हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पाकुड़ की घटना का जिक्र करते हुए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि बीते 18 जुलाई को एक आदिवासी परिवार को पीटा गया। इसका वीडियो भी है। अपराधियों पर कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में आदिवासी हॉस्टल के छात्र आंदोलन करने को तैयार हुए। लेकिन प्रशासन ने हॉस्टल में घुसकर छात्रों को बेरहमी से पीटा। उनमें से कई का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण संथाल परगना में रोज घटनाएं हो रही हैं। न्यायालय ने भी कहा है कि डेमोग्राफी चेंज हो रहा है। ऐसे में जरूरी है कि सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित करे। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि पूर्व में भाजपा की सरकार थी, तब क्या कर रहे थे? इस बार भाजपा वाले बांग्लादेशी घुसपैठ को मुद्दा बनाना चाह रहे हैं। कांग्रेस की ही शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अगर बांग्लादेशी घुसपैठ कर रहे हैं तो यह नेशनल सिक्योरिटी का मामला है, आखिर केंद्र की मिनिस्ट्री क्या कर रही है? झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक सुदिव्य सोनू ने कहा कि भाजपा के लोग झारखंड को बांट रहे हैं।

## झामुमो का सदन के बाहर प्रदर्शन




**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन के बाहर झामुमो विधायकों ने भी प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर भाजपा विरोधी नारे लगाए गये। सभी जेएमएम विधायकों के हाथों में तख्ती थी, जिसमें लिखा था कि झारखंड और झारखंडी विरोधी भाजपा हाय हाय, संथाल है वीरों की धरती जब अंग्रेजों को नहीं छोड़ा तो तुम्हारी क्या हस्ती। हेमंत है तो हिम्मत है। झारखंडी झुक कर जोहर करता है अस्तित्व पर बात आए तो हूल के साथ वार करता है। हेमंत को झुका ना सके तो झारखंड तोड़ने चल पड़े मिट जाओगे। कैसे लिया झारखंड लड़ के लिया झारखंड आदि स्लोगन लिखे हैं। विधानसभा सत्र शुरू होने के पूर्व सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी प्रदर्शन किया और भाजपा सांसद निशिकांत दूबे के बयान के विरोध में नारे लगाये।

### घुसपैठ के मुद्दे पर सदन के बाहर विपक्ष का धरना

झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को विपक्ष के सदस्य विधानसभा सदन के बाहर धरने पर बैठ गए। वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ के जरिए मुस्लिम आबादी बढ़ाना बंद करो, आदिवासी बहन बेटियों के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देने वाली हेमंत सरकार शर्म करो लिखी तख्तियों के साथ उन्होंने धरना दिया और नारेबाजी की। भाजपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लगाये। पाकुड़ में छात्रावास में हमले का भी विरोध किया।

## संताल में आदिवासियों की जनसंख्या घट रही : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 26 जुलाई की रात को पाकुड़ में पुलिस ने कॉलेज के छात्रों को बेरहमी से पीटा और उन्हें लहूलुहान कर दिया। इसका केवल एक ही कारण था कि कॉलेज के लड़के और ट्राइबल ऑगेर्नाइजेशन बांग्लादेशी घुसपैठियों के सवाल पर 27 जुलाई को धरना पर बैठने वाले थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से संताल परगना में डेमोग्राफी बदल रही है, खासकर आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है उससे आज आदिवासी प्रताड़ित हो रहे हैं। मामले को दबाने के लिए पुलिस ने देर रात जाकर **शेष पेज 09 पर**

### झारखंड में एक भी बांग्लादेशी नहीं देखा : हफीजुल

इसका जवाब देते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि संताल परगना को सिर्फ चुनाव को प्रभावित करने के लिए विपक्ष आधार बना रहा है। हम भी देखना चाहते हैं कि बांग्लादेशी कैसे होते हैं। अभी तक हमने एक भी बांग्लादेशी झारखंड में नहीं देखा। बिहारी घुसपैठिया कैसे होगा। पहले झारखंड बिहार का हिस्सा था। उस वक्त हर कोई बिहारी था। जब हमारा जन्म हुआ तब हम भी बिहारी थे।

## राष्ट्रपति मुर्मू पांच से दस अगस्त तक फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की यात्रा पर जाएंगी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 5 से 10 अगस्त तक फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की राजकीय यात्रा करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवलिली काटोनीवरे के निमंत्रण पर 05-06 अगस्त को फिजी का दौरा करेंगी। यह भारत के किसी राष्ट्राध्यक्ष की फिजी की पहली यात्रा होगी। राष्ट्रपति मुर्मू वहां राष्ट्रपति कैटोनीवरे और प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, राष्ट्रपति मुर्मू न्यूजीलैंड की गवर्नर डेम सिंडी कीरो के निमंत्रण पर 7-9 अगस्त को न्यूजीलैंड का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू 10 अगस्त को राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता के निमंत्रण पर तिमोर-लेस्ते का दौरा करेंगी।

## झारखंड विधानसभा में हंगामे के बीच 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरूआत हंगामे के साथ हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से सदन के बाहर हंगामा किया गया। विधानसभा में विपक्ष के भारी हंगामे के बीच वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने 4833.39 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को 1114 करोड़, पंचायती राज विभाग को 756 करोड़, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को 584 करोड़, गृह विभाग को 494 करोड़, एसटी/एससी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को 429 करोड़ आवंटित किया गया है। मंगलवार को इस पर चर्चा की जाएगी, जिसके बाद बजट पास होगा। सोमवार को सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू होनी थी लेकिन 11:10 बजे कार्यवाही शुरू हुई लेकिन फिर हंगामे **शेष पेज 09 पर**

## पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का निधन मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का धनबाद में सोमवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनकी मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। कुछ माह पहले ही उन्हें दिल्ली में इलाज के लिए ले जाया गया था। उस वक्त वह बाथरूम से गिर गये थे। बच्चा सिंह सूर्य देव सिंह के भाई थे। बिहार से अलग होकर जब झारखंड बना तो वह बाबूलाल मरांडी की सरकार में मंत्री थे। बच्चा सिंह झारिया से विधायक रह चुके हैं। वह कभी सिंह मेंशन के **शेष पेज 09 पर**

## हेमंत सोरेन की बेल रद्द करने की ईडी की याचिका एससी में खारिज

हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत को निरस्त करने की मांग वाली ईडी की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है और इसमें हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने ईडी की याचिका को निष्पादित कर दिया है। बता दें कि हाई कोर्ट के सिंगल बेंच ने 28 जून को हेमंत सोरेन को कुछ शर्तों के साथ रेगुलर बेल दी थी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि यह पूरा मामला संभावनाओं पर आधारित है। इस केस में ईडी ने अब तक इस बात का कोई पक्का सबूत पेश नहीं किया है कि 8.86 एकड़ जमीन के कब्जे में हेमंत सोरेन की कोई सीधी भूमिका है। यह भी साबित नहीं होता कि इसकी आड़ में सोरेन ने कोई अपराध किया है। एजेंसी ने हाईकोर्ट के इस आदेश को चुनौती देते हुए हेमंत सोरेन की जमानत रद्द करने की मांग की है। हाई कोर्ट से जमानत के बाद हेमंत सोरेन 28 जून की शाम रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से बाहर आए थे और इसके बाद सातवें दिन उन्होंने एक बार फिर सीएम पद की शपथ ली थी। इसके पहले ईडी ने उन्हें 31 जनवरी को जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था। वे पांच महीने जेल में रहे।

### जमीन कारोबारी कमलेश कुमार ईडी के 5 दिनों की रिमांड पर

**रांची।** धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को जमीन कारोबारी कमलेश कुमार की रिमांड पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक ने कोर्ट से यह आग्रह किया कि कमलेश से पूछताछ के लिए दस दिनों की रिमांड दी जाए। इसके बाद कोर्ट ने ईडी को कमलेश को पांच दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ के लिए अनुमति दी है। रिमांड अवधि मंगलवार से शुरू होगी। इससे पहले 27 जुलाई को कोर्ट ने कमलेश को न्यायिक हिरासत में होटवार कारागार भेज दिया था।

## राज्य सरकार दो महीने के अंदर पेसा कानून को नोटिफाई करे : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दो महीने के अंदर पेसा कानून (द प्रोविजन ऑफ द पंचायत-एक्सटेंशन टू शेड्यूल एरिया-एक्ट) की नियमावली नोटिफाई करने का आदेश दिया है। यह आदेश एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की बेंच ने सोमवार को आदिवासी बुद्धिजीवी मंच सहित अन्य की ओर से जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया। कोर्ट ने अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायती राज की व्यवस्था वाले इस कानून को अब तक लागू न किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। इस याचिका पर पहले भी हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया था। कोर्ट में प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता तान्या सिंह ने बहस की। बता दें कि झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग ने हाल ही में राज्य में पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 या पेसा के प्रावधानों को लागू करने के लिए व्यापक सार्वजनिक परामर्श के लिए ड्राफ्ट जारी किया था। ड्राफ्ट के मुताबिक राज्य के 13 जिले पेसा रूल्स के अधीन होंगे। इन जिलों में रहने वाले लोग ग्राम सभाओं के माध्यम से स्वशासन कर सकेंगे। ग्राम सभाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सार्वजनिक संपत्ति, ग्राम रक्षा, बुनियादी ढांचे आदि के लिए स्वयं समितियां बना सकेंगी। ड्राफ्ट में वन भूमि, लघु जल निकायों, **शेष पेज 09 पर**

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।


आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

इंडिया

## दिल्ली की कोचिंग दुर्घटना से सभी को सीख लेनी चाहिए


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस स्टडी (कोचिंग) सेन्टर के बेसमेंट में अचानक बारिश का पानी घुस जाने से चार घंटे से अधिक समय तक फंसे रहने से तीन छात्रों की मौत हो गई। इससे पहले मुखर्जी नगर दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में (15 जून 2023) को लगी आग से बचने के लिए खिड़की से निकलकर जान बचानी पड़ी जिसमें 60 छात्र घायल भी हुए। कोचिंग सेंटर में दुर्घटना होना, आत्महत्या करना आज आम है। जांच के आदेश होते हैं किंतु होता कुछ नहीं। कोचिंग सेंटर चलाने वाले भारी प्रभावशाली है, दूसरे हमारी व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी है, पैसे के सामने इंसान की मौत की फाइले कूड़े में चली जाती हैं, फिर एक नई दुर्घटना घटती है, फिर जांच होती है। शनिवार को कई छात्र कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी में थे कि अचानक पानी भर गया और उसमें तीन छात्रों की तड़पकर मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बेसमेंट मेन




अनुमति स्टोर के लिए थी, लाइब्रेरी के लिए नही। दिल्ली हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर में 2023 को लगी आग की घटना का स्वयं संज्ञान लिया, कोर्ट ने दिल्ली सरकार, दिल्ली फायर सर्विस डिपार्टमेंट, दिल्ली पुलिस और एमसीडी को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। कोर्ट ने फायर सर्विस डिपार्टमेंट को निर्देश दिया कि वो ऐसे सभी संस्थानों में आग से बचाव के उपायों (फायर सेफ्टी ऑडिट) और उनके फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की जांच करे। ये आदेश दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 जून 2023 को दिए। जांच ये भी होनी चाहिए कि कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में क्या हुआ? स्पष्ट है कि ये जांच नहीं हुई। राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न शहरों में वैध झअवैध कोचिंग संस्थान चल रहे हैं जिनमें स्कूली बच्चों से लेकर बड़े तक पढ़ते हैं। यहां भी फायर सेफ़्टी ऑडिट की आवश्यकता है साथ ही बच्चों की बड़ी संख्या कि देखते हुए सुरक्षा को ध्यान में रखकर अनापत्ति पत्र जारी करने की परंपरा शुरू होनी चाहिए क्योंकि ये कोचिंग संस्थान भरी संख्या में नामांकन लेते हैं और अधिकांशतः उन भवनों की संरचना उस भीड़ को ध्यान में रखकर नहीं बनाई जाती । सूत्रों के अनुसार दिल्ली में तीनों बच्चे बाहर इसलिए नहीं निकल पाए क्योंकि दरवाजे का इलेक्ट्रॉनिक लॉक बिजली नहीं रहने से जाम हो गया था । आजकल देखादेखी घरों से लेकर ऑफिस तक में सेफ़्टी इलेक्ट्रॉनिक लॉक लगाने की होड लगी हुई है जो पश्चिमी देशों में इसलिए सफल है क्योंकि वे सुरक्षा के उच्च मानकों का कड़ाई से पालन करते हैं और एमरजेंसी का बैकअप भी रखते हैं जबकि अपने राज्य या देश के अनेक भागों में पैसे देकर एनओसी बनवा लिए जाते हैं जो अत्यंत खतरनाक साबित हो सकता है । अनेक इलेक्ट्रॉनिक लॉक वाली गाड़ियां भी दुर्घटना के बाद पूरी तरह जल गईं हैं जिसके अंदर बैठी सवारियाँ भी साथ में जलकर राख हो गईं । बीते एक दशक में दिल्ली सहित झारखंड में कोचिंग सेंटरों की बाढ़ आ गई है। ज्यादातर घरों में या तो कोचिंग सेंटर चल रहे हैं या फिर लाइब्रेरी या पीजी बनाकर संपत्ति मालिक चांदी काट रहे हैं लेकिन नगर निगम को शुल्क देने में अब भी कतराते हैं। इन संपत्तियों का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। ज्यादातर इमारतों को कोचिंग संस्थान में बदलने के लिए भवन उपनियमों का उल्लंघन किया गया है। तय मानकों को नजरअंदाज कर कमरों को हाल में तब्दील कर दिया गया है। इसके चलते कई इमारतें ढांचागत रूप से कमजोर भी हो गई हैं। यूपीएससी, एसएससी आदि की तैयारी करने वाले छात्र कोचिंग संस्थान संचालकों की मनमानी के खिलाफ आवाज नहीं उठा पाते। इन्हें क्लास में भेड़-बकरियों की तरह ठूंस कर पढ़ाया जाता है। 25 मई 2019 को गुजरात के सूरत के एक कोचिंग में आग लगने से 22 छात्र की मौत के बाद गुजरात सरकार ने अग्नि सुरक्षा निरीक्षण किए जाने तक गुजराज सरकार ने राज्य के सभी निजी कोचिंग केंद्रों को बंद करने का आदेश दिया था। सरकार ने स्कूलों, कॉलेज, कोचिंग सेंटरों, अस्पतालों, शॉपिंग मॉल और अन्य व्यावसायिक भवनों के अग्नि सुरक्षा निरीक्षण का भी आदेश दिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने दिल्ली के सभी कोचिंग सेंटरों का अग्नि सुरक्षा निरीक्षण करने का निर्णय लिया था। उस समय भी आदेश हुए थे। जांच हुई। नियमों के विपरीत चलने वालों को नोटिस देकर कार्रवाई पूरी कर दी गई।

## असम लोक सेवा आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष राकेश को 14 साल की जेल




**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) के बहुचर्चित कृषि विकास अधिकारी भर्ती घोटाले में दोषी करार दिये गये 32 लोगों को सोमवार को असम की विशेष कोर्ट ने सजा सुनाई है। एपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष राकेश पाल को 14 साल की सजा और दो लाख रुपये नकद का जुमार्ना सुनाया गया है। जबकि एपीएससी सदस्य बसंत कुमार दलै और समेदुर रहमान को 10-10 साल कैद की सजा और 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस मामले में शेष 29 राजपत्रित अधिकारियों को 4-4 साल की कैद और 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना सुनाया है। दरअसल, वर्ष 2017 में भांगागढ़ थाने में एक असफल अभ्यर्थी ने एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि राकेश कुमार पॉल के चेयरमैन रहते हुए कृषि विकास अधिकारियों की नियुक्ति के नाम पर बड़े पैमाने पर धन का लेन-देन हुआ। इस संबंध में दर्ज मामले के आधार पर राकेश कुमार पाल समेत कई **शेष पेज 09 पर**

*'मासूम धड़कन' पहल सफलतापूर्वक पूरा करने वाला राज्य का पहला निजी हॉस्पिटल बना मेडिका*

# हृदय में छेद के 13 मरीजों को निःशुल्क लगाया डिवाइस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल, रांची ने 'मासूम धड़कन' कार्यक्रम के तहत एक ऐसा अनूठा कार्य किया है, जो निजी अस्पतालों की दुनिया के लिए अनोखा है। इसके तहत मरीजों के हृदय में छेद को बिना चीरफाड़ के डिवाइस लगाकर बंद किया गया। इस कार्यक्रम के सूत्रधार कार्डियोलॉजिस्ट डॉ धनंजय कुमार ने सोमवार को बताया कि कुछ समय पहले दिल में छेद की बीमारी से पीड़ित एक पांच साल का बच्चा उनसे मिला, जिसे राज्य सरकार द्वारा राज्य से बाहर के अस्पताल में चिकित्सा के लिया भेजा जा रहा था। परंतु, वह मरीज किन्ही कारणों से वहां नहीं पहुंच पाया और परिणाम यह हुआ की अब उसके दिल का छेद बंद नहीं किया जा सकता। इससे उसकी आयु काफी कम हो जाएगी।

डॉ धनंजय ने कहा, तब मैंने यह निश्चय किया कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे राज्य से दिल के मरीजों का पलायन रुके। इस सोच को साथ लेकर मेडिका प्रबंधन जैन समाज के अध्यक्ष पूरणमल जैन ने मिलकर पहल की रूपरेखा रखी।

डॉ धनंजय ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि तीन साल के बच्चे से लेकर छत्तीस साल तक के 13 मरीजों के दिल के छेद को इस चिकित्सा विधि से सफलतापूर्वक बंद किया गया। इन मरीजों को निःशुल्क डिवाइस लगाया गया। सबसे चुनौतीपूर्ण बीस वर्षीया लड़की के 44 एमएम हृदय में छेद को सबसे बड़ी साइज 46 एमएम डिवाइस से सफलतापूर्वक बंद किया गया। डॉ सुनील कुमार ने कहा कि कई मरीजों को डिवाइस लगाना संभव नहीं था। उनकी जांच कर ऑपरेशन की तिथि निश्चित की गई है। डॉ रोहित कुमार ने बताया कि वे तीन दिनों तक कैथ लैब में लगातार मौजूद रहे और मरीजों की हर स्थिति पर ध्यान रखा।

*तीन साल के बच्चे से लेकर छत्तीस वर्ष के मरीजों तक का किया गया सफल इलाज*




डॉ वीके जैन और पद्म कुमार जैन ने बताया कि जैन समाज आगे भी ऐसी पहल करता रहेगा। उन्होंने झारखंड सरकार से अपील की कि वे सरकार की तरफ से हृदय रोगियों को दूसरे राज्यों में न भेजें। मेडिका, रांची में सभी प्रकार की सुविधाएं और अनुभवी डाक्टरों की टीम उपलब्ध है। तेरह सफल डिवाइस क्लोजर इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। 'मासूम धड़कन' पहल की सफलता पर मेडिका कोलकाता के प्रसिद्ध अग्रणी बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार संघवी ने बधाइयां दी। उन्होंने कहा, इस मानवता से भरी पहल को भविष्य में भी मिलकर आगे बढ़ाएंगे। 'मासूम धड़कन' पहल को सफल बनाने में डॉ अमित प्रकाश चंद्र, डॉ लता भट्टाचार्य, डॉ अलका, क्रिटिकल केयर की टीम का योगदान सराहनीय रहा। मौके पर हॉस्पिटल डायरेक्टर आबिद तौकीर, डीजीएम डॉ दीपक मल्लिक और ब्रांड-मीडिया हेड भारती ओझा आदि उपस्थित थे।

## हृदय रोग के गंभीर मरीजों का राज्य में ही इलाज कराए सरकार डॉ. विजय मिश्र

राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने पूछा कि मेडिका हॉस्पिटल सरकार से किस प्रकार की सहायता चाहती है, तो मेडिका के मेडिकल डायरेक्टर डॉ विजय कुमार मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री और भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग के पास गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए फंड होता है। राज्य सरकार वैसे मरीजों का चयन कर उन्हें इलाज के लिए बड़े-बड़े महानगरों में भेजती है। मरीजों का सारा खर्च राज्य सरकार स्वयं वहन करती है। जबकि, झारखंड का मेडिकल जगत किसी अन्य राज्यों के मुकाबले कम नहीं है। अतः राज्य सरकार को चाहिए कि दिल के छेद और दिल के अन्य रोग को गंभीर बीमारी की श्रेणी में ले। मेडिका इन बीमारियों का सफलतापूर्वक इलाज कर रही है। ऐसे मरीजों को दूसरे राज्यों में भेजने के बजाए राज्य सरकार उन्हें मेडिका में भेजे। ताकि, स्वास्थ्य के क्षेत्र में पलायन रुके और झारखंड आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मरीजों का निजी अस्पताल में इलाज कराने पर एक मरीज पर लगभग 3 लाख रुपये का खर्च आता है। गरीबों के लिए इलाज संभव हो, इसके लिए राज्य सरकार को राज्य में इलाज कराने की आवश्यक पहल करनी होगी।

### दूसरी सोमवारी को रांची के सभी शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

# पहाड़ी मंदिर में 80 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सुबह से लेकर रात तक सावन की दूसरी सोमवारी पर भक्तों का भीड़ रही। रांची के पहाड़ी मंदिर में लगभग 80 हजार भक्तों ने बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक किया। सुबह अहले तीन बजे पूरे सनातनी विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर सेक्रेटरी मनीष रंजन, उपायुक्त राहुल सिन्हा, सदर अनुमंडल प्राधिकारी उत्कर्ष कुमार, रांची पहाड़ी विकास समिति के अध्यक्ष एनएन पांडेय, राजेश साहू, बादल सिंह के जरिये संयुक्त रूप से पूजा की गई। पूजा के बाद अरघा लगा कर सभी भक्तों के लिए पट खोला गया। बोलबम के जयकारों से पहाड़ी मंदिर गूंज उठा । पहाड़ी बाबा तक जाने वाले मार्ग में सभी भक्तों के लिए कूलर लगाया गया था। पूरे मंदिर परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया गया। समिति के सचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि भक्तों के बीच महाप्रसाद को लेकर काफी उत्साह था, सभी भक्त कतारवद्ध हो कर महाप्रसाद ले रहे थे। सभी भक्तो से प्रसाद को लेकर सुझाव भी लिया गया।





रांची पहाड़ी विकास समिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने बताया कि लगभग 10 मोबाइल की चोरी की सूचना मिली है। मंदिर समिति की तत्परता से सात मोबाइल फोन को प्राप्त कर फोन मालिक को सौंप दिया गया। सभी भक्तों से अनुरोध किया गया कि महंगे आभूषण पहन कर भीड़-भाड़ में ना आएं।

पहाड़ी मंदिर में अरघा से भक्तों ने जलाभिषेक किया। संध्या में पहाड़ी बाबा का विशेष श्रृंगार और छप्पन भोग के साथ महाआरती की गई। इस दौरान सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। डीएसपी प्रकाश सोय, सुखदेवनगर थाना प्रभारी मनोज कुमार लगातार मंदिर में सुरक्षा का जायजा लेते देखे गए। वहीं, दूसरी ओर चुटिया के सुरेश्वर धाम, कोकर, लालपुर, डोरंडा, बरियातू, हिनू, हरमू, थड़पकना सहित अन्य शिवालयों में भी सोमवार सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तो की भीड़ रही। सभी ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की मांग की।




## फैशन प्वॉइंट का फेस्टिव एंड वेडिंग शॉपिंग प्रदर्शनी कल से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फैशन प्वॉइंट का दो दिवसीय फेस्टिव एंड वेडिंग शॉपिंग एग्जिबीशन होटल कैपिटल हिल में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन 31 जुलाई और 1 अगस्त को होगा। यहां लोग आने वाले सारे पर्व-त्यौहार, रक्षाबंधन, तीज, दुर्गा पूजा, दिवाली, के साथ-साथ वेडिंग की शॉपिंग कर सकते हैं। फैशन प्वॉइंट एग्जिबीशन में प्रीमियम ब्रांड और बड़े डिजाइनर्स के साथ शॉपिंग का आनंद ले सकते हैं। यहां एक साथ देश भर के मशहूर डिजाइनर्स के कलेक्शन को देखने का मौका मिलेगा।

*होटल कैपिटल हिल में होगा आयोजन*

फैशन प्वॉइंट की रीना अग्रवाल, प्रीति केजरीवाल, सारिका अग्रवाल ने बताया कि फेस्टिव एंड वेडिंग शॉपिंग एग्जिबीशन में एसपी ज्वेलर्स, दुबई से सेलिब्रिटी डिजाइनर ज्वेलरी मिनी ज्वेल्स मायूरी के इमिटेशन और इम्प्रेशन (डिजाइनर और मैन्युफैक्चरर ऑफ हाई स्टेटमेंट फैशन ज्वेलरी), एसएस ज्वेलर्स (फैक्ट्री आउटलेट), जयपुर से डायमंड पोलकी ज्वेलरी, जयपुर से ही जड़ाऊ और कुंदन मैन्युफैक्चरर, दिशा ज्वेलर्स, सूरत से सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी और कैरेट्स एंड क्राउंस (लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी), ऐपेरल डिजाइनर मुंबई, के अलावा दिल्ली, कोलकाता, वाराणसी, पंजाब से आ रहे हैं। इसके साथ ही, नारी कलेक्शन रियल मूंगा, चंदेरी, लिनेन, कोरा, लाइट और हेवी सिल्क, महेश्वरी साड़ी, दुपट्टा के स्पेशल कलेक्शन देख सकते हैं। वहीं, स्टालों में सूट्स, लहंगा, वेस्टर्न, इंडो वेस्टर्न, पार्टी वियर, वेडिंग कलेक्शन, किड्स वियर, होम डेकोर, डिजाइनर राखियों के कई स्टॉल उपलब्ध होंगे। मौके पर रीना अग्रवाल, प्रीति केजरीवाल, सारिका अग्रवाल आदि उपस्थित थीं।

## न्यूज बॉक्स

### डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य हुए सम्मानित



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के वोकेशनल टीचर एसोसिएशन ने डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा को डोरंडा महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर सम्मानित किया। वहीं वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अवधेश ठाकुर और रांची विश्वविद्यालय वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के रांची विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी ने उन्हें पुस्तक देकर सम्मानित किया।

### कर्मचारी चेतना जागरण कार्यक्रम पर हुई चर्चा



**रांची।** जिला के नगड़ी प्रखंड के कार्यकारिणी का गठन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। साथ ही कर्मचारी चेतना जागरण कार्यक्रम पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। कर्मचारियों ने झारोटेफ/एनएमओ पीएस के उपलब्धियों पर भी बड़े उत्साह से चर्चा में भाग लिए। सभा की अध्यक्षता झारोटेफ/एनएमओपीएस के प्रांतीय समन्वयक (रांची जोन) सह सेवानिवृत कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक मिथिलेश कुमार सहाय द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों ने प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए राजेश्वर यादव को चुना। साथ ही प्रखंड सचिव पद पर मो जाहिद इकबाल, उपाध्यक्ष पद के लिए जयंती कुजूर का चयन हुआ कोषाध्यक्ष के पद पर हरीनाथ पांडे एवं प्रखंड संयुक्त सचिव के पद पर मुन्नावती साहू को मनोनीत किया गया।

### डीएसपीएमयू कुड़मालि विभाग के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**रांची ।** 27-28 जुलाई 2024 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) रांची पीजी तथा यूजी अंतिम वर्ष के छात्रों ने दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर गये। छात्र प. बंगाल के पुरूलिया जिला के ऐतिहासिक पंचकोट महाराजा के झालदा, केसरगढ़, कांसीपुर एवं गड़पंचकोट स्थित राजमहल एवं किला का भ्रमण किया। भ्रमण की शुरूआत पंचकोट महाराजा के द्वितीय राजधानी झालदा से शुरूआत की गई। झालदा में स्थित महाराजा के राजदरबार का सभी छात्रों ने गहन अध्ययन किया, जो कि लगभग 1500 वर्ष पुराना माना जाता है। यहां से सभी छात्र-छात्राएं इसके केसरगढ़ स्थित राजधानी गये। वहां कई राजघराना के किलों के अवशेष का निरीक्षण किया। इसके बाद विद्यार्थी पंचकोट महाराजा के कांसीपुर स्थित राजधानी में स्थित राजबाड़ी का भ्रमण किया।

### शैक्षणिक भ्रमण पर गयी छात्राओं ने मुख्यमंत्री का आभार जताया



**रांची।** गुमला जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ की गयी 'गिफ्ट ऑफ एजुकेशन' कार्यक्रम के तहत जिले के 26 प्रतिभावन छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए इसरो भेजा गया। भ्रमण में सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेंस कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, एकलब्य आवासीय विद्यालय एवं आश्रम विद्यालय की छात्राएं थी। उन्हें इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्री हरिकोटा एवं चेन्नई के विभिन्न स्थानों पर भेजा गया। यह शैक्षणिक भ्रमण 21 जुलाई से प्रारंभ हुई जो 24 जुलाई को संपन्न हुआ। शैक्षणिक भ्रमण से वापस आने के बाद छात्राओं ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। इन 26 छात्राओं का चयन जिला स्तरीय साईंस ओलम्पियाड में प्रदर्शन के आधार पर किया गया। साथ ही सभी छात्राओं के जिला गुमला से रांची एवं चेन्नई आवागमन की व्यवस्था बसों एवं वायुयान के माध्यम से की गयी।

## जेपीएससी ने निकाली 170 रेंजर व 78 सहायक वन संरक्षक की रिक्तियां

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वन विभाग में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने बड़े पैमाने पर वेकैंसी निकाली है। नियुक्ति की प्रक्रिया 29 जुलाई से शुरू हो रही है। जेपीएससी ने वन क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) के 170 पद और सहायक वन संरक्षक के 78 पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दोनों पदों के लिए 29 जुलाई से 10 अगस्त तक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगा गया है। इसके लिए योग्यता, उम्र सीमा, आरक्षण मापदंड आदि आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

इस भर्ती में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी विस्तार से जेपीएससी की वेबसाइट पर देख सकते हैं। जेपीएससी ने पीटी परीक्षा की तारीख की घोषणा कर दी है। वन क्षेत्र पदाधिकारी और सहायक वन संरक्षक के पद के लिए 18 अगस्त को प्रारंभिक परीक्षा ली जाएगी। वन क्षेत्र पदाधिकारी की परीक्षा सुबह दस बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। वहीं, सहायक वन संरक्षक की परीक्षा दोपहर दो बजे से चार बजे तक आयोजित की जाएगी। पीटी में ऑब्जेक्टिव प्रश्न होंगे, जो सामान्य अध्ययन से जुड़े 150 अंकों का होगा।

आयोग द्वारा निर्धारित पदों के 10 गुना से कम अभ्यर्थी होने पर सीधे मुख्य परीक्षा लेने की घोषणा की गई है। इसमें चयन के लिए अभ्यर्थियों को प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार शारीरिक परीक्षण, चिकित्सीय परीक्षण से गुजरना होगा। दोनों पदों के लिए कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, जंतु विज्ञान, गणित, भूगर्भ शास्त्र, भौतिकी, पशुपालन व पशु चिकित्सा विज्ञान, रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान में से किसी एक में स्नातक या सिविल, मैकेनिकल केमिकल में किसी एक में इंजीनियरिंग की डिग्री होना अनिवार्य है।

### आईआईसीएम में कैपेसिटी बिल्डिंग पर प्रशिक्षण का हुआ अयोजन

**रांची।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट (आईआईसीएम) रांची, में कोल इंडिया के वित्त विभाग के अधिकारियों की कैपेसिटी बिल्डिंग एंड नॉलेज शेयरिंग के लिए दो दिवसीय मैराथन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में वित्त पेशेवरों के लिए क्षमता निर्माण के महत्व पर जोर दिया। क्षमता निर्माण पर आईआईसीएम में चल रही श्रृंखला के हिस्से के रूप में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और इसकी सहायक कंपनियों के वित्त अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य वित्त पेशेवरों के ज्ञान को बढ़ाना और उन्हें उनके क्षेत्र में नवीनतम विकास पर जानकारी देना है।

## अग्निवीर भर्ती रैली : 1120 उम्मीदवार शारीरिक दक्षता परीक्षा में हुए शामिल

*मौसम को ध्यान में रखते हुए दौड़ सुबह में शुरू हुई।*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेना भर्ती रैली के तीसरे दिन सोमवार को 1120 युवाओं ने दमखम दिखाया। अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए रांची जिले के अभ्यर्थी खेलगांव के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। सेना भर्ती रैली में लगभग 1120 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। मौसम को ध्यान में रखते हुए दौड़ सुबह में शुरू हुई। रांची जिले के जांबाज युवाओं ने पूरे जोश और जुनून का परिचय दिया। अभ्यर्थियों से बातचीत के दौरान भर्ती निदेशक कर्नल विकास भोला ने विशेष जानकारी के तहत बताया कि ऑनलाइन फॉर्म भरते समय हुई कुछ एक गलतियों के कारण फिजिकल टेस्ट में सफल होने के बावजूद भी अभ्यर्थी दस्तावेजों की अंतिम जांच में भर्ती चयन प्रक्रिया से बाहर हो रहे है। उन्हें बताया गया कि ऑनलाइन फॉर्म में वही दस्तावेज दर्शाएं, जो वास्तव में अभ्यर्थी के पास हैं, जैसे कि एनसीसी सर्टिफिकेट, खेलकूद प्रमाण पत्र या अन्य कोई प्रमाण पत्र, जिससे अभ्यर्थी को भर्ती परीक्षा में बोनस अंक का लाभ मिल रहा हो। कर्नल ने बताया कि सेना की भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता पर आधारित है। इस भर्ती प्रक्रिया में धोखेबाजी की कोई भी गुंजाइश नहीं है।

उन्होंने सभी उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे दलालों के झांसे में न आएं और अपनी काबलियत पर विश्वास रखें। वही उन्हें सफल बनाएगा।




### बीएयू में खरीफ अनुसंधान परिषद की बैठक का समापन

# फसलों की क्षमता व उपज के बीच की खाई पाटें : डॉ. शर्मा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के उप महानिदेशक डॉ टीआर शर्मा ने विभिन्न फसलों की क्षमता और वास्तविक उपज के बीच की खाई को पाटने के लिए कृषि अनुसंधान में जैवप्रौद्योगिकी, जीनोम एडिटिंग, मार्कर असिस्टेड ब्रीडिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन आदि नवीनतम तकनीकों के इस्तेमाल करने पर जोर दिया। सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में खरीफ अनुसंधान की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न फसल किस्मों की क्षमता और वास्तविक उपज के बीच 30-40 प्रतिशत का गैप है तथा कीड़ों, रोगों के कारण एवं उचित पैकेज प्रणाली के अभाव में कटाई के बाद के चरण में उत्पादों की समुचित हैंडलिंग नहीं होने से 25-30 प्रतिशत उत्पादन बर्बाद हो जाता है। सभी शोध प्रयासों का मूल उद्देश्य उत्पादन में बृद्धि द्वारा किसानों को अधिक संपन्न बनाना है। इसलिए सभी प्रौद्योगिकी को किसानों की जरूरतों के अनुरूप पैकेज प्रणाली के रूप में उपलब्ध करना चाहिए।




डॉ शर्मा ने कुलपति से अनुरोध किया कि अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तियां की जायें क्योंकि जिन परियोजनाओं में लम्बे समय से रिक्तियां पड़ी है। उन्हें आइसीएआर द्वारा समाप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में आइसीएआर के आधा दर्जन शोध केंद्र कार्यरत हैं। बीएयू को उनकी सहभागिता से परियोजना प्रस्ताव तैयार कर फंडिंग एजेंसियों को समर्पित करना चाहिए क्योंकि बिना समुचित निधि और आरए, एसआरएफ जैसे परियोजना स्टाफ के गुणवत्तायुक्त अनुसंधान संभव नहीं हो पाता। कुलपति डॉ एससी दुबे ने स्वागत भाषण करते हुए डीडीजी डॉ टीआर शर्मा के वैज्ञानिक अवदानों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान के लिए उपलब्ध राशि को समुचित प्रक्रिया अपनाते हुए यथासमय उपयोग करना होगा कवैज्ञानिकों को करियर में बढ़ने के लिए प्रतिकूलताओं के बावजूद सतत काम करते रहना चाहिए।

### चार किलो गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रांची।** रांची के रातू थाना पुलिस ने चार किलो 148 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में गौतम कुमार सिंह और धीरज कुमार सिंह शामिल है। दोनों बिहार के नवादा जिले के रहने वाले है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने सोमवार देर शाम सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रातू थाना के गोकुल नगर तिलता में राजेन्द्र यादव के एस्बेटस के घर में गांजा का खरीद बिक्री किया जा रहा है। सूचना के बाद डीएसपी अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व में उक्त स्थान पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान किराये में रहने वाले दो लोगों को पकड़ा गया। उनके पास से गांजा बरामद किया गया।

## डीपीएस विद्यार्थियों का कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में शानदार प्रदर्शन


तनीष


सार्थक


धीरज


नमन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने एक बार फिर अपनी आसाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर तनीश राजगढ़िया ने 800 में से 776 अंक हासिल किया एवं टॉपर बने।

इसके अलावा शिवांगी कुमार (स्कोर 770), नमन (स्कोर 770), धीरज बियानी (स्कोर 770), सार्थक अग्रवाल (स्कोर 763), लक्ष्य अरविंद (स्कोर 759), प्रखर अदुकिया (स्कोर 758), त्रिशिता रंजन (स्कोर 753), एंजल जैन (स्कोर 728), आयुषी शर्मा (स्कोर 727), दिव्यानी (स्कोर 724), दिशा सिंह (स्कोर 722), यशवी श्रीवास्तव (स्कोर 722), दक्षा तायल (स्कोर 722), नमन बियानी ( स्कोर 714), मिमांशा सिंह (स्कोर 704), कल्पना कुमारी (स्कोर 704), तनीषा अग्रवाल (स्कोर 698), शारदा कुमारी (स्कोर 601) ने भी अपनी सफलता से विद्यालय का परचम लहराया है । इस अवसर पर डीपीएस रांची के प्रभारी प्राचार्य डॉ आरके झा ने छात्रों की उपलब्धियों पर खुशी और गर्व व्यक्त किया। उन्होंने सफल छात्रों को बधाई दी और उनके समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की।

# कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने किया वेल में हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**विधानसभा की कार्यवाही सोमवार को शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर के कहने पर भी जब नहीं माने तो उन्होंने हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही 12.30 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले विधानसभा में मंत्री हफिजुल हसन ने बाबूलाल मरांडी के बयान पर कहा कि राज्य में घुसपैठ का कोई मामला नहीं है। यह भाजपा का सिर्फ चुनावी स्टंट है। उन्होंने कहा कि संताल में भाजपा के जनधार चूक गया है। इसलिए बौखला कर भाजपा इस तरह का काम कर रही है। मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि राज्य में कहां घुसपैठिए हैं। केंद्र सरकार की कोई एजेंसी इसकी जांच कर रिपोर्ट दे।**






## आदिवासियों की घटती आबादी पर एसआईटी गठित करे राज्य सरकार या केंद्र को भेजे प्रस्ताव : मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर एकबार बांग्लादेशी घुसपैठियों के सवाल पर राज्य सरकार को घेरा। मरांडी मानसून सत्र के दौरान सोमवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अविलंब एसआईटी गठित कर आदिवासियों की घटती जनसंख्या के कारणों की जांच कराए। नहीं तो केंद्र सरकार को जांच कराने के लिए अनुशंसा कर प्रस्ताव भेजे। मरांडी ने कहा कि पूरे राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों ने जगह बना ली है। संथाल परगना में तो यह स्पष्ट दिखाई पड़ रहा। पूरे संथाल परगना क्षेत्र की डेमोग्राफी ही बदल चुकी है। 1951 से 2011 के बीच लाखों की संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में आए हैं। उन्होंने कहा कि 1951 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में एसटी आबादी 36 प्रतिशत, हिंदू 87.9 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 8.9 प्रतिशत थी, जो 2011 में एसटी 26 प्रतिशत मुस्लिम 14.5 प्रतिशत और सनातनी हिंदू 81.7 प्रतिशत पहुंच गई। उन्होंने कहा कि केवल संथाल परगना क्षेत्र की जनगणना के आंकड़ों को देखा जाय तो 1951 में यहां एसटी आबादी 44.67 प्रतिशत, मुस्लिम आबादी 9.44 प्रतिशत और अन्य 45.2 प्रतिशत थी, जो 2011 में क्रमशः 28.11 प्रतिशत, 22.73 प्रतिशत और 49.2 प्रतिशत हो गई। मरांडी ने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि मुस्लिम आबादी में अप्रत्याशित वृद्धि और आदिवासियों की आबादी में अप्रत्याशित कमी आई है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित आदिवासी समाज हुआ है। इनकी केवल जनसंख्या ही नहीं घटी, बल्कि इनकी बेटी, रोटी और माटी खतरे में है। भविष्य में अनुपातिक आधार पर आरक्षण में भी कटौती की संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे गंभीर मामले पर राज्य सरकार वोट बैंक की राजनीति में लिप्त है। आदिवासी का दंभ भरने वाले मुख्यमंत्री केवल कुर्सी के लिए चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार इस मुद्दे को सड़क से सदन तक उठा रही है।

## आदिवासी की अस्मिता खतरे : अमर बाउरी

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन के बाहर झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का बयान व्यक्तिगत है। व्यक्तिगत बयान की जवाबदेही उनके खुद की है। आज हमारी मांग है कि बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण पूरा डेमोग्राफी चेंज हो गया है। बाउरी ने कहा कि झारखंड में आदिवासी की अस्मिता खतरे में है। माटी, रोटी खतरे में है। इसके खिलाफ आवाज उठाने वालों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली सरकार रात के अंधेरे में घुसकर लहूलुहान करके हॉस्पिटलाइज करने का काम कर रही है। पूरे संताल में हूल की बिगुल बज चुकी है। इन बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध और इनको संरक्षण देने वाले जेएमएम, कांग्रेस के विरोध में हूल कर दिया है।

## मुझे शर्म आती है कांग्रेस की सोच पर : विरंची



इससे पहले एक तरफ सत्ता पक्ष के विधायक निशिकांत दुबे के संसद में दिए गए बयान पर भाजपा को घेरते नजर आई तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा के विधायक बदलती डेमोग्राफी और पाकुड़ की घटना को लेकर हमलावर दिखाई दिए। सदन के बाहर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से जमकर नारेबाजी हुई और धरना दिया गया। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कांग्रेस विधायक नेहा शिल्पी तिर्की के बयान पर कहा कि इसका सबसे अच्छा जवाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर हैं, जो बिहार से आते हैं, इसका मतलब वह घुसपैठिए हैं। मंत्री रामेश्वर उरांव भी बिहार से ही हैं तो उनको भी घुसपैठिया कह देंगे। मुझे शर्म आती है कांग्रेस की ऐसी सोच पर, मैं इसकी घोर निंदा करता हूं।

## संताल की डेमोग्राफी चेंज कर रही सरकार : रणधीर



विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि जहां-जहां इंडी गठबंधन की सरकार है, वहां पर यह लोग बांग्लादेश की सीमा को खोल देते हैं। इनको वोट बैंक बढ़ाना है। सारठ विधानसभा क्षेत्र में अब बांग्लादेश से लोग भर चुके हैं। पूरी संताल की डेमोग्राफी चेंज करने में यहां की सरकार लगी हुई है। वहां पर केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करके जल्द से जल्द नियम लागू करने चाहिए। कांग्रेस पार्टी हमेशा से झारखंड बिहार के लोगों को अलग करने का काम करती रही है। कांग्रेस विधायक ने ऐसा बयान देकर कांग्रेस की मानसिकता को दशार्या है। यदि बिहार से पर अन्य प्रदेशों से लोग यहां आते हैं और नागरिक हैं तो उनका वोट भी चाहिए कांग्रेस को और उनको ही गाली भी देंगे।

## झारखंड का अस्तित्व मिटाना चाहती है भाजपा : प्रदीप यादव



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का दूसरा दिन सोमवार को हंगामेदार रहा। सदन के बाहर और अंदर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे पर जमकर निशाना साधा। प्रदीप यादव ने भाजपा पर झारखंड का विभाजन करने का आरोप लगाया। उनका इशारा भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर था। उन्होंने कहा कि झारखंड के अस्तित्व को भाजपा मिटाना चाहती है। जम्मू-कश्मीर को भी इनलोगों ने बांटने की कोशिश की। चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि बांग्लादेशी घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं, बच्चा पैदा कर रहे हैं। ये आदिवासी महिलाओं का अपमान है। इसके लिए इन्हें क्षमा मांगनी होगी।

## अमित शाह से करिए सवाल, कैसे हो रहा घुसपैठ : राजेश कच्छप



कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि भाजपा शुरू से ही डिवाइड एंड रूल की पॉलिसी पर विश्वास करती है। झारखंड में भी वह डिवाइड रूल की पॉलिसी को लाना चाहती है। राजेश कच्छप ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की मानसिकता ही है, 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भी उनके पूर्वजों ने भी अंग्रेजों का साथ दिया था और गुलामी किया था। उस समय के भी स्वतंत्रता सेनानी को भी डिवाइड एंड रूल से बांटने की कोशिश की थी। यही पॉलिसी भाजपा देश और झारखंड में करना चाहती है। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि घुसपैठ वाला मुद्दा भाजपा का इस बार प्रमुख मुद्दा है। उन्होंने कहा कि हमारा बस यही कहना है कि बीजेपी वाले अमित शाह को क्यों गाली दे रहे हैं। जब अमित शाह के जिम्मे बॉर्डर की सुरक्षा है, अमित शाह का पूरा फोर्स वहां लगा हुआ है, जिसके नाम पर वो राजनीत करते हैं, बांग्लादेश का नाम सामने आ रहा है और यदि आप बांग्लादेश घुसपैठियों की बात कर रहे हैं तो आप अमित शाह पर सवाल उठा रहे हैं। आखिर विदेशी बिना परमिशन कैसे आ रहे हैं। आप अमित शाह से सवाल कीजिए। आप झारखंड में हल्ला क्यों कर रहे हैं।

## अरे भाई आपको बांग्लादेशी से क्या नफरत है : इरफान अंसारी



मंत्री इरफान अंसारी ने कहा भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। हमें लोगों के विकास की चिंता है। राज्य में बांग्लादेशी मुद्दा नहीं है। हमलोग किसी भी बाहरी को घुसने नहीं दे रहे हैं। जो लोग बौखलाए हैं उनसे कहना चाहता हूं कि आंकड़ा दीजिए। उन्होंने आगे काहा कि भाजपा फर्जीवाड़ा का एक्सपर्ट है। पता नहीं ये लोग कहां से लाते है। क्या लाते है। थोडा सा इंतजार कीजिए हमलोग इसको आंकड़ा में बैठाएंगे। हमारे पास ब्लॉक में बहुत बहालियां है। कहेंगे कि आंकड़ा का काउंटिंग कराएंगे। पता करो कहां है कोन है। यहीं काम है इनका। ग्रामिणों में काम चाहिए इसके लिए लगा हूं दिन रात काम कर रहा हूं। 24 घंटा जगा रहता हूं। हमलोग विकास के बारे में सोच रहे है। दिन भर बांग्लादेशी- बांग्लादेशी अरे भाई आपको बंग्लादेशी से क्या नफरत है भाई। बिजली बंग्लादेश में बेच रहे हो आदिवारसा का जमीन आप ने छिन लिया, मुसलमानों का कोयला आप ले जा रहे हो। अगर अमित शाह का फौज कमजोर पड़ गया है तो हमको बताए वहां झारखंड का फौज जाएगी। इरफान अंसारी का फौज जाएगी वहां। हमारी सरकार की पुलिस जाएगी वहां हम रक्षा करेंगे। कौन कहा घुस रहा है ये हमारा प्रोबलम नहीं है। बोर्डर का काम तो मेरा नहीं है। कहां कोई घुस रहा है तो अमितशाह जवाब दें।

## आजसू का सदस्यता महाअभियान शुरू

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की सदस्यता अभियान का प्रारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से किया गया। आजसू यह अभियान पूरे राज्य भर के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चलाएगी। सदस्यता अभियान के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा एवं निर्मल महतो की चित्र पर माल्यार्पण करके सदस्यता अभियान की शुरूआत की। शुभारंभ के दौरान आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि आजसू का मूल्य उद्देश्य युवाओं को संगठित करना है। पहले आजसू के बैनर तले छात्र और युवा राज्य अलग करने के लिए संगठित हुए थे। आज राज्य के युवाओं एवं छात्र-छात्राओं के हक और अधिकार के लिए संगठित करने का प्रयास कर रही है। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में चलाए जाने वाले सदस्यता अभियान के जरिए छात्र-छात्राओं को संगठित करने एवं उनके हक अधिकार के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# सहायक पुलिसकर्मियों की मानदेय वृद्धि पर सरकार का जवाब स्पष्ट नहीं : विनोद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों की मानदेय वृद्धि और नियुक्ति में प्राथमिकता को लेकर सरकार का जवाब स्पष्ट नहीं है। इस पर सरकार ने जवाब देते हुए कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों के विभिन्न मांगों के संदर्भ में सरकार द्वारा गठित समिति में शामिल विधायक और सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधि के साथ हुए समझौता के क्रम में कार्रवाई जारी है। विनोद सिंह ने पूछा था कि क्या सरकार सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा विस्तार, मानदेय वृद्धि और स्थायी नियुक्ति में प्राथमिकता देने का विचार रखती है? सरकार के साथ हुए समझौते के बाद सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन स्थगित कर दिया। सरकार के प्रतिनिधि के साथ हुई बातचीत के बाद यह तय हुआ कि सहायक पुलिसकर्मियों के मानदेय में 30 फीसदी की बढ़ोत्तरी की जाएगी। मतलब करीब 3000 रुपये की बढोत्तरी मानदेय में प्रतिमाह सहायक पुलिसकर्मियों की बढ़ोत्तरी हो जायेगी। साथ ही उन्हें सिपाही की तर्ज पर छुट्टी भी दी जाएगी। सिपाही की तर्ज पर वर्दी भत्ता भी दिया जाएग। अगले एक वर्ष के लिए सहायक पुलिसकर्मियों का होगा सेवा विस्तार होगा।



*विनोद सिंह ने पूछा था कि क्या सरकार सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा विस्तार, मानदेय वृद्धि और स्थायी नियुक्ति में प्राथमिकता देने का विचार रखती है?*

### मांडर में फायर स्टेशन स्थापित करें : शिल्पी नेहा

**कोंग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर में फायर स्टेशन स्थापित करने को ले कर सरकार से सवाल पूछा। सरकार के तरफ से इस सवाल पर जवाब टाल दिया गया। इसबीच अध्यक्ष ने कहा कि अगर इसकी व्यवस्था हो जाए तो अच्छा।**

# राज्य में लैंड सर्वे पूरा करने में देरी क्यों : झारखंड हाई कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाताष रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में लैंड सर्वे का काम वर्षों से लंबित रहने पर ने कड़ी नाराजगी जताई है। सुनवाई के दौरान सोमवार को कोर्ट ने मौखिक राज्य सरकार से पूछा कि झारखंड में लैंड सर्वे पूरा करने में क्यों देरी हो रही है। कोर्ट ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए पूछा है कि झारखंड में लैंड सर्वे का काम कब तक पूरा होगा? झारखंड के कौन-कौन जिलों में लैंड सर्वे का काम पूरा हो चुका है और किन-किन जिलों में लैंड सर्वे का काम पूरा होने में और कितना समय लगेगा इसकी भी जानकारी कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी है। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 1980 से झारखंड में लैंड सर्वे का काम चल रहा है, 40 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन राज्य सरकार लैंड सर्वे का काम अब तक पूरा नहीं कर सकी है। लैंड सर्वे पूरा नहीं होने से जमीन माफिया एक्टिव हो चुके हैं, वे जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी कर जमीन का नेचर बदलकर इसकी खरीद-बिक्री कर रहे हैं, जिससे राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। झारखंड में लैंड सर्वे पूरा करने को लेकर दाखिल गोकुल चंद की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य में लैंड सर्वे की प्रक्रिया वर्ष 1980 से शुरू हुआ है। सिर्फ धनबाद में लैंड सर्वे का काम पूरा हो पाया है। सरकार ने बताया है कि लातेहार में भी लैंड सर्वे का काम पूरा हो गया लेकिन उसे अभी प्रकाशित नहीं किया गया है। लैंड सर्वे का काम वर्ष 1980 से सरकार की ओर से चलाया जा रहा है, जो कब तक पूरा होगा यह पता नहीं है। इसलिए एक समय सीमा निर्धारित की जानी चाहिए।

# फाइलेरिया को खत्म करने के लिए सभी को दवा खाना अनिवार्य: शाही




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फाइलेरिया की बीमारी को अगर जड़ से खत्म करना है तो गर्भवती महिलाएं गंभीर रुप से बीमार व्यक्तियों और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को छोड़कर सभी लोगों को वर्ष में एकबार फाइलेरिया रोधी दवा खाना होगा। इस दवा का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है। केवल इस बात का ध्यान रखना है कि इस दवा को खाली पेट नहीं खाना है। अगर किसी व्यक्ति को दवा खाने स`उल्टी आना, या उल्टी जैसा लगना, चक्कर आना या हल्के बुखार की शिकायत होती है तो उससे घबराने की जरूरत नहीं है। इसके लिए सभी सरकारी अस्पताल तथा दवा प्रशासकों के पास दवा उपलब्ध है। ये प्रतिकूल प्रभाव कुछ समय के बाद स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं। ये बातें आज सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम की बैठक में निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं, झारखंड डॉ सीके शाही ने कही। इस कार्यक्रम में नौ जिलों के जिला वीबीडी पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और जिला वीबीडी सलाहकार भी उपस्थित थे।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित लंबित कार्यों को लेकर दिए निर्देश

# भारत निर्वाचन आयोग का झारखण्ड दौरा अगले माह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) सह राज्य पुलिस नोडल अधिकारी, सभी रेंज आईजी, सभी डीआईजी, सभी उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षकों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक की। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को भी आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों एवं मतदाता सूची के प्रकाशन संबंधी गतिविधियों के संबंध में विशेष रूप से निर्देश दिए गए। उनके द्वारा



सोमवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचन संबंधी विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग का झारखण्ड दौरा भी अगले एक माह के अंदर संभावित है, इस के लिए सभी राज्य स्तरीय अधिकारी, जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अपने जिला से संबंधी सभी निर्वाचन विषयों की सुव्यवस्थित तैयारी करते हुए रिपोर्ट तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए अद्यतन परिस्थितियों के अनुरूप विधानसभा चुनाव की तैयारियों का ससमय खाका तैयार कर लें। मतदाता सूची प्रकाशन, विधि व्यवस्था, वाहन प्रबंधन, अनुग्रह अनुदान आदि को लेकर उन्होंने पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने भी सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के लिए अपने स्तर से कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विधि-व्यवस्था के संधारण हेतु आवश्यक पुलिस बल की संख्या आकलन करने, हेलीपैड की स्थिति एवं वनरेबल मतदान केंद्रों की अद्यतन सूची तैयार करने को कहा। दोनों अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, सभी रेंज आईजी, सभी डीआईजी, सभी उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### नव नियुक्त राज्यपाल से मिले संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सोमवार को झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल आदरणीय संतोष गंगवार से नई दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान उनके साथ झारखंड के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उनके सफल कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दिया।

### चेक बाउंस में एक वर्ष का जेल व 24 लाख का जुर्माना

**रांची।** सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में दोषी दिए गए अमित कुमार सोनी को एक वर्ष की सजा और 24 लाख का जुमार्ना लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माना की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे अमित सोनी ने चेक दिया था। यह राशि उस चेक के बदले देय होगी जो बाउंस हो गया। दरअसल अमित सोनी ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के 19 लाख 85 हजार के दो अलग अलग चेक दिया था जो बाउंस कर गया था। इसके बाद अजय जैन ने कोर्ट की शरण ली थी। अजय जैन ने सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज करवाया था जिस पर ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट जेनिस मिंज की कोर्ट में सुनवाई हुई। अजय जैन की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने बहस की।

### सुदेश महतो ने हिमंता विस्वा सरमा से की मुलाकात



**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के भाजपा सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा से मुलाकात की है। यह मुलाकात दिल्ली में हुई है। सुदेश कुमार महतो ने इस बाबत सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर तस्वीर साझा की है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि नई दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा से मुलाकात की। इन दौरान राज्य की मौजूदा राजनीतिक हालात और आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

### हेमंत को सुप्रीम कोर्ट से राहत : मंत्री दीपक बिरुआ बोले सच सामने आया

**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट से मिली जमानत को निरस्त करने की मांग वाली ईडी की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर झारखंड सरकार में मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता और सच समय से पहले सबके सामने आ ही जाता है। भाजपा की मंशा झारखंड को अस्थिर करने और लोगों को परेशान करने की थी। लेकिन, वह अपनी मंशा में कामयाब नहीं हो पाए। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी क्लीन चिट दे दी। हम कोर्ट के निर्णय का सम्मान करते हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोला और कहा, झारखंड को बनाने के लिए बहुत सारे लोगों ने अपनी कुबार्नी दी है।

### गोलू कच्छप हत्याकांड में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा और जुमार्ना

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने सोमवार को गोलू कच्छप हत्याकांड में दोषी पति-पत्नी और पिता-पुत्र सहित कुल चार दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। अदालत ने प्रेम प्रसंग में गोलू कच्छप की हत्या के मामले में सुभाष गोसाई उर्फ फंटुश गोसाई उसकी पत्नी प्रिया देवी, सोहराई गोसाई एवं उसका बेटा विकास कुमार को सजा सुनाई है। सभी डोरंडा थाना क्षेत्र के बड़ा घाघरा निवासी हैं। घटना को लेकर बुंडू थाना में 10 अगस्त, 2019 को चौकीदार मदन लोहरा ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उल्लेखनीय है कि 08 अगस्त, 2019 को डोरंडा थाना क्षेत्र के बड़ा घाघरा निवासी गोलू कच्छप की हत्या हथौड़ा एवं तलवार से मारकर कर दी गई थी। दस अगस्त को बुंडू के कांची नदी पर उसका शव मिला था। पुलिस ने 28 अगस्त को चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस हत्याकांड के पीछे की वजह यह है कि गोलू और प्रिया के बीच प्रेम प्रसंग था।

### जमीन घोटाला मामले में छवि रंजन और विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर अगली सुनवाई 12 को

**रांची ।** चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाला मामले के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। रांची के बड़गाईं अंचल के चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था।

### कांके राजकीय प्लस टू विद्यालय में अनियमितता का अरोप, डीईओ से की शिकायत



**रांची ।** सोमवार को युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल युवा आजसू नेता दीपक दुबे के नेतृत्व में रांची जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला। वहीं कांके राजकीय प्लस टू विद्यालय में नामांकन में हो रही है अनियमितता को लेकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के दीपक दुबे ने कहा कि रांची जिला के बहुत सारे दसवीं पास छात्र-छात्राएं अभी भी नामांकन के लिए इधर-उधर भटकने को विवश है। जहां भी नामांकन के लिए जा रहे हैं वहां उन्हें यह कहकर वापस भेज दिया जा रहा है कि इन सभी विद्यालयों में सीटों फूल हो चुकी है। ऐसे ही विद्यालय में एक कांके का राजकीय +2 उच्च विद्यालय है, जहां कांके क्षेत्र के लगभग सैकड़ो छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट में नामांकन से वंचित हैं। छात्र-छात्राओं को सीट खाली रहते हुए भी उन्हें सीटों की संख्या भर जाने का हवाला देकर बिना नामांकन लिए वापस भेज दिया जा रहा है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध किया कि इस मामले को गंभीरता से लें। कांके राजकीय+2 उच्च विद्यालय के प्राचार्य को नामांकन प्रक्रिया जारी रखने का आदेश दिया जाए। वहीं एडमिशन में हुई अनियमितता जांच की जाए ताकि उसे इलाके के छात्र छात्र-छात्राएं अपने आगे की पढ़ाई को सुचारू रूप से जारी रख सके।

## एक नजर

### झुमरीतिलैया बाईपास पर ओवरब्रिज लोगों के लिए बन गया अभिशाप

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया शहर के बाईपास में फोरलेन सड़क निर्माण में बनाया गया ओवरब्रिज लोगों के लिए अभिशाप साबित होने लगा है। इंदरवा चौक से लेकर बिशुनपुर रोड तक बने ओवरब्रिज ने वहां आजीविका, भूमि और सरकारी राजस्व पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। लोगों की सोच होता है कि किसी भी क्षेत्र में सड़क बनने से विकास होता है। लेकिन यह सोच झुमरी तिलैया बाईपास में उल्टा पड़ रहा है। लोगों का सोच था कि फोरलेन की सड़क का निर्माण होने से शहर का विकास होगा। हालांकि इसका विपरीत प्रभाव हुआ। शुरूआत में फोरलेन सड़क के निर्माण में राजमार्ग से स्थानीय दुकानों पर वाहनों के रुकने के लिए कोई कट नहीं दिया गया, जिससे इस रोड पर स्थित सभी व्यापार पर गहरा प्रभाव पड़ा।

### देश के विकास का आधार है डीवीसी

**जयनगर।** डीवीसी के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर काउंटिन्यूएटन में केटीपीएस के द्वारा महिला एथलीट मीट का आयोजन किया गया। महिला एथलीट में दर्जनों महिलाओं ने हिस्सा लिया। केटीपीएस की प्रथम महिला सीनियर जीएम दिलीप कुमार सिंह सह एचओपी की पत्नी नीलम सिंह ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। सौहार्दपूर्ण माहौल में केटीपीएस कॉलोनी की महिलाओं ने विभिन्न स्पधाओं जैसे शॉटपुट, जेवेलिंग थ्रो, रिले रेस आदि प्रतियोगिता में शामिल हुठ। विभिन्न खेलों में विजेता हुई महिलाओ को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नीलम सिंह ने केटीपीएस के 77 वे स्थापना दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डीवीसी, संयुक्त राज्य अमेरिका के टेनेसी वैली अथॉरिटी की तर्ज पर बना स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है।

### छात्र राजद की बैठक में विस चुनाव में भाजपा को परास्त करने का आह्वान

**झुमरी तिलैया ।** शहर के विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में छात्र राजद की बैठक हुई। बैठक में युवा राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद यादव ने कहा कि देश में नौजवानों को जाति-धर्म के नाम पर बांट कर छात्र-युवाओं के भविष्य को गर्त में धकेला जा रहा है। देश में बेरोजगारी विकराल रूप ले चुकी है। लेकिन बेरोजगारी के मुद्दे से भटकाने की हर मुमकिन कोशिश हो रही है। उन्होंने छात्र राजद की गतिविधि प्रखंड और पंचायत स्तर तक ले जाने का आह्वान किया। अध्यक्षता छात्र राजद के जिलाध्यक्ष जैकी यादव और संचालन विक्की सिन्हा,मो मुबारक ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में दर्जनों छात्रों ने पार्टी नेता सुभाष प्रसाद यादव के सामाजिक कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में आस्था व्यक्त कर सदस्यता ली।

शेफाली गुप्ता ने कटकमदाग प्रखंड की पंचायतों का किया दौरा, कहा

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को जोड़ने का प्रयास जारी

*मूलभूत समास्याओं के निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधानसभा के कटकमदाग प्रखण्ड के बेस पंचायत में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सोमवार को सघन दौरा किया। ग्रामीणों से मिलकर जनसमस्याओं से रूबरू हुई। इस दौरान बेस पंचायत भवन में जन चौपाल एवं संकलन कैंप लगाकर प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दिया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनाओं की जानकारी दिया। इस अवसर पर राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं विधवा पेंशन सहित कई जनसमस्याएं सुनी। केंद्रीय योजनाओं से संबंधित समास्याओं पर जल्द समाधान करने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। इस दौरान अन्य मुलभुत समास्याओं की निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बेस पंचायत वासियों ने ग्रामीणों की समास्याओं से रूबरू होने के लिए भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता का आभार जताया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने बेस पंचायत वासियों को संबोधित कर कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है। आपके हर समास्याओं की निवारण करूँ यही मेरी प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को जोड़ने का प्रयास लगातार जारी है। हमारी टीम पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। हमारी इस पहल से वास्तव मे जरूरतमंद कई परिवारे केंद्रीय योजनाओं से लाभान्वित भी हो चुके हैं। भविष्य में भी यह प्रयास लगातार जारी रहेगी। मौके पर विशेष रूप से बेस पंचायत मुखिया दीपक यादव, उप मुखिया घोजली महतो, भाजपा महामंत्री अरूण कुमार राणा, मनमीत अकेला, अमन शुक्ला, रानी शुक्ला, साहेब राणा, ओमप्रकाश राणा, बिजय लाल महतो, चंदन कुमार, वार्ड सदस्य रीना देवी एवं अकुल राम सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

8वें ताइक्वांडो चैंपियनशिप में डिवाइन पब्लिक स्कूल बना विजेता

## राजेश कुमार को बेस्ट ऑफ द प्लेयर्स के खिताब से नवाजा गया



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने 8वां ताइक्वांडो चैंपियनशिप जीत कर विजेता बने। विदित हो कि इस प्रतियोगिता का आयोजन कोडरमा जिला में गत 28.7.2024 को किया गया था जिसका उद्देश्य बेटियों को सुरक्षा प्रदान करना, मनोबल बढाना तथा उत्साह बढ़ाना है। इस आयोजन में कई विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। वहीं डिवाइन पब्लिक स्कूल के 42 बच्चों ने इस आयोजन में भाग लिया जिसमें से राजेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया। राजेश को बेस्ट ऑफ द प्लेयर्स पुरस्कार से नवाजा गया। साथ ही इसे 2100 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में आगरा जाने के लिए चयनित किया गया।वहीं इस स्कूल के सभी बच्चों ने मैडल हासिल किया और विजेता की श्रेणियां में अपना नाम दर्ज कराया। इसमें विद्यालय के 21 बच्चों ने गोल्ड मेडल, 14 बच्चों ने सिल्वर और 7 बच्चों ने ब्राउन मेडल प्राप्त किया। स्कूल को विजेता बनाने मे कोच गुलाम हसन की अहम भूमिका रही ।स्कूल के निदेशक डॉक्टर आईपी भारती ने बच्चों की सराहना की और कोच को धन्यवाद दिया।



## सावन की दूसरी सोमवारी पर 'हर हर महादेव' का उद्घोष

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में पवित्र महीना सावन माह के दूसरे सोमवारी के अवसर पर करियातपुर में शिवभक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान करियातपुर के छठ नदी से जल भरकर पूरे विधि विधान से ब्राह्मण अशोक पांडेय के मंत्र उच्चारण से जल संकल्प कर करियातपुर के सभी शिव मंदिर में बारी-बारी से शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। बाराटांड शिव मंदिर में पूजा अर्चना व आरती के बाद प्रसाद का वितरण कर यात्रा का समापन किया गया।विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन कुमार केसरी ने कहा कि करियातपुर में किसी भी कार्यक्रम में सभी सनातनी बंधु का काफी उत्सव देखने को मिलता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदन कुमार केसरी, कमलेश कुमार कुशवाहा, मुन्ना सोनी, शशि सोनी, सनी भगत वा अन्य का भरपूर सहयोग रहा। वहीं मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी, बजरंग दल सह संयोजक प्रदीप चंद्रवंशी भी इस यात्रा में शामिल हुए। मौके पर टिंकु केसरी, दीपक केसरी, संजीत सोनी, ललिता देवी, कुसुम देवी, ममता देवी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

फाहिमा अकादमी का 31वां स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** पगमिल स्थित फाहिमा अकादमी का 31 वां स्थापना दिवस पैराडाइस रिसोर्ट में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग डीआईजी सुनील भास्कर, समाजसेवी प्रदीप प्रसाद, और पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सय्यद शमायल अहमद मौजूद थे। कार्यक्रम कि सुरुवात स्कूल प्राचार्या फरहा फातमी के द्वारा स्कूल के संस्थापक स्व रफीक अंसारी को श्रद्धांजलि देकर किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चो के द्वारा अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये गए। प्राचार्या ने कहा कि स्कूली छात्रों द्वारा जितने भी कार्यक्रम पेश किये गये उसका उद्देश्य समाज को सीख देना है। महिला शाष्टीकरण, हिन्दू मुस्लिम एकता, मोबाइल बच्चो के लिए अभिशाप, डॉक्टर एक मसीहा, महत्वपूर्ण थे। स्कूल प्रबंधन और प्राचार्य के द्वारा स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार छात्र कक्षा बारहवीं से पायल कुमारी, कक्षा नौवीं से हिमांशु कुमार कक्षा छठवीं से समरीन साह कक्षा पांचवीं से मो मुद्देसीर को साईकिल देकर सम्मानित किया गया। साईकिल पाकर छात्र काफी प्रसन्न थे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में अभिभावक भी मौजूद थे, साथ ही चतरा और हजारीबाग के तीस से ज्यादा स्कूल के डायरेक्टर और प्रिंसिपल को सम्मानित किया गया।

## एसएल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया पूजन सामग्री का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास की दूसरी सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढ़वा महादेव स्थित मां वैष्णव मंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया गया। पूजन समाग्री वितरण कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरूआत हुई। जिसमें श्रद्धालुओं को दुध, फुल, बेलपत्र, माचिस एवं अगरबत्ती का वितरण किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं को भस्म भी लगाया गया। जिसकी शुरूआत एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष उर्मिला देवी ने पूजन सामाग्री वितरण कर किया। मुख्य रूप से एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, सुदेश चंद्रवंशी, झील सफाई समिति के सदस्य अरुण कुमार वर्मा, पंचरतन लाल गुप्ता एवं भैया असीम कुमार सहित कई गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर संस्थान के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा नेता सुदेश चंद्रवंशी ने कहा दान पुण्य करने से जीवन में चमत्कारिक बदलाव आता है। इससे बौद्धिक एवं समाजिकता की भाव का विकास होता है। मौके पर एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष उर्मिला देवी ने कहा कि श्रावन माह में दान पुण्य करना काफी सौभाग्य की बात होती है। सच्चे मन से इस तरह के दान पुण्य करें तो अभीष्ट लाभ की प्राप्ति होती है।

## राधा गोविंद विवि में एनसीसी ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया कारगिल विजय दिवस

*कारगिल विजय दिवस भारतीय इतिहास में साहस शौर्य, बलिदान, अनुशासन और एकता का प्रतीक है*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** विगत 26 जुलाई को राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में एनसीसी कैडेट द्वारा देश के वीर शहीदों को नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर कारगिल विजय दिवस की जयंती रजत महोत्सव बड़े पैमाने पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें 200 से अधिक एनसीसी कैडेट शामिल हुए। एनसीसी कैडेट्स ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय कैंपस से बड़ी संख्या में रैली निकालकर बुढाखुकरा एवं चेटर गावों का भ्रमण करते हुए (भारत माता की जय। वंदे मातरम।)जैसे देश भक्ति नारों से पूरा क्षेत्र गुंज उठा। यह दिवस भारतीय सैनिकों के गौरव और वीरता को फिर से याद करते हुए प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन. साह ने कारगिल युद्ध के बहादुरों को सम्मान करते हुए श्रद्धांजली अर्पित की और उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय इतिहास में साहस, शौर्य, बलिदान, अनुशासन और एकता का प्रतीक हैं। विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो. (डॉ) समरेंद्र नाथ साहा, उपकुलपति प्रो. (डॉ.) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ )निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो.( डॉ )अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को शत-शत नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी के एएनओ डॉ. अमन वर्मा, प्रदीप कुमार रजक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय छत्तरमांडू में पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक किया । बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों को जिले को भयमुक्त बनाने के लिए संगठित आपराधिक गिराहों के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने, अपराधियों के विरूद्ध सीसीए एक्ट के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों से कहा की वे अपने अपने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई करें ताकि जिलावासी निर्भीक होकर अपने दैनिक कार्य कर सकें। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मांडू, गोला, पतरातू के पुलिस निरीक्षक सहित सभी थाना और ओपी के प्रभारी उपस्थित थे।

### शिक्षा व खेल को आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में शामिल : सीके पांडेय



**बरकट्ठा।** समाज सेवी सह श्रीकांत मैथमेटिक्स हजारीबाग के निदेशक सी के पाण्डेय ने अपने बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पंचायतों के अगल अलग फुटबॉल टीम को एक-एक फुटबॉल वितरण कर उनका हौसला अफजाई किया । वहीं श्री पाण्डेय ने युवाओं को शिक्षा एवं खेल का महत्व बताते हुए लोगों को जागरूक किया। कहा की शारीरिक और मानसिक विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ खेल भी आवश्यक है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से उन्होंने नशापान एवं अनावश्यक मोबाइल के उपयोग से दूर रहने को कहा। इस अवसर पर कुल 35 फुटबॉल का उन्होंने वितरण किया साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी जल्द फुटबॉल वितरण करने की बात कहा। मौके पर रोहन पासवान, सुरेश पाण्डेय, सुरेश सिंह, रिंकू माली, सुरेश टुड्डू, सद्दाम अंसारी, मुकेश कुमार, जयराम कुमार, रवि यादव, मुकेश नायक, प्रदीप यादव, राहुल दास, अरुण दास, संजय पासवान, प्रदीप साव, अनिल पासवान, सरयु यादव, मुकेश भारती के साथ विभिन्न पंचायत के सैकड़ों खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### गरजामु से हज-ए-उमरा को लेकर जायरीन हुए रवाना



**बरही।** प्रखंड के गरजामु स्थित पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मो कयूम की मौसी मसोमात सादिमा खातून पति स्व. वाहिद अली हज-ए उमरा के लिए रवाना हुए। जायरीनों को मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने मक्का मदीना शरीफ पहुंच कर अमन चैन की दुआ मांगने की दरख्वास्त की। परिजनों व कस्बे वासियों ने फूल माला पहनाकर उन्हें विदा किया। लोगों ने हज-ए-उमरा पर जाने वालों के घर पहुंचकर माला पहनाकर उनका सम्मान किया और अपने हक में दुआ मांगने की अपील की। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम ने बताया कि साल में एक बार हज किया जा सकता है। लेकिन उमरा साल में कभी भी किया जा सकता है। मक्का, मदीना शरीफ की यात्रा नसीब वालों को ही मिलती है। इस दौरान पूर्व जीप सदस्या मुनेजा खातून, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, पंसस रमजान अंसारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### रामगढ़ जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर को नेशनल क्वालिटी एजुरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट



**रामगढ़।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मत्रांलय नई दिल्ली के एनएचआरएससी के पत्र के आलोक में आयुष्मान आरोग्य मंदिर मारंगमर्चा जिला रामगढ़ ने देश भर के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक को पूरा करते हुए पूरे देश भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने उच्च श्रेणी में 88.6 अंक के साथ अपना नाम दर्ज कर लिया है। 29 जुलाई को रामगढ़ जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मारंगमर्चा को एनक्यूएएस ( नेशनल क्वालिटी एजुरेंस स्टैनडर्ड ) के लिए आकलन किया गया था । जिसमें की मारंगमर्चा में उपलब्ध कराने वाली सेवाओं को 7 पैकेज के अधार पर आकलन किया गया जैसे की केन्द्र में गर्भा-अवस्था, परिवार नियोजन, किशोरा अवस्था, संचारी रोग एवं गैर संचारी रोग के साथ साथ सामान्य बीमारियों के ईलाज की सुविधाओं की उपलब्धता। 26 जुलाई को आयुष्मान आरोग्य मंदिर मारंगमर्चा को झारखण्ड में सबसे अधिक अंक 88.6 प्रतिशत के साथ छफ़ौ के सभी मानको को पुरा करते हुए एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि के साथ सरकार की ओर से आयुष्मान आरोग्य मंदिर मारंगमर्चा को तीन साल तक प्रतिवर्ष 1.5 लाख की राशि पुरस्कार के रूप में प्राप्त होगी जिसके उपयोग से स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से आम जनता को दी जाने वाले सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। सिविल सर्जन महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा बताया गया की यह हर्ष की बात है कि रामगढ़ जिलान्तर्गत पहला आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मारंगमर्चा को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट उपलब्धि प्राप्त हुई है एवं आने वाले समय में गुनवत्ता कोषांग एवं सारे स्वास्थ्य विभाग का ये प्रयास है कि रामगढ़ जिले में सभी आयुष्मान आरोग्य मदिंर को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट की उपलब्धि प्राप्त हो सके।

### मतदाता सूची सुधार और नए मतदाता पहचान पत्र बनाने का काम जारी : एसडीओ



**बरही ।** लोकतंत्र में मतदान एक नैतिक कर्तव्य ही नही अपितु एक अधिकार भी है. जिसे हर एक योग्य व्यक्ति को इसका उपयोग करना ही चाहिए. भारत का वैसा नागरिक जो पागल या दिवालिया नही हो और जिसकी उम्र 18 वर्ष हो चुका है वह मतदाता है. इसके लिए चुनाव आयोग ने सभी मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र निःशुल्क उपलब्ध करवाई है. अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ के अनुसार बरही अनुमंडल में आगामी विस चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य जारी है. 1 जुलाई को जिसने भी 18 वर्ष की उम्र प्राप्त कर लिया है, वह आगामी विस चुनाव में मतदान कर सकते है. उन्होंने बताया मतदाता सूची सुधार और नए मतदाता पहचान पत्र बनाने का काम जारी है. इसके लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ या ब्लॉक से संपर्क कर अपना नाम जुड़वा सकते है या त्रुटियों में सुधार करवा सकते हैं. जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जायेगा. 9 अगस्त तक कोई भी मतदाता सुधार या नए पंजीकरण कराये जा सकते हैं. इसके लिए वोटर कार्ड हेल्प ऐप का भी सहारा लिया जा सकता है।

## आस्था

### सावन की दूसरी सोमवारी पर 41 लीटर दूध, बेलपत्र का किया गया वितरण

## समाज में एकता और सेवा का संदेश देना ही हमारा कर्तव्य : चंद्र प्रकाश जैन

*हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि की मंगल कामना की*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर के समक्ष में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा सावन महीने के दूसरी सोमवारी के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच 41 लीटर दूध का वितरण किया गया साथ मे बेलपत्र का भी वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम पिछले तीन वर्षों से सावन के महीने में किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के बीच बाबा का जयकारा लगता रहा, सभी श्रद्धालुगण बम बम भोले, ॐ नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयकारों के बीच दूध,बेलपत्र प्राप्त कर रहे थे। वहीं तमाम श्रद्धालु पूजा अर्चना के बाद अपनी विभिन्न प्रकार की तस्वीरें खींचने में अति उत्साहित नजर आ रहे थे। वहीं वितरण कार्यक्रम के दौरान में कई समाजसेवी गण हौसला अफजाई करने के लिए स्टॉल पर पहुंचकर सदस्यों के साथ दूध का वितरण किया। वहीं हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख शांति समृद्धि के मंगल कामना की। ज्ञात हो की रविवार को हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा सामाजिक कार्य करते हुए शहीद स्मारक की साफ सफाई की गई। वहीं मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने सावन की दूसरी सोमवारी की सभी को शुभकामनाएं देते हुए, कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा समस्त शिव भक्तों पर बनी रहे। हमारी टीम सामाजिक कार्य के साथ-साथ धार्मिक कार्यों में भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करती है। साथ ही कहा कि हमारी टीम के द्वारा इस वर्ष के सभी सोमवारी पर श्रद्धालुओं के बीच सेवा प्रदान की जाएगी। साथ ही कहा कि ऐसे वितरण के माध्यम से लोगों की भक्ति और धार्मिक कृत्यों में सहयोग करना और समाज में एकता और सेवा का संदेश देना ही हमारा कर्तव्य है। वहीं सचिव संजय कुमार ने कहा कि हमारी टीम के द्वारा करीब 41 लीटर दूध श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया है साथ ही श्रद्धालुओं को बेलपत्र दिया गया।

## वन संरक्षण पर एकदिवसीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। विष्णुगढ़** टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय में वन संरक्षण पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामचंद्र राम को पौधा देकर सम्मानित किया गया है। प्राचार्य ने वनों के महत्व को समझाते हुए कहा कि अगर पर्यावरण को बचाएं रखना तथा पारिस्थितिक तंत्र को संतुलन बनाए रखना है तो हमें वन का संरक्षण करना होंगा उन्होंने छात्र छात्राओं को समझाते हुए यह भी कहा कि पेड़ लगाने को बड़ा पुण्य कार्य बताया गया है।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो ललित कुमार, प्रो जयन्दंन कुमार महतो, प्रो राहुल गुप्ता ,प्रो कृष्णा बैठा, प्रो खुशबू कुमारी, प्रो किशन राज, प्रधान लिपिक पारस नाथ सिंह, सेमिनार प्रभारी पवन प्रताप सिंह एवं काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### एसएचजी सचिव पर लगाया गया राशन वितरण में मनमानी का आरोप

# सदस्यों को राशन वितरण की नहीं मिल रही जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



एसएचजी मोचियाडीह के अध्यक्ष समेत सदस्यों ने उक्त समूह के सचिव पर मनमाने तरीके से राशन वितरण करने का आरोप लगाया है। मामला गांडेय प्रखंड क्षेत्र के मचियाडीह गांव की है जहां मामले को लेकर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के अध्यक्ष समेत सदस्यों के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी गांडेय, अंचलाधिकारी गांडेय व उपायुक्त गिरिडीह को आवेदन देकर स्वयं सहायता समूह के सचिव को लाभुकों के बीच राशन सुचारू रूप से वितरण करवाने की मांग किया है।

और साथ ही साथ वितरण करने के पूर्व अपने ग्रुप के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों को सूचना देते हुए राशन वितरण करने कि मांग कि है। वहीं समूह के सचिव जरीना खातून के पति इस्माइल अंसारी ने बताया की कुछ ग्रुप के सदस्य दूसरे ग्रुप में सामिल हो गया है और इधर राशन वितरण का हिसाब मांगा करता है।

इधर उक्त ग्रुप के अध्यक्ष ने बताया कि अगर संबंधित विभाग के द्वारा पहल नहीं कि गई तो हमसभी अपने सदस्यों के साथ ग्रुप के सचिव के खिलाफ प्रखंड परिसर में धरना प्रदर्शन करने को बाध्य रहेंगे। जिसका सारा जवाबदेही समंधित विभाग को होगा। गौरतलब है की समूह पहले से भंग रहने के बावजूद समूह के मध्यम से फर्जी तरीके से राशन वितरण का मामला बताया जा रहा है। जब ग्रुप में कमीशन एक लाख से अधिक आया तो सचिव हस्ताक्षर करने के लिए अध्यक्ष के पास गया तब समूह के महिलाएं बैंक पहुंच तब जाकर सचिव के द्वारा राशन वितरण का मामला अवैध तरीका का प्रकाश में आया।

मौके पर जुबेदा खातून, हसीना बानो मारियन बीबी ,समीरा खातून, मारियन खातून, मुनेजा बीबी, आमना बीबी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में नेशनल स्पोर्ट्स 2024 का रंगारंग शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

डीएवी पब्लिक स्कूल, सिमडेगा में नेशनल स्पोर्ट्स - 2024 का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा बैलून उड़ा कर किया गया। इस दौरान प्रातः 9:00 बजे डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में डीएवी पब्लिक स्कूल्स जोन- आई के एआरओ डॉक्टर जीएन खान एवं विभिन्न स्कूलों से आए हुए डीएवी स्कूल के प्राचार्य, डीएवी सिमडेगा के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा के साथ अन्य अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया।तथा उनके स्वागत में स्वागत गान और विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डीएवी पब्लिक स्कूल्स जोन आई के एआरओ के द्वारा उद्घाटन समारोह में डीएवी संस्थान की उपलब्धियां एवं खेलों के महत्व पर एक विस्तृत और प्रेरणादायक संबोधन प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ख्खेलोगे कूदोगे तो होंगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे तो होंगे नवाबङ्क यह लोकोक्ति आज अप्रासंगिक हो गई है। आज इस लोकोक्ति की विपरीत ख्पढ़ोगे लिखोगे होंगे नवाब और खेलोगे- कूदोगे होंगे लाजवाबङ्क यह लोकोक्ति प्रासंगिक हो गई ह। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा भी एक





प्रेरणादायक संबोधन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने कहा कि खेल और स्वास्थ्य जीवन में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं।यदि आप पढ़ाई में बहुत तेज है और खेलों से दूरी रखते हैं तो इसका एहसास हमें विद्यार्थी जीवन में पता नहीं चल पाता है लेकिन जब हम अपने निजी जीवन जीने लगते हैं तो एहसास होने लगता है।इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि खेल शांति और भाई-चारा का भी प्रतीक है। इस भावना के साथ ओलंपिक खेलों की शुरूआत हुई है। प्रार्थना सभा के मंच में ही सभी अतिथियों को शाल ओढ़ाकर कर मोमेंटो प्रदान किया गया। आज के समारोह में मुख्य अतिथि और झारखंड जोनआई के एआरओ के साथ स्थानीय प्रबंधन कमेटी के उपाध्यक्ष शंकर लाल अग्रवाल, डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा के प्राचार्य जीपी झा एवं डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा की मैनेजर सह डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के प्राचार्य आरके साहू उपस्थित थे।

## सावन की दूसरी सोमवारी पर बानो प्रखंड में विभिन्न शिवालयों में हुआ जलाभिषेक



**बानो।** प्रखंड के विभिन्न शिव मंदिर में दूसरी सोमवारी पर भक्तों ने जल जलाभिषेक किया।प्रखण्ड के बांनो ,सोडा,हाटिंगहोडे ,हुरदा आदि जगहों पर सुबह से ही जलाभिषेक करने के लिए शद्धालुओ का तातां लगा रहा । प्रखंड के केतुङ्गा धाम शिव मंदिर में विभिन्न जगहों से शद्धालु पहुंचे थे व भक्ति पूर्वक पूजन की तथा मंगल कामना किया । प्रदीप गोस्वामी विधि वत पूजन कराये। केतुङ्गा धाम मन्दिर आये भक्तों ने श्रावणी मेला में भी अपनी के अनुसार खरीददारी की मौके पर श्रृंगार दुकान ,खिलौनों की दुकान भीड़ देखी गई । केतुङ्गा धाम में स्थानीय महिलाओं द्वारा लाये पीठा -छिलका रोटी का खूब आनंद लेते देखा गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय जल पथ प्रमंडल सं0–2 हजारीबाग**
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 07/2024–2025**
**( मद–जिला योजना अनाबद्ध निधि )**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कटकमसांडी प्रखंड अन्तर्गत पंचायत– रोमी ग्राम – रोमी में रइस खान के घर से मेहताब आलम के घर तक पी0 सी0 सी0 पथ एंव नाली निर्माण कार्य। | 2413800 | 48300 | 5000 | 2 Months |

1.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 06.08.2024 अपराहन 3:00 बजे तक।
2.निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 07.08.2024 पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
3.निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 07.08.2024 को अपराहण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450
5.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है ।
नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2,हजारीबाग
PR 331049 (Water Resource)24-25*D


## 2024 लोकसभा चुनाव के धन्यवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोलेबिरा।** प्रखंड के बोंगराम में ऑल चर्चेस कमेटी कोलेबिरा द्वारा 2024 लोकसभा चुनाव में खुंटी लोकसभा में गठबंधन की जीत के लिए सामूहिक धन्यवादी सम्मेलन आयोजित किया।कार्यक्रम में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी उपस्थित हुए। इस मौके पर विधायक ने सभी लोगों को लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।मौके पर कोलेबिरा विधायक से कमेटी के लोगों ने क्षेत्रीय समस्याओं के बारे में बातचीत किया जिसमें बुनियादी विकास के साथ पलायन को रोकने के लिए सामूहिक कृषि करने के लिए सुविधा,अल्पसंख्यक विद्यालयों के विकास आदि बातें रखी।विधायक ने कहा क्षेत्र में रोड पुलपुलिया ही नहीं बल्कि क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को दूर करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।सरकार ने विकास के लिए पंचायत में मुखिया, जिला परिषद, या अन्य जनप्रतिनिधियों को भी फंड देती है उनसे भी विकास का कार्य किया जाता है ।आदिवासी अल्पसंख्यक एवं मूल वासियों के लिए हमेशा से सदन के अंदर एवं बाहर एवं सरकार के समक्ष हमेशा मांग रखता हूँ । कार्यक्रम में सभी कलीसियाओं के फादर्स पादरी प्रचारक फास्टर एवं पदाधिकारी गण एवं विधायक के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## ग्राम सभा में योग्य लाभुकों का चयन किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

आबुवा आवास को लेकर गांडेय प्रखंड के डोकीडीह, चंपापुर, बुधुडीह, अहिलियापुर, बड़कीटांड, बरमसिया, फुलची, पंडरी, मेदनीसारे, बक्कीकला, गांडेय के पंचायतों में सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया आयोजित ग्राम सभा में पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव ,पंचायत समिति सदस्य,वार्ड सदस्य,सहित पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया गया। ग्रामसभा में चयनित सूची के आधार पर वैसे लाभुको का चयन किया गया जो आबुवा आवास लेने के अहर्ता रखते हैं।

ग्राम सभा में मुखिया अकबर अंसारी ने सभी वार्ड को सूची के आधार पर वैसे लाभुको का चयन करें जो पहले कभी भी इंदिरा आवास,प्रधानमंत्री आवास, का लाभ नहीं लिया हो सूची के आधार पर पहले जिनका नाम होगा उसी को पहले प्राथमिकता दी जाएगी उन्होंने कहा की आदि कोई व्यक्ति आबुवा आवास के नाम पर पैसे का लेन देन करता है। तो उसके खिलाफ आगे की करवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव रामकिशोर महतो, उपमुखिया मो मोकिम, वार्ड सदस्य मो नेजाम,मो तोशीफ, मो आकुब, बबलू तुरी राजू मंडल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## भाजपा एसटी मोर्चा ने जलाया मुख्यमंत्री का पुतला

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बसंत नारायण माँझी के अगुवाई में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया मौके पर बताया गया कि पिछले 26 जुलाई दिन शुक्रवार की रात पाकुड़ में पुलिस के द्वारा आदिवासी छात्रों पर बर्बरता पुर्ण पिटाई के विरोध में विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया।पुतला दहन के पश्चात लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बसंत नारायण मांझी ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस अपने को आदिवासियों का हितैसी बताती है और आदिवासी मुख्यमंत्री के राज्य में आदिवासी छात्रों पर अपने पुलिस के द्वारा पिटाई करवाना बहुत ही शर्म की बात है।


**कार्यालय:- जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गुमला**
(कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग)
झारखण्ड सराकार

**पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना**

गुमला जिला के इच्छुक ग्रामीण किसान/पशुपालक/दुग्ध उत्पादन को सूचित किया जाता है कि कृशि, पशुपालान एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 17 रा0 (वि0), दिनांक 16/07/2024 अन्तर्गत प्रशिक्षण योजनाओं का क्रियान्वयन गव्य विकास प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची एवं दुमका द्वारा आयोजित किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

(क) वित्तीय वर्ष 2024–25 में IGNOU के माध्यम से संचालित DIPLOMA IN DAIRY TECHNOLOGY (DDT) अभ्यर्थियों की योग्यता कम से कम 10+2 उतीर्ण हो, को एक वर्ष का डेयरी टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा पाठकम।
(ख) वित्तीय वर्ष 2024–25 में IGNOU के माध्यम से संचालित AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING (APDF) योजना। प्रशिक्षणार्थी की योग्यता मैट्रिक उतीर्ण हो एवं पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारु मवेशी हो।
(ग) वित्तीय वर्ष 2024–25 छः दिवसीय आवासीय दुधारु पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण योजना।

**छः दिवसीय प्रशिक्षण योजना हेतु निम्न बिन्दुओं की आवश्यकता हैं–**

- प्रशिक्षणार्थी का साक्षर होना अनिवार्य हैं।
- न्यूनतम उम्र 18 वर्ष एवं अधिकतम 55 वर्ष।
- वैसे पशुपालक जिन्हें विगत तीन वर्षो के अन्दर विभागीय योजना के तहत दुधारु पशु उपलब्ध कराया गया है तथा उनके पास अभी दुधारु पशु उपलब्ध है उन्के प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण हेतु भेजा जाएगा।
- झारखण्ड मिल्क फेडरेशन द्वारा संचालित प्रत्येक बल्क मिल्क कूलर से संबद्ध दुगध आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के सभी लाभुक जो अप्रशिक्षित है, उन्हे प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षणा हेतू चयन किया जाएगा तदोपरान्त मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में चयन प्रकिया में प्राथमिकता दी जाएगी।
- इच्छुक ग्रामीण किसान/पशुपालक/दुग्ध उत्पादक जो पूर्व से गाय/ भैंस रखते हो या रखने के इच्छुक हो, उन्हे प्राथमिकता दी जाएगी।

**नोट:– विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता हैं।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गुमला
PR 331142 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25)_D


## सात दिवसीय सार्वजनिक शिव पुराण कथा यज्ञ शिव चर्चा आनंद भवन में आज से



**सिमडेगा।** सिमडेगा धर्मार्थ समिति के द्वारा श्रावण माह में सात दिवसीय सार्वजनिक शिव पुराण कथा यज्ञ का भव्य आयोजन आनंद भवन में आज से होगा।इस अवसर पर कथा व्यास आचार्य वासुदेव गौतम के द्वारा शिव महापुराण की कथा सुनाई जाएगी। संपूर्ण वैदिक अनुष्ठान विद्वान आचार्य के द्वारा संपन्न होंगे इस दौरान विशेष पूजन सह दैनिक सामूहिक रुद्राभिषेक तथा दैनिक 108 शिव के पृथक पृथक नाम के द्वारा बेलपत्र अर्जुन का आयोजन किया गया है। धर्मार्थ समिति के सचिन अमरनाथ बामलिया एवं ओमप्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा 2 अगस्त को शिव बारात देवरहा बाबा आश्रम से आनंद भवन तक एवं शिव पार्वती विवाह की संगीत में प्रस्तुति 11:30 बजे से होगी एवं प्रतिदिन कोलकाता के नृत्य नाटिका ग्रुप के द्वारा धार्मिक छंदो पर नृत्य- नाटक की प्रस्तुति होगी। 6 अगस्त को हवन पूजन एवं भंडार के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। थर्मार्थ समिति ने सभी शहरवासियों से आग्रह किया है कि उक्त आयोजन में सभी शिवभक्त सहभागी बनकर पुण्य के भागी बने एवं कार्यक्रम को सफल बनावें। आयोजन समिति ने बताया कि जो शिव भक्त दैनिक रुद्राभिषेक में भाग लेना चाहते हैं ।संपर्क सूत्र 9693707691,9931283622 में संपर्क कर अनुष्ठान में भाग ले सकते हैं।

# वन विभाग ने पचरुखी से अवैध माइका लदा वाहन किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

तिसरी वन विभाग की टीम ने एक बार फिर अवैध माइका कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई की है . वनपाल अमर विश्वकर्मा के नेतृत्व में टीम ने रविवार की रात तिसरी थाना क्षेत्र के पचरुखी से अवैध माइका लदे एक पिकअप वाहन को जब्त किया है।हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही माइका माफिया समेत अन्य लोग मौके से भाग निकले। बताया जाता है कि वन क्षेत्र पदाधिकारी को पचरुखी गाँव में भंडारण किए गए अवैध माइका को पिकअप में लोड कर बाहर भेजने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर वनपाल अमर विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक टीम बनाकर अशोक कुमार ,मुकेश दास और गौतम कुमार को कार्रवाई के लिए भेजा गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए माइका लदे एक पिकअप वाहन को जब्त कर बीट कार्यालय लाया। वहीं विभाग इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित करने में जुटी है। विदित हो कि बीते दिनों समाजसेवी राजकुमार शर्मा कि शिकायत पर तिसरी वन विभाग की टीम ने पंचरुखी गांव में अवैध माइका भंडारण किए गए कुछ घरों को चिन्हित किया था। जब्त पिकअप वहीं से पकड़े जाने की बात सामने आ रही है।

**माफियाओं के हौसले बुलंद, कार्रवाई के दूसरे दिन ही अवैध माइका की खेप गिरिडीह-कोडरमा भेज दी जाती है**

बताते चलें कि तिसरी प्रखण्ड हमेशा से ही माइका माफियाओं का हब रहा है,विभाग द्वारा माइका के इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के तमाम दावे फेल साबित हो रहे हैं।वन विभाग की तमाम कोशिशों के बावजूद यह अवैध कारोबार निरंतर जारी है। माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि विभाग द्वारा कार्रवाई किए जाने के दूसरे दिन ही पुनः इस कारोबार मे लग जाते हैं। कार्रवाई के बाद विभाग तस्करों को चिन्हित करने में जितना समय लगाता है उतने देर में इसमें शामिल माफिया अवैध माइका की दूसरी खेप गिरीडीह या कोडरमा पहुंचा देते हैं।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 13/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 06.08.24 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.08.24 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.08..24 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला परिषद निधि

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | सुशील कॉलौनी नं0–02 के आवास सं0–0 की आवश्यक मरम्मति कार्य। | 943900.00 | 1250.00 | 19000.00 | चार माह |
| 2 | सदर | सुशील कॉलौनी नं0–02 के आवास सं0–04 की आवश्यक मरम्मति कार्य। | 893700.00 | 1250.00 | 18000.00 | चार माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।
PR 331029 (District) 24-25 (D)


## डीसी ने लगाया जनता दरबार



**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद, पंजी-क्क सुधार, पी।भी।टी।जी। गांव में बिजली एवं पानी की सुविधा मुहैया कराने, बिचौलियों द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा करने, एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांकः– दिनांक–
ई–निविदा संख्या :– 03/2024-25/RWD/EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 03/ 2024-25 | ककरिया कर्रा मुख्य पथ से कंडरकेल चौक भाया भगतटोली केलूटोली तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–3.150 कि0मी0) | 3,08,73,400.00 | तीन करोड़ आठ लाख तिहत्तर हजार चार सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/RANCHI/ 04/ 2024 | खड़देवरी से बोबरो भाया पावर हाउस तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–1.560 कि0मी0) | 2,48,98,300.00 | दो करोड़ अड़तालीस लाख अन्ठानबे हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/RANCHI/ 05/ 2024 | ईटाचिन्द्री से घाघरा नदीटोली तक पथ निर्माण कार्य (ल0–2.500 कि0मी0) | 3,39,83,300.00 | तीन करोड़ उन्चालीस लाख तिरासी हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/RANCHI/ 06/ 2024 | डुमरी चौक से मकुन्दा कोईरी मोहल्ला होते हुए कलस्टर घर तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–2. 200 कि0मी0) | 2,41,15,500.0 | दो करोड़ एकतालीस लाख पन्द्रह हजार पाँच सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/RANCHI/ 07/ 2024 | बाजरा स्कूल मोड़ से नदी तक पथ निर्माण कार्य। (ल0–3.030 कि0मी0) | 3,25,44,900.00 | तीन करोड़ पच्चीस लाख चौवालीस हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–08.08.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–28.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–30.08.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य, विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, राँची
PR 331166 REO (24-25)_D



**झारखण्ड सरकार,**
**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग),**
**जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा।**

**आवश्यक सूचना**

जिले के कृषकोंकोसूचित कियाजाता हैकि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रतिबोरी अधिकतम खुदरामूल्य (MRP)निम्न प्रकार है:–

| Company | UREA Ind./Imp. | DAP Ind./Imp. | MOP | SSP | Complex 20:20:0:13 (Ind) | Complex 20:20:0:13 (Imp) | Complex 16:16:16 | Complex 14:28 | Complex 14:28:14 | Complex 28:28:00 | Complex 12:32:16 | Complex 10:26:26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| NFL | 266.50 | 1350.00 | 1625.00 | - | - | | | | | - | - | - |
| YARA | 266.50 | - | - | - | - | | | | | - | - | - |
| KFL/KRIBHCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | | | | | - | - | - |
| INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | 1625.00 | 600.00 | 1225.00 | 1200.00 | 0.00 | 1350.00 | 1650.00 | 1700.00 | 1470.00 | 1470.00 |
| IPL | 266.50 | 1350.00 | 1655.00 | - | - | 1320.00 | 1375.00 | - | - | - | - | - |
| MATRIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| PPL | - | 1350.00 | 1655.00 | - | 1225.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| BVFCL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| BEC | - | - | - | 580.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |

नोट:– 1. यूरिया की प्रतिबोरी 45 किलों के पैक में होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 किलों के पैकमेंहोतीहै।
2. यदि किसी भी खुदरा उर्वरक विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारितमूल्य से अधिकमूल्य परउर्वरकों की बिक्री की जाती हैतो ऐसी स्थिति मेंसंबंधितप्रखण्ड के प्रखण्ड कृषिपदाधिकारी, प्रखण्डत कनीकी प्रबंधक, जिला कृषिकार्यालय में इसकी शिकायत की जासकतीहै।
1. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथगैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थितिमें संबंधितविक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्दकरते हुए उनके उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
सिमडेगा।
PR 331119 (Agriculture) 24-25 (D)

संपादकीय

# खानपान, आस्था और राजनीति

सर्वोच्च न्यायालय ने कांवड़ मार्ग पर नामपट्टिका संबंधित आदेश पर रोक को आगामी पांच अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया है। इस के तीन पहलू हैं पहला-यह उपभोक्ताओं के जानने के अधिकार से जुड़ा है। दूसरा-कानून-व्यवस्था को बनाए रखना राज्य का दायित्व है और वह भंग न हो, उसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की है। तीसरा-यह कोई नई व्यवस्था नहीं है, अपितु पहले से स्थापित कानून-नियम के अनुरूप है। परंतु राजनीति से प्रेरित बहस ने इस विषय को 'हिंदू-मुसलमान' बना दिया। यह दिलचस्प है कि इस निर्णय का मुखर विरोध करने वाला राजनीतिक वर्ग वही है, जो लोकसभा चुनाव में बारंबार प्रचार कर रहा था कि सत्तासीन होने पर घर-घर जाकर लोगों से नाम के साथ उनकी जाति भी पूछेगा। प्रश्न यह है कि देश के विभिन्न मतावलंबियों को अपनी आस्था के अनुरूप भोजन चुनने का अधिकार है या नहीं? यहूदी समाज में 'कोशर' की मान्यता है। इसमें खाद्य उत्पादों को लेकर मजहबी नियम है। इनके समुदाय में केवल खाना ही नहीं, अपितु भोजन का स्थान भी 'कोशर' होना चाहिए। इसी तरह, इस्लाम में 'हलाल' की अवधारणा है, जिसका अर्थ वैध है। मुसलमानों के लिए शूकर का मांस 'हराम' है। यही कारण है कि जब मुस्लिम समाज में ईद या फिर मुहर्रम का पर्व होता है, तो उनकी मजहबी आस्था का सम्मान करते हुए यातायात परिचालन तक में अस्थायी तौर पर उचित परिवर्तन किए जाते हैं। हिंदू समाज में कांवड़ यात्रा कई किलोमीटर चलने वाली, एक कठिन तीर्थयात्रा है। कुछ कांवड़िए 'डाक कांवड़' भी लाते हैं। इसमें गंगाजल से भरे कांवड़ को बिना जमीन पर रखे भगवान शिव की मूर्ति या शिवलिंग को अर्पित करने और 'सात्विक भोजन' ग्रहण करने की मान्यता है। करोड़ों हिंदू पवित्र दिनों में तामसिक खाद्य वस्तुओं, जैसे प्याज-लहसुन आदि के साथ साधारण नमक तक का सेवन भी नहीं करते हैं। इतना ही नहीं, नवरात्र के पवित्र दिनों में यदि कोई गैर-मजहबी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, तब चाहे नवरात्र के व्रत रखने वाले सीमित हों, उनके खाने-पीने के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की जाती है। जिस दिशानिर्देश पर विवाद हुआ, उसमें कहीं भी यह नहीं लिखा था कि कोई गैर-हिंदू कांवड़ यात्रा के मार्गों पर अपनी दुकान-ढाबा-ठेला आदि (मांस विक्रेताओं को छोड़कर) नहीं लगा सकता। इस आदेश के अनुसार, प्रत्येक दुकानदार-ढाबा संचालक, चाहे वह किसी भी मजहब का हो, उसे अपने वास्तविक नाम की पट्टी लगानी थी। इस शासनादेश की एक पृष्ठभूमि भी है। कई गैर-हिंदू अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर देवी-देवताओं आदि के नामों पर खाद्य-पेय दुकानों, ढाबों का संचालन करते हैं। आखिर अपनी असली पहचान छिपाने और गलत पहचान बताने के पीछे क्या मंशा हो सकती है? यहां बात केवल उपभोक्ता को धोखा देने तक सीमित नहीं है। इस छल के खुलने पर तीर्थयात्रियों की आस्था पर कुठाराघात की बात उठने पर छोटी-सी घटना भी दंगे का रूप ले सकती है।

> कहीं भी यह नहीं लिखा था कि कोई गैर-हिंदू कांवड़ यात्रा के मार्गों पर अपनी दुकान-ढाबा-ठेला आदि (मांस विक्रेताओं को छोड़कर) नहीं लगा सकता।

# मौत बांटते असुरक्षित कोचिंग सेंटर




आज की बात



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने वाले एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत-हादसे ने समूचे राष्ट्र को दुःखी एवं आहत किया है, यह हादसा नहीं, बल्कि मानव जनित त्रासदी है, लापरवाही एवं लोभ की पराकाष्ठा है। इस त्रासदी की जड़ में है घोर दोषग्रस्त कोचिंग प्रणाली और व्यवस्था की जड़ों में समा गया बेलगाम भ्रष्टाचार। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कोचिंग संस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि दिल्ली नगर निगम के उन कर्मचारियों और अधिकारियों को क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया जो सब कुछ जानते-बूझते हुए इस संस्थान को बेसमेंट में लाइब्रेरी चलाने की सुविधा प्रदान किए हुए थे। इस दुःखद एवं पीड़ादायक घटना ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। जिसकी कीमत निदोर्षों को अपनी जान गंवा का चुकानी पड़ रही है। निश्चित ही देशभर में कुकुरमुत्तों की तरह उग आए कोचिंग सैंटर डैथ सैंटर बन चुके हैं। कोचिंग सैंटरों का कारोबार शासन के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाकर चल रहे हैं। छात्रों को सुनहरी भविष्य का सपना दिखा कर मौत बांटी जा रही है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। प्रश्न है कि सैंटर के मालिक को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन ऐसी घटनाओं के दोषी अधिकारी क्यों नहीं गिरफ्तार होते?

शनिवार की शाम राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर के कोचिंग सैंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों नेविन डोल्विन, तान्य सोनी और श्रेया यादव की दुखद मौत ने अनेक सवालों को खड़ा किया है। केरल का रहने वाला नेविन आईएएस की तैयारी कर रहा था और वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था। उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव ने अभी एक महीना पहले ही इस कोचिंग सैंटर में दाखिला लिया था। कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी चल रही थी जहां 150 छात्रों के बैठने की व्यवस्था थी। हादसे के वक्त 35 छात्र मौजूद थे। चंद मिनटों में ही बेसमेंट में पानी भर गया। सिर्फ इसी सैंटर में नहीं, बल्कि लगभग सभी शैक्षणिक कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है। जिसके गेट बायोमेट्रिक आईडी से खुलते हैं, जैसे ही बारिश होती है, बिजली चली जाती है, उसके बाद बेसमेंट से निकलना बिना बायोमैट्रिक आईडेंटिफिकेशन के मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में हादसे और मौत की संभावना बढ़ जाती है। ओल्ड राजेंद्र नगर के न सिर्फ कोचिंग सैंटर बल्कि पीजी और हॉस्टल की असुरक्षित हालत भी मौत लिये किसी भी क्षण बड़े हादसे की संभावना के साथ खड़ी है। जहां इस कदर अवैध निर्माण है कि कभी भी दूसरा या दोबारा हादसा हो सकता है। इसलिये ऐसे हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला।

विडम्बनापूर्ण है ऐसे जलभराव एवं आगजनी के हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है। राजधानी में रह-रह कर एक के बाद एक हो रहे हादसों के बावजूद दिल्ली-सरकार की नींद नहीं खुल रही है। हाल ही में गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें हो या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगना और अब कोचिंग सैंटर में तीन होनहार एवं देश के भविष्य बच्चों का दर्दनाक तरीके से डूबकर मर जाना-निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा भी व्यापक स्तर की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन त्रासद हादसों ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए।

परिवार वालों ने और छात्रों ने स्वर्णिम भविष्य के सपने संजो कर और लाखों की फीस देकर कोचिंग शुरू की होगी लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उन्हें इस तरह मौत मिलेगी। छात्रों की मौत को महज हादसा नहीं माना जा सकता, यह एक तरह से निर्मम हत्या है और हत्यारा है हमारा सिस्टम। हादसे से आक्रोशित छात्रों का कहना है कि वे 10-12 दिन से दिल्ली नगर निगम से कह रहे हैं कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कारवाई जाए लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। हादसे तभी होते हैं जब नियमों और कानूनों को ताक पर रखा जाता है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलते ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। जलभराव क्यों और कैसे हुआ, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन शैक्षणिक एवं व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है, लेकिन दुर्घटना होने के बाद ही उन पर कार्रवाई क्यों होती है? सरकार पहले क्यों नहीं जागती?

वैसे तो बेसमेंट में कोचिंग सैन्टर या लाइब्रेरी चलाना गैर-कानूनी है, इस घटना के सन्दर्भ जब बेसमेंट में स्टोर या पार्किंग की अनुमति दी गई थी तो वहां लाइब्रेरी कैसे चलने लगी? स्पष्ट है कि कोचिंग संचालकों और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा हो रहा होगा।

आपकी बात

# महाराष्ट्र में फडणवीस से क्यों डरा रहता है विपक्ष?



आर.के. सिन्हा

लोकसभा चुनावों के नतीजे आने और केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा के आगामी अक्तूबर के महीने होने वाले चुनाव हैं। भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था की जान है महाराष्ट्र। इसलिए सारे देश की निगाहें महाराष्ट्र पर लगी रहती हैं। वहां राज्य विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति भी गरमा चुकी है। आरोप-प्रत्यारोप के नियमित दौर चल रहे हैं। महाराष्ट्र का विपक्ष महाविकास आघाडी राज्य के उस नेता पर आरोप लगा रहे हैं, जिसने राज्य का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश का चौतरफा विकास करवाया। हम बात कर रहे हैं महाराष्ट्र के शिखर भाजपा नेता और वर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की। फडणवीस राज्य के एक बड़े नेता होने के साथ ही काफी दूरदर्शी और अनुभवी रणनीतिकार के रूप में भी जाने जाते हैं। वह कई बार मुश्किलों में फँसी पार्टी को बाहर निकालकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब उनके कार्यकाल में राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में कई काम हुए। मुंबई मेट्रो विस्तार और मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग जैसी प्रमुख परियोजनाओं की शुरूआत की गई। तब महाराष्ट्र की प्रतिष्ठा एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में और बढ़ी। फडणवीस ने ही कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिसिंग को मजबूत किया और अपराध की रोकथाम के लिए टेक्नोलॉजी आपरेटेड सिस्टम की शुरूआत की। समाज कल्याण को लेकर भी उन्होंने काफी पहल की। हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम लागू किए गये। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बीत दिनों देवेन्द्र देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया कि वे जब राज्य के गृहमंत्री थे तब उन्होंने (देवेंद्र फडणवीस ने) उन पर दबाव बनाया था कि वे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और महाविकास आघाडी के तीन अन्य नेताओं के खिलाफ केस दर्ज करवा दें। हालांकि फडणवीस ने देशमुख के इस आरोप को सिरे से खारिज किया है। कुल मिलाकर लग यह रहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता के बुनियादी मसलों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहेंगे। विपक्ष सत्ता हासिल करने के लिए तबीयत से कीचड़ उछालेगा। जाहिर है फडणवीस ने भी देशमुख को उनकी ही भाषा में जवाब भी दिया। सबको याद है कि अप्रैल 2021 में गृह मंत्री रहे देशमुख पर तत्कालीन मुंबई पुलिस कमिनर परमबीर सिंह ने यह आरोप लगाया था कि उन्होंने महाराष्ट्र की पुलिस को शहर के होटल और बार मालिकों से पैसे वसूलने पर लगा दिया था। अब देशमुख कह रहे हैं कि फडणवीस के निर्देश पर परमबीर सिंह ने उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए। साफ है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में टकराव बढ़ने वाले हैं और महाविकास आघाडी के निशाने पर देवेंद्र फडणवीस ज्यादा रहने वाले हैं।

देश की बात

# द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जैसी बदहाली की स्थिति में ब्रिटेन



सनत जैन

ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। कहा जा रहा है, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जिस तरह के हालात थे। वैसी ही स्थिति ब्रिटेन की 2024 में देखने को मिल रही है। ब्रिटेन की स्कूली शिक्षा, नेशनल हेल्थ सर्विस, बेरोजगारी, बुजुर्गों की दयनीय हालत, खाने-पीने के सामान की किल्लत, ईंधन की कमी, निर्माणकार्य के लिए उपयोग में आने वाले सामान की कमी से ब्रिटेन के नागरिक हलाकान हैं। विकासशील और गरीब देशों जैसे हालात ब्रिटेन के इन दिनों बन गए हैं। कंजरवेटिव पार्टी के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक थे। उन्होंने समय के पहले चुनाव कराए और बुरी तरह से पराजित हुए। जुलाई में हुए 650 सीटों के चुनाव में 412 सीटों पर लेबर पार्टी ने जीत हासिल की है। ऋषि सुनक की कंजरवेटिव पार्टी मात्र 120 सीटों पर सिमट गई। लिबरल डेमोक्रेट्स को 71 सीटों पर तथा 42 अन्य सांसद चुनाव में जीते हैं। कंजरवेटिव पार्टी की हार के पीछे सबसे बड़ा कारण महंगाई, बेरोजगारी एवं आर्थिक संकट था। ब्रिटेन में पिछली सरकार द्वारा लगातार टैक्स बढ़ाए गए। कॉर्पोरेट के ऊपर सरकार मेहरबान रही, ब्रिटेन की कॉर्पोरेट कंपनियां कर चोरी जैसे मामलों में लिप्त थीं, लेकिन सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। आम जनता में पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश था। प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक ब्रिटेन की आर्थिक चुनौतियों का सामना नहीं कर सके। अब लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर प्रधानमंत्री बने हैं। उनके लिए चुनौतियां का पहाड़ खड़ा हुआ है। लेबर पार्टी ने चुनाव के समय कोई बड़े वादे नागरिकों से नहीं किये। विपक्ष में रहते हुए उन्होंने बड़ी सावधानी बरती थी। सरकार के लिए जो सबसे बड़ी चुनौतियां हैं, उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ हल करना होगा। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था वर्तमान में बहुत धीमी गति से चल रही है। पिछले 24 वर्षों से ब्रिटेन जी7 समूह का सदस्य है। ब्रिटेन का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 12 साल में सबसे कम है। ब्रिटेन की कई नगरीय संस्थाएं दिवालिया हो चुकी हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी और अधिकारी अधिक वेतन की मांग कर रहे हैं।



बोधि वृक्ष

ऐसी मान्यता है कि इस कल्पतरु की जड़ में पत्थर बांधने से बाबा गाजेश्वर नाथ अपनी भक्तों की सारी मनोकामनाओं को अवश्य पूर्ण करते हैं। गर्भगृह में प्रवेश करने से पहले गुफा के ठीक ऊपर से गिरते झरने का जल श्रद्धालुओं को पवित्र कर देता है। गर्भ गृह (गुफा) में प्रवेश करने के पश्चात बाबा गाजेश्वर नाथ महादेव के पीतांबरी शिवलिंग के दर्शन होते हैं।

# मिनी बाबाधाम है गाजेश्वर नाथ धाम

संथाल परगना में दूसरा बाबाधाम के रूप में प्रसिद्ध बाबा गाजेश्वर नाथ धाम एक दर्शनीय स्थल है। यह मिनी बाबाधाम के नाम से प्रसिद्ध है और इसे 'शिवगादी' भी कहा जाता है। यह राजमहल की पहाड़ियों में नैसर्गिक सौंदर्य के बीच एक गुफा मंदिर है। यह मंदिर साहिबगंज जिला अंतर्गत बरहेट प्रखंड से 6 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर की ओर अवस्थित है। बाबा गाजेश्वर नाथ का यह मंदिर पहाड़ी पर स्थित है। 195 सीढ़ियों की चढ़ाई के बाद मंदिर का दर्शन होता है। बाबा गाजेश्वर नाथ धाम मंदिर का गर्भगृह (गुफा) प्रवेश द्वार के ऊपर बिलकुल सीधा उठा हुआ प्रतीत होता है। इस गुफा के प्रवेश द्वार के ऊपर विद्यमान दुर्लभ अक्षय वट वृक्ष है। इस वट वृक्ष की जड़ें प्रवेश द्वार के बायीं ओर मंदिर सतह तक फैली हुई हैं, जो देखने से ऐसा लगता है कि भगवान भोलेनाथ की जटाएं लहरा रही हैं। यह वृक्ष मनोकामना कल्पतरु (वट वृक्ष) के नाम से प्रसिद्ध है। ऐसी मान्यता है कि इस कल्पतरु की जड़ में पत्थर बांधने से बाबा गाजेश्वर नाथ अपनी भक्तों की सारी मनोकामनाओं को अवश्य पूर्ण करते हैं। गर्भगृह में प्रवेश करने से पहले गुफा के ठीक ऊपर से गिरते झरने का जल श्रद्धालुओं को पवित्र कर देता है। गर्भ गृह (गुफा) में प्रवेश करने के पश्चात बाबा गाजेश्वर नाथ महादेव के पीतांबरी शिवलिंग के दर्शन होते हैं। शिवलिंग के ठीक ऊपर की चट्टानों से बारहों महीने बूंद-बूंद कर जल टपकते रहता है। ऐसा प्रतीत होता है प्रकृति स्वयं ही निरंतर भगवान शंकर का जलाभिषेक करती रहती है।



फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

# एक हिंदू राजा की संतान ने बसाया था आजमगढ़



कृष्णप्रभाकर उपाध्याय

प्रदेश में चल रही 'आजमगढ़' नगर का नाम बदलने की चर्चा तथा इसके मुस्लिम समाज द्वारा किए जा रहे विरोध के मध्य संभवतः यह जानना रोचक व चौंकाने वाला होगा कि 1665 ईस्वी में आजमगढ़ की स्थापना करने वाला आजम खान स्वयं एक हिंदू पिता की संतान था। 'राजा एंड नवाब्स ऑफ द नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंस 1879' तथा 'द मैन्युअल ऑफ टाइटल्स फॉर द नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंस 1929' के विवरण बताते हैं कि आजम खान व इसका भाई अजमत खान, इस क्षेत्र के तत्कालीन गौतमवंशीय राजा विक्रमादित्य के उनकी मुस्लिम पत्नी से उत्पन्न पुत्र थे। राजा विक्रमादित्य ने हिंदू धर्म के उदारता के चलते कभी भी अपनी मुस्लिम पत्नी के पांथिक विश्वासों में हस्तक्षेप नहीं किया। न ही उन्होंने उससे उत्पन्न पुत्रों के, अपनी पत्नी की भावनाओं के अनुरूप मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार नामकरण करने या पालन-पोषण करने में बाधा पहुंचाई। (यह ठीक उसी प्रकार था, जिस प्रकार बाद के वर्षों में सुप्रसिद्ध पेशवा 'बाजीराव' ने भी अपनी मुस्लिम प्रेमिका मस्तानी से उत्पन्न पुत्र की परवरिश अपने प्रेमिका की मुस्लिम भावनाओं के अनुरूप कराई थी। इसके विपरीत यह तथ्य अधिक चौंकानेवाला है कि तत्कालीन शासकों व उनके अधिकारियों द्वारा हिंदुओं को मुसलमान बनाने के बाद भी इस्लाम की कथित 'सभी मुसलमान एक हैं या उनमें जाति प्रथा आदि नहीं है', जैसी विरुदावली के विपरीत, इन्हें कभी भी अपने समकक्ष नहीं समझा)। वे इनकी अलग पहचान बनाये रखने के लिए इन्हें 'खानजादा' 'लालखानी' 'साबितखानी' जैसे नाम देते थे। आजम खान व उसका बाद का वंश भी 'खानजादा' कहलाता था। राजा विक्रमादित्य की मृत्यु के बाद उनके भाई रूद्र सिंह राजा बने। किंतु रूद्र सिंह ने भी अपने बड़े भाई की संतान आजम खान व अजमत खान के 'ज्येष्ठ' का पुत्र होने के अधिकार को स्वीकारते हुए आजम खान को ही अपना उत्तराधिकारी बनाया। उपरोक्त पुस्तकों में आजम खान के मूल गौतम राजपूत वंश (जिसका प्रतिनिधित्व उस समय फतेहपुर के अर्गल नामक स्थान के राजा द्वारा किया जा रहा था) के विवरणों में बताया है कि यह गौतम राजपूत भगवान बुद्ध के समय 'शाक्य' कही जानेवाली क्षत्रियों की शाखा का परिवर्तित नाम है।

**(लेखक, जिला उपभोक्ता फोरम हाथरस के अध्यक्ष हैं।)**

जगत ज्ञान

# जीवन की यही है रीत, यहां हार के बाद होती है जीत



विनोद कुमार सिंह

संसार तो एक समर क्षेत्र है। इस समर क्षेत्र में दोनो प्रतिद्वन्दी अपने अपने सर्मथकों, शुभ चिन्तकों के सहारे अपनी किस्मत अजमानें उतरता है, किसी के पक्ष में विजयश्री का ताजपोशी होती है वही दूसरी ओर उसके प्रतिद्वन्धी को पराजय की पीड़ा से गुजरना पड़ता है। मै आज आप के समक्ष चुनावी समर क्षेत्र में पराजित प्रत्याशी की पीड़ा पर मार्मिक कहानी बताऊँ इसके पहले एक प्रचलित भजन सहारा लेना चाहूँगा- वैष्णव जन तेनें कहियें पीर पराई जाने रे। अर्थात-सच्चे हितेषी,मित्र तो सच्चे संत के समान होते है। जो हमेशा ही आपका अपना हितेषी, मित्र, शुभ चिन्तक व समर्थक हमेशा ही आपके साथ खड़े होते है।आपको मदद करने के तत्पर रहते है। लेकिन कुछ ऐसे भी होते है जो केवल आपके सुःख व अच्छे वक्त में खड़े रहते है लेकिन मौका मिलते व आपके विपरीत समय में बीच मझधार में छोड़ कर खिसक जाते है। खैर आज मै आप के समक्ष चुनाव की एक चर्चित घटना की चर्चा कर रहें है। कहानी का प्राराम्भ एक पराजित प्रत्याशी की प्रणाम से प्रारम्भ है।यह बात 13 जुलाई 24 की है। देश की राजधानी दिल्ली के लुटियन जोन के रायसीना मार्ग स्थित प्रजातंत्र के प्राण व सच्चे प्रहरी का ऐतिहासिक प्रेस कल्ब ऑफ इण्डिया परिसर में जहाँ पर आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की इतिहास के पन्ने में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। मौका है एक मात्र मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सन 1966 में स्थापित संगठन जो प्रेस ऐसोशिएशन के द्विवार्षिक चुनाव 24। मैं कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहा था। इसमें मुझे 52 मतों से अपनी हार को स्वीकार करना पड़ा। अंत में समझ में आ गया, जीवन की यही है रीत, यहां हार के बाद होती है जीत।

**(लेखक मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार, स्तम्भकार व प्रेस एसोसिएशन के सदस्य हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# ओल्ड राजेंद्र नगर के कोचिंग सेंटर हादसा मामले में पांच और आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओल्ड राजेन्द्र नगर स्थित राव कोचिंग सेंटर हादसे मामले में पुलिस ने पांच और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मध्य जिले के डीसीपी एम. हर्षवर्धन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में हुई घटना के मामले में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में बेसमेंट का मालिक और एक व्यक्ति शामिल है, जिसने तेज रफ्तार में थार गाड़ी चलाई थी, जिससे इमारत के गेट को नुकसान पहुंचा था। पुलिस अब तक सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। डीसीपी का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है। सोमवार को एमसीडी ने राजेंद्र नगर में अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलवाया। इस बीच एलजी वीके सक्सेना भी मौके पर पहुंचे। एलजी के पहुंचते ही छात्रों ने मुदार्बाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। नारेबाजी के बीच एलजी वापस लौट गए। इसके साथ ही राजेंद्र नगर हादसे मामले में करोल बाग जोन के वर्क्स विभाग में कार्यरत असिस्टेंट इंजीनियर विश्राम मिश्रा के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। इसके चलते करोल बाग जोन डीसी की ओर से उनको फिलहाल तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। इससे संबंधित सूचना एडिशनल कमिश्नर करोल बाग जोन को भी भेज दी गई है।



## सभापति ने कोचिंग सेंटरों के व्यावसायीकरण पर चिंता जताई



नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कोचिंग सेंटरों के व्यावसायीकरण पर चिंता जताई और दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूबकर सिविल सेवा के तीन उम्मीदवारों की मौत के मामले पर संसद के उच्च सदन में अल्पकालिक चर्चा की अनुमति दी। सभापति धनखड़ ने कहा कि कोचिंग अब वाणिज्य बन गई हैं। हम समाचार पत्र पढ़ते हैं तो एक या दो पृष्ठ कोचिंग के विज्ञापनों के होते हैं। ऐसे देश में जहां अवसर बढ़ रहे हैं, यह एक समस्या बन रही है।

## बांसुरी ने की गृह मंत्रालय से जांच समिति के गठन की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के डूबने से मौत होने का मुद्दा सांसद बांसुरी स्वराज ने सोमवार को लोकसभा में उठाया और गृह मंत्रालय से जांच समिति के गठन की मांग की। बांसुरी ने आरोप लगाया कि ये दिल्ली सरकार की आपराधिक लापरवाही का परिणाम है।

## स्वाति मालीवाल ने चर्चा के लिए राज्यसभा में दिया नोटिस



नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने सोमवार को राज्य सभा में इस मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस दिया है। उन्होंने आगे लिखा है कि छात्रों की आवाज अनसुनी नहीं की जाएगी। मारे गए यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए न्याय और मुआवजा पर चर्चा होगी।

### धरने पर बैठे छात्र

शनिवार रात से लेकर अभी तक सैकड़ों की संख्या में कोचिंग कर रहे छात्रा इकट्ठा होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों ने पुलिस व दिल्ली सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सोमवार सुबह डीयू व जेएनयू से भी भारी संख्या में हाथों में तख्ती लेकर स्टूडेंट राजेन्द्र नगर पहुंचे। पुलिस ने बिल्डिंग को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया जबकि स्टूडेंट वहीं धरने पर बैठ गए। स्टूडेंट का आरोप है कि जब तक उन्हें बताया नहीं जाएगा कि कितने छात्रों की मौत हुई है और उनके परिजनों को सही मुआवजा मिला या नहीं तब तक वह धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

# बिहार के समस्तीपुर में कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंटी ट्रेन

**एजेंसी। पटना/समस्तीपुर**



पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड के खुदीराम बोस (पूसारोड) स्टेशन के पास सोमवार 10:30 बजे गांड़ी संख्या 12565 बिहार संपर्क क्रांति ट्रेन दो हिस्सों में बंट गयी। ट्रेन इंजन के साथ एक जनरल बोगी को लेकर आगे बढ़ गयी जबकि 19 बोगियां वहीं छूट गयीं। दरभंगा से 8:30 बजे नई दिल्ली की ओर जाने वाले ट्रेन समस्तीपुर जंक्शन से सुबह 09:55 बजे चली। इसके बाद ट्रेन कपूर्रीग्राम स्टेशन से रन थ्रू पास करते हुए किमी संख्या 46/11 के समीप इंजन अन्य बोगियों से अलग होकर आगे निकल गया। बोगियां बिना इंजन के पीछे खिसकने लगीं। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। लोको पायलट को भी तुरंत इसका पता चल गया। उसने तत्काल ट्रेन रोक दी। इंजन और बोगी को जोड़ने वाली कपलिंग की जांच की। इसके बाद इंजन को बोगी से जोड़कर ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन को पूसा स्टेशन पर जांच के लिए रोका गया। इससे ट्रेन के परिचालन में तीन घंटा विलंब हुआ। समस्तीपुर रेल मंडल के रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में हादसा कंपलिंग टूटने की वजह से हुआ।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा, यह 'पद नहीं, जिम्मेदारी है'



**पटना।** बिहार प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की जड़ हैं और जब जड़ है, तभी पूरा पेड़ हरा-भरा है। मैं जड़ को कभी नहीं भूलूंगा। संगठन को मजबूत करते हुए अगले साल होने वाले चुनाव में जीत एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि कार्यकताओं के सहयोग और मार्गदर्शक मंडल के मार्गदर्शन से दो-तिहाई से ज्यादा बहुमत से अगला चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि यह पद नहीं, मुझे जिम्मेदारी मिली है और मैं भरोसा देता हूं कि रात-दिन मेहनत कर इस जिम्मेदारी को निभाने की कोशिश करूंगा।

## नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने फंड डायवर्सन रूट का पता लगाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के स्कूल नौकरी घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कई ऐसे छोटे कृषि खरीद और विपणन संस्थाओं का पता लगाया है जिनके माध्यम से घोटाले की रकम छोटे-छोटे हिस्सों में स्थानांतरित की गई थी। सूत्रों के अनुसार, ईडी अधिकारियों ने 90 ऐसे खरीद-विपणन संस्थाओं की पहचान की है जो इस फंड डायवर्शन में शामिल थे। हालांकि, इन संस्थाओं के माध्यम से डायवर्ट की गई कुल राशि अधिक नहीं थी। कुल मामले में 68 करोड़ रुपये की राशि शामिल थी, जिसका मतलब है कि प्रत्येक संस्था के माध्यम से एक करोड़ रुपये से भी कम राशि डायवर्ट की गई थी।

## न्यूज बॉक्स

### विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे माता प्रसाद पांडे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में माता प्रसाद पांडे को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। इस दौड़ में इंद्रजीत सरोज का नाम भी तेजी से चल रहा था, लेकिन अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पांडे को उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया। इसके अलावा सपा ने विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल, कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक और राकेश कुमार उर्फ आरके वर्मा को उप सचेतक नियुक्त किया है। गौरतलब है कि इससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव खुद थे। अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल सीट से विधायक थे। माता प्रसाद पांडे सिद्धार्थनगर की इटवा सीट से विधायक हैं। वह उत्तर प्रदेश विधानसभा के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं।

### बीएसएनएल धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर्मचारी को सात साल की सजा

**कोलकाता।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के साथ धोखाधड़ी के मामले में कोलकाता के तत्कालीन दूरसंचार कार्यालय सहायक एवं कैशियर, चंदन विश्वास को सात वर्ष के कठोर कारावास (आरआई) और 25 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। यह सजा सीबीआई मामलों की विशेष अदालत ने सुनाई। सीबीआई ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी है। सीबीआई ने 30 मई 2003 को चंदन विश्वास के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप था कि उन्होंने बीएसएनएल को धोखा देने के लिए एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर आपराधिक षड़यंत्र रचा। उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए बीएसएनएल को 11 लाख 926 रुपये का नुकसान पहुंचाया। जांच के बाद, 31 जनवरी 2005 को चंदन विश्वास के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया। न्यायालय ने सभी सबूतों और गवाहों की सुनवाई के बाद उन्हें दोषी ठहराया और सजा सुनाई। सीबीआई की टीम ने गहन जांच और प्रभावी अभियोजन के माध्यम से विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिन्हें अदालत ने सही ठहराया।

### प्रशांत किशोर ने बढ़ाई नीतीश-लालू की मुश्किलें



**पटना।** राजनीतिक रणनीतिकार से कार्यकर्ता बने प्रशांत किशोर की जन सुराज को 2 अक्टूबर, गांधी जयंती पर एक राजनीतिक पार्टी का नाम दिया जाएगा। बिहार में एक अभियान के रूप में शुरू हुआ जन सुराज इस साल एक राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत हो जाएगा। प्रशांत किशोर ने 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए अपनी पार्टी जन सुराज की योजना की घोषणा की थी। प्रतिनिधित्व को व्यापक बनाने के उद्देश्य से, किशोर ने जन सुराज बैनर के तहत अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) श्रेणी से कम से कम 75 उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का अपना इरादा भी बताया था। प्रशांत किशोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित प्रमुख राजनेताओं के लिए चुनावी रणनीतिकार रहे हैं। किशोर ने पुष्टि की है कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेंगे। दो साल पहले अभियान शुरू करने वाले किशोर ने कहा, ह्यह्यजैसा कि पहले कहा गया है, जन सुराज अभियान दो अक्टूबर को एक राजनीतिक पार्टी बन जाएगा और अगले साल विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। पार्टी नेतृत्व जैसे अन्य विवरण समय आने पर तय किए जाएंगे। प्रशांत किशोर ने भारत रत्न से सम्मानित समाजवादी नेता के छोटे बेटे वीरेंद्र नाथ ठाकुर की बेटी जागृति ठाकुर के प्रवेश का स्वागत किया।

### नीति आयोग की बैठक का विवाद : ममता की आवाज बंद करने पर विधानसभा में चर्चा

कोलकाता। नीति आयोग की बैठक में ममता बनर्जी के माइक बंद करने के विवाद की गूंज पश्चिम बंगाल विधानसभा में सुनाई देगी। तृणमूल कांग्रेस ने इस घटना के विरोध में विधानसभा में चर्चा कराने की योजना बनाई है। शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नीति आयोग की बैठक में भाग लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें बार-बार बाधित किया गया और अंततः उनका माइक बंद कर दिया गया। इसके बाद वे बैठक से बाहर आ गईं। तृणमूल का विधायी दल इस घटना पर विधानसभा में जोरदार विरोध दर्ज कराना चाहता है। तृणमूल के प्रमुख सचेतक निर्मल घोष ने कहा कि हम इस व्यवहार के खिलाफ विधानसभा में विरोध जताएंगे और चर्चा करेंगे। सोमवार को प्रश्नोत्तर सत्र के बाद तृणमूल और भाजपा विधायकों को अपने मुद्दे उठाने का मौका मिलेगा। तृणमूल इस दौरान निंदा प्रस्ताव लाने की योजना बना रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ममता बनर्जी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ममता बनर्जी का दावा असत्य है। उन्हें सच्चाई बतानी चाहिए।

## लोस में सपा सांसद डिंपल यादव ने किसानों के मुद्दों पर सरकार को घेरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



उत्तर प्रदेश की मैनपुरी सीट से समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने सोमवार को लोकसभा में किसान, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दे उठाये। यादव ने बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि हमारा देश किसान प्रधान और कृषि प्रधान है। लेकिन, हम किसान और युवाओं का भविष्य सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं। मुझे लगता है कि हम अपने फर्ज से डगमगा रहे हैं। उन्होंने कहा, हाल ही में पेश बजट में वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) ने नौ प्राथमिकताओं की बात कही जिसमें कृषि को पहला स्थान दिया गया। मैं पूछना चाहती हूं कि कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर क्या है। सरकार ने कहा था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करेंगे, उस वादे का क्या हुआ। एमएसपी का वादा किया गया। मैं पूछना चाहूंगी कृषि मंत्री से कि कृषि के लिए कितना बजट दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश को इस बजट के तहत क्या मिला है। क्या एक भी मंडी उत्तर प्रदेश में बनी है। किसानों की जरूरतों के संबंध में क्या सरकार ने जीएसटी में माफी की है।

# बिहार में पुलों के ढहने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सभी पक्षों से मांगा जवाब

***एजेंसी। पटना*** **बिहार में एक दर्जन से अधिक पूलों के ध्वस्त होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया है। इस मामले में दायर याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने तमाम पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने बिहार सरकार, एनएचएआई और सड़क परिवहन मंत्रालय से जवाब मांगा है।**

### 12 पुलों के गिरने के बाद दायर हुई याचिका

बिहार में लगातार पुलों के गिरने के मामले को लेकर बीते 4 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता ने पिछले दो साल के भीतर 12 पुलों के गिरने का हवाला देते हुए स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का आदेश देने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की थी। छोटे-बड़े सभी पुलों के गिरने की घटना की जांच कराने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बिहार सरकार, ठऌअक और सड़क परिवहन मंत्रालय को नोटिस जारी कर जवाब मांग दिया है। बिहार सरकार, ठऌअक और सड़क परिवहन मंत्रालय की तरफ से जवाब दाखिल करने के बाद सुप्रीम कोर्ट में फिर से मामले की सुनवाई होगी।



### महागठबंधन सरकार के समय गिरा था अगुवानी पुल

बिहार में पुल गिरने का सिलसिला उस वक्त शुरू हुआ था, जब राज्य में महागठबंधन की सरकार थी। तेजस्वी यादव डिप्टी सीएम के साथ साथ पथ निर्माण विभाग के मंत्री भी थे। इसी दौरान बिहार में पुल गिरने का पहला मामला सामने आया था। भागलपुर में निमार्णाधीन अगुवानी पुल का एक हिस्सा गिर गया था और पुल के कुछ पाया गंगा में समा गए थे। इस घटना को लेकर खूब सियासत भी हुई थी। पुल निर्माण कंपनी एसपी सिंगला के ऊपर गंभीर आरोप लगे थे। तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री तेजस्वी यादव पर भी सवाल उठे थे। अगुवानी पुल के बाद बिहार में पुल गिरने का सिलसिला लगातार जारी है। इसके बाद से बिहार में कई पुल गिर चुके हैं। हाल के दिनों में हर दिन पुलों के गिरने की घटनाएं सामने आई हैं।

## विधानसभा में भाजपा विधायकों का हंगामा, वॉकआउट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार को विपक्षी भाजपा ने एक चर्चा के लिए विधायक सुमन कांजीलाल का नाम शामिल किए जाने पर विरोध जताते हुए वॉकआउट किया। भाजपा विधायक दल के नेता शंकर घोष ने दावा किया कि उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार से भाजपा विधायक के रूप में चुने गए कांजीलाल अब तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। घोष ने स्पीकर को बताया कि भाजपा विधायक दल ने चर्चा में भाग लेने के लिए कांजीलाल का नाम नहीं दिया है। हालांकि, स्पीकर बिमान बनर्जी ने कांजीलाल का नाम चर्चा में शामिल करने की अनुमति दी। इसके विरोध में भाजपा विधायकों ने नारेबाजी की और सदन में अवकाश के बाद जब कार्यवाही फिर से शुरू हुआ, तो वे वॉकआउट कर गए। सदन में उत्तर बंगाल में बाढ़ नियंत्रण और कटाव से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जा रही थी।

## आज का राशिफल

**मेष:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृषभ:** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्धि कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**मिथुन:** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

**कर्क:** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**सिंह:** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा।

**कन्या:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला:** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक:** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें।

**धनु:** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मकर:** आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें।

**कुम्भ:** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन:** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

## व्यापार/लाइफ व साइंस


### 1.4 लाख स्टार्टअप ने सृजित किए 15.5 लाख प्रत्यक्ष रोजगार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में सरकार से पहचान प्राप्त कर चुके स्टार्टअप ने मिलकर अब तक 15.5 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार के मौके सृजित किए हैं। सरकार की ओर से बीते एक दशक में देश में स्टार्टअप कल्चर को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (एमएसडीई) ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) की ओर से 1,40,803 स्टार्टअप की पहचान की गई है।

# 2 अगस्त को खुलेगा ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ, प्राइस बैंड 72 से 76 रु. प्रति शेयर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी ओला का 6,145.96 करोड़ रुपए का आईपीओ 2 अगस्त को आम निवेशकों के लिए खुलने जा रहा है। इस आईपीओ के लिए बोलियां 6 अगस्त तक लगाई जा सकती हैं। इसका प्राइस बैंड 72 रुपए से लेकर 76 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। इस आईपीओ का 10 प्रतिशत हिस्सा रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व रखा गया है। ओला के पब्लिक इश्यू का साइज 6,145.96 रुपए होगा। इसके मुताबिक, कंपनी की मार्केट कैप



करीब 33,500 करोड़ रुपए होगी। आईपीओ में 84.94 मिलियन शेयरों का ऑफर फॉर सेल भी होगा, जिसकी वैल्यू करीब 646 करोड़ रुपए (उच्च बैंड प्राइस के मुताबिक) होगी। वहीं, फ्रेश इश्यू का साइज 5,500 करोड़ रुपए का होगा। ओएफएस में ओला इलेक्ट्रिक के प्रमोटर भावेश अग्रवाल और इंसड ट्रस्ट की ओर से क्रमशः 3.79 करोड़ और 41.79 लाख शेयर बेचे जाएंगे। इसके अलावा एसवीएफ ऑस्ट्रिच (डीई) एलएलसी, अल्फा वेव वेंचर्स क्क एलपी, अल्पाइन अपॉर्चुनिटी फंड श्क एलपी, इंटरनेट फंड पीटीई, मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया इन्वेस्टमेंट्स एलएलसी और आशना एडवाइजर्स एलएलपी भी ओएफएस में भाग लेंगे। ओला इलेक्ट्रिक की ओर से आईपीओ से जुटाई गई राशि में से 1,227 करोड़ रुपए का उपयोग सेल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को बढ़ाने के लिए करेगी।

# सेनोरेस फार्मा ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किए दस्तावेज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अहमदाबाद स्थित औषधि कंपनी सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने सोमवार को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति बिनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी की योजना इसके तहत 500 करोड़ रुपये जुटाने की है। पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष कंपनी के दाखिल दस्तावेज के मुताबिक यह आईपीओ 500 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और 27 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन होगा। इसके अलावा



औषधि कंपनी आईपीओ पूर्व निर्गम में 100 करोड़ रुपये तक जुटाने पर विचार कर सकती है। ऐसा होने पर नए निर्गम का आकार कम हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स विशिष्ट तथा जटिल औषधि उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला की पहचान, विकास तथा विनिर्माण में विशेषज्ञता रखती है। इस कंपनी में प्रमोटरों की हिस्सेदारी 66.67 फीसदी है, जबकि शेष शेयर सार्वजनिक शेयरधारकों के पास हैं।

## बायोलॉजिकल उम्र कम करना चाहते हैं तो अपनाएं शाकाहार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक शोध में पता चला है कि यदि आप आठ सप्ताह तक लगातार शाकाहार खाते हैं तो इससे बायोलॉजिकल उम्र कम करने में मदद मिल सकती है। बायोलॉजिकल उम्र जानने से मधुमेह या मनोभ्रंश के जोखिम को समझने में मदद मिल सकती है। बीएमसी मेडिसिन नामक पत्रिका में प्रकाशित शोध से पता चला है कि देखी गई बायोलॉजिकल उम्र में आई कमी डीएनए मिथाइलेशन के स्तर पर आधारित है। यह डीएनए का एक प्रकार का रासायनिक संशोधन (केमिकल मॉडिफिकेशन) है, जो जीन अभिव्यक्ति को बदल देता है, हालांकि डीएनए में कोई बदलाव नहीं होता। इस शोध में 21 वयस्क समान जुड़वां बच्चों का अध्ययन किया गया, जिनमें कुछ दिनों के लिए शाकाहार अपनाने के प्रभाव की जांच की गई। टीम ने हर जुड़वा लोगों में एक को आठ सप्ताह तक सवार्हार खाने को कहा, जिसमें प्रतिदिन 170 से 225 ग्राम मांस, एक अंडा और डेढ़ सर्विंग डेयरी उत्पाद शामिल थे। वहीं, उनके दूसरे जुड़वा इस दौरान सिर्फ शाकाहार खाने को कहा गया। टीम ने पाया कि शाकाहार करने वाले प्रतिभागियों में अनुमानित जैविक आयु (बायोलॉजिकल उम्र) में कमी देखी गई, जिसे एपीजेनेटिक एजिंग क्लॉक के रूप में जाना जाता है।

## इंडियन बैंक को जून तिमाही में 2403 करोड़ का मुनाफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने चालू वित्त वर्ष 20224-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अप्रैल-जून तिमाही में बैंक का मुनाफा 41 फीसदी बढ़कर 2,403 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बैंक को 1,709 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इंडियन बैंक ने सोमवार को

*जून तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 41 फीसदी बढ़कर 2,403 करोड़ रु.*

शेयर बाजार को बताया कि खराब कर्ज में कमी से अप्रैल-जून तिमाही में बैंक के नतीजे बेहतर रहे हैं। बैंक के मुताबिक पहली तिमाही में इंडियन बैंक की कुल आय बढ़कर 16,945 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 14,759 करोड़ रुपये थी। चेन्नई स्थित बैंक की पहली तिमाही में ब्याज आय सालाना आधार पर 13,049 करोड़ रुपये से बढ़कर 15,039 करोड़ रुपये हो गई। बैंक के मुताबिक परिसंपत्ति की गुणवत्ता के मामले में उसकी सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 30 जून, 2024 तक कुल कर्ज पर 3.77 फीसदी थी, जो एक साल पहले 5.47 फीसदी था।

## पेरिस ओलिंपिक : आज के कार्यक्रम

**हॉकी**
- पुरुष ग्रुप बी: भारत बनाम आयरलैंड-शाम 4:45 बजे

**तैराकी**
- पुरुष 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल - सुबह 12:49 बजे
- महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल - सुबह 1:11 बजे

**तीरंदाजी**
- पुरुष व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड - दोपहर 3:30 बजे
- महिला व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड - दोपहर 3:30 बजे

**बैडमिंटन**
- पुरुष एकल ग्रुप स्टेज - दोपहर 2:30 बजे
- महिला एकल ग्रुप स्टेज - दोपहर 12:00 बजे
- पुरुष युगल ग्रुप स्टेज - दोपहर 12:50 बजे
- महिला युगल ग्रुप स्टेज - दोपहर 1:40 बजे

**शूटिंग**
- पुरुष ट्रैप क्वालिफिकेशन - टीबीडी
  महिला ट्रैप क्वालिफिकेशन - टीबीडी
- मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल कांस्य पदक मैच - दोपहर 1:00 बजे
- मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्वर्ण पदक मैच - दोपहर 1:30 बजे
- पुरुष ट्रैप फाइनल - शाम 7:00 बजे

**टेबल टेनिस**
- पुरुष एकल राउंड ऑफ 32 - दोपहर 1:00 बजे
- महिला एकल राउंड ऑफ 32 - दोपहर1:00 बजे से

**बॉक्सिंग**
- पुरुष 51 किग्रा राउंड ऑफ 16 - दोपहर 2:30 बजे
- महिला 54 किग्रा राउंड ऑफ 16 - दोपहर 3:50 बजे
- महिला 57 किग्रा राउंड ऑफ 32 - शाम 4:38 बजे

**टेनिस**
- पुरुष एकल दूसरा राउंड - दोपहर 3:30 बजे
- पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल - दोपहर 3:30 बजे

**घुड़सवारी**
- ड्रेसेज व्यक्तिगत दिन 1 - दोपहर 2:30 बजे

**रोइंग**
- पुरुष एकल स्कल्स क्वार्टरफाइनल - दोपहर 1:40 बजे

## पदक तालिका

| टीम | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | टोटल |
|---|---|---|---|---|
| 1. जापान | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 2. ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 0 | 6 |
| 3. अमेरिका | 3 | 6 | 3 | 12 |
| 4. फ्रांस | 3 | 3 | 2 | 8 |
| 5. सा. कोरिया | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 6. चीन | 3 | 1 | 2 | 6 |
| 7. इटली | 1 | 2 | 3 | 6 |
| 8.कजाकिस्तान | 1 | 0 | 2 | 3 |
| 9.जर्मनी | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 22. भारत | 0 | 0 | 1 | 1 |

## पेरिस ओलंपिक बैडमिंटन: भारतीय महिला युगल जोड़ी पोनप्पा-क्रैस्टो को मिली दूसरी हार



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला युगल बैडमिंटन में भारत की तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को सोमवार को जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी ने हरा दिया। क्रैस्टो और पोनप्पा को ग्रुप सी के दूसरे एकतरफा मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले, भारतीय जोड़ी को अपने अभियान के पहले मैच में भी हार का सामना करना पड़ा था। वे कोरिया गणराज्य के किम सो यियोंग और कोंग ही योंग के खिलाफ सीधे सेटों में हार गए थे। सो यियोंग-ही योंग ने भारतीय जोड़ी को 21-18, 21-10 से हराया। यह खेल 46 मिनट तक चला। भारतीय राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य सेन शाम 5:30 बजे अपने ग्रुप एल मैच में बेल्जियम के जूलियन कैरागी से भिड़ेंगे। सेन की योग्यता की संभावनाओं को उस समय गंभीर झटका लगा, जब ओलंपिक में बैडमिंटन पुरुष एकल ग्रुप एल मैच में ग्वाटेमाला के केविन कॉर्डन पर उनकी शानदार जीत को 'हटा दिया गया' क्योंकि ग्वाटेमाला के खिलाड़ी ने बाएं कोहनी की चोट के कारण बहु-खेल आयोजन से अपना नाम वापस ले लिया। कॉर्डन ने चल रहे पेरिस ओलंपिक से खुद को वापस ले लिया, जिसके लिए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और बेल्जियम के जूलियन कैराग्गी के खिलाफ उनके आगामी ग्रुप एल मैच नहीं खेले जाएंगे।

# पेरिस ओलंपिक : दस मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पर आज निशाना साधेंगे मनु-सरबजोत

### भाकर और सरबजोत की जोड़ी 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रही

**एजेंसी। पेरिस**

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के निशानेबाजी अभियान को एक और सकारात्मक सफलता मिली, जब मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रही, जिससे कांस्य पदक मैच में उनकी जगह पक्की हो गई।

मनु-सरबजोत, जिन्होंने कुल 580-20 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया, चौथे स्थान पर रहने वाली दक्षिण कोरिया से मंगलवार को भिड़ेंगे, जिसने 579-18 अंक प्राप्त किए। स्वर्ण पदक का मुकाबला तुर्किये (582-18) और सर्बिया (581-24) के बीच होगा। रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा 10वें स्थान पर रहे और इसलिए पदक मैच से चूक गए। मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में, टीम के प्रत्येक सदस्य को 30 मिनट की अवधि में कुल 30 शॉट लगाने थे। शॉट्स की प्रत्येक श्रृंखला में प्रत्येक खिलाड़ी के 10 शॉट और कुल 20 शॉट होते हैं। शीर्ष चार टीमों को पदक राउंड के लिए क्वालीफाई करने का विशेषाधिकार मिला जिसमें स्वर्ण के लिए और तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें कांस्य के लिए भिड़ेंगी।



**चौथे स्थान पर रहने वाली दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे**

रिदम और चीमा की टीम ने शॉट्स की अपनी पहली श्रृंखला के अंत में 194 अंकों के साथ पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों ने 97-97 अंक हासिल किए। दूसरी टीम मनु-सरबजोत 193 अंकों के साथ छठे स्थान पर रही, जिसमें मनु को 98 और सरबजोत को 95 अंक मिले। अपनी दूसरी सीरीज में मनु और सरबजोत ने कुल 195 अंक हासिल किए, जिसमें मनु को 98 और सरबजोत को 97 अंक मिले।

दूसरी ओर, रिदम और चीमा ने अपनी दूसरी सीरीज में 192 अंक हासिल किए, जिसमें रिदम को 99 और चीमा को 93 अंक मिले। अपनी तीसरी सीरीज में मनु भाकर-सरबजोत ने 192 अंक हासिल किए।

## महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 7वें स्थान पर रहीं रमिता



**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज रमिता जिंदल सोमवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं। वह एलिमिनेशन के लिए फ्रांस की ओसेन मुलर के साथ शूट-ऑफ में शामिल थीं और 10.5 अंकों के साथ बाहर हो गईं, जबकि फ्रांसीसी शूटर 10.8 अंक ही बना पाईं। फाइनल के बाद भारतीय शूटर का कुल स्कोर 145.3 रहा। रमिता पहले नौ शॉट के बाद तीसरे स्थान पर थीं, लेकिन 10वें शॉट में वह मात्र 9.7 अंक ही बना पाईं, जिससे वह सातवें स्थान पर खिसक गईं। लेकिन उन्होंने 10.4 और 10.5 के शॉट के साथ पहले एलिमिनेशन को टालने के लिए घबराहट से लड़ाई लड़ी। अगले कुछ शॉट में, उन्होंने 10.2 के समान स्कोर बनाए और मुलर के साथ बराबरी पर रहीं, लेकिन बाद में शूट-ऑफ में मुलर ने जीत हासिल की।

## पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में चौथे स्थान पर रहे अर्जुन बाबूता



**पेरिस।** अर्जुन बाबूता सोमवार को पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर पुरुष एयर राइफल स्पर्धा में पोडियम स्थान के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। बबूता ने अधिकांश समय शीर्ष तीन में जगह बनाने की कोशिश की, लेकिन अंतिम शॉट में 9.5 के स्कोर के कारण वह पीछे रह गए। इससे पहले, 60 शॉट की क्वालीफिकेशन सीरीज में बबूता ने कुल 630.1 अंक हासिल किए और सातवां स्थान हासिल किया। बबूता पेरिस 2024 खेलों में शूटिंग स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले तीसरे भारतीय हैं। पहली भारतीय मनु भाकर थीं, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पहुंचीं और कांस्य पदक जीता।

दूसरी भारतीय रमिता जिंदल थीं, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं।

## क्रिकेट का ओलंपिक हिस्सा बनना सचमुच अभूतपूर्व : राहुल द्रविड़

**एजेंसी। पेरिस**

भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक के खेल कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल किए जाने की सराहना करते हुए इसे वास्तव में अभूतपूर्व बताया।

द्रविड़ ड्रीम स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित एक विशेष पैनल चर्चा का हिस्सा थे, जिसका शीर्षक था 'ओलंपिक में क्रिकेट - एक नए युग की शुरूआत', जो चल रहे पेरिस ओलंपिक में पहली बार इंडिया हाउस में आयोजित किया गया था। इंडिया हाउस की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में द्रविड़ के हवाले से कहा गया, अगर आपको खेल से उतना ही प्यार है जितना मुझे है, तो आप ओलंपिक के साथ बड़े हुए हैं। मेरी सबसे पुरानी यादें कार्ल लुईस के ओलंपिक जीतने और भारत में टेलीविजन के आने से जुड़ी हैं। हम इन महान एथलीटों को खेलते और खेलते देखने के लिए टेलीविजन सेट से चिपके रहते थे। आप हमेशा एक महान आयोजन का हिस्सा बनना चाहते हैं। क्रिकेट में आपके पास शानदार आयोजन हैं।

## झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को जारी किया नोटिस, मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्यसभा के पूर्व सदस्य अजय मारू की झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता रद्द करने से संबंधित मामले में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी के कार्यकाल के दौरान झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के जनरल बॉडी मीटिंग में सभी सदस्यों को बुलाए जाने के लिए नोटिस जारी नहीं करने पर अजय मारू ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद वर्ष 2020 में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने बिना नोटिस के उन पर कार्रवाई करते हुए उन्हें एसोसिएशन की किसी भी कार्यवाही में भाग नहीं लेने एवं जेएससीए के क्लब एवं स्टेडियम की फैसिलिटी सुविधा का इस्तेमाल नहीं करने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा है कि उनकी ओर से झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन की एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग की प्रक्रिया के खिलाफ आवाज उठाई गई थी।

## इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले खिलाड़ी बने यशस्वी जायसवाल



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इस कैलेंडर वर्ष में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। जायसवाल ने पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी 20 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। बारिश से प्रभावित मैच में 8 ओवर में 78 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, जायसवाल ने सिर्फ 15 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रनों की तेज पारी खेली। उनके रन 200.00 के स्ट्राइक रेट से आए। इस साल सिर्फ 13 मैचों में, जायसवाल ने 63.93 की औसत और 94.54 की स्ट्राइक रेट से 1,023 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* है। विशेष रूप से, ये सभी टेस्ट और टी-20 में उनके प्रदर्शन से आए हैं क्योंकि उन्होंने अभी तक अपना वनडे डेब्यू नहीं किया है। दूसरे नंबर पर, श्रीलंकाई खिलाड़ी कुसल मेंडिस (26 मैचों में 888 रन, छह अर्द्धशतक के साथ) और तीसरे नंबर पर अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान (25 मैचों में 844 रन, एक शतक और आठ अर्द्धशतक के साथ) हैं। इस साल छह टेस्ट मैचों में जायसवाल ने 11 पारियों के बाद 74.00 की औसत से 740 रन बनाए हैं। इसमें दो दोहरे शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* है। सात टी20आई में उन्होंने 47.16 की औसत से 283 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक और 175.77 की स्ट्राइक रेट शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 77* है।

## कठिन यात्रा करके पहुंचा अफगान का जूडो खिलाड़ी



**शेटराउ (फ्रांस)।** ओलंपिक खेलने पहुंचे लगभग सभी खिलाड़ियों को तैयारियों के लिए पूरी सुविधाएं दी जाती है लेकिन जब खिलाड़ी युद्ध से जर्जर अफगानिस्तान जैसे देश से हो तो उसे खेलों के इस महासमर में भाग लेने का अपना सपना पूरा करने के लिए छह हजार किलोमीटर और पांच देशों की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। अफगानिस्तान के जूडो खिलाड़ी सिबगातुल्लाह अरब 2021 में तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान से भाग निकले। इसके बाद पांच देशों में शरण ली और आखिर में 6000 किलोमीटर का सफर तय करके जर्मनी पहुंचे। वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की शरणार्थी टीम का हिस्सा हैं और पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की जूडो स्पर्धा के 81 किलोवर्ग में उतरेंगे। अफगानिस्तान में टीवी पर जूडो की विश्व चैम्पियनशिप देखकर उन्हें इस खेल से मुहब्बत हो गई लेकिन उनके शौक को परवान चढ़ाने का कोई जरिया नहीं था। तालिबान के कब्जे के बाद वह यूरोप भाग गए जिस समय उनकी उम्र सिर्फ 19 साल थी। उन्होंने कहा, ह्यजब मैने अफगानिस्तान छोड़ा तो पता नहनीं था कि बचूंगा या नहीं। इतनी दिक्कतें झेली है।'

# जितना हो सके उतना खेले हार्दिक : रवि शास्त्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के लिए बीते कुछ दिन अच्छे नहीं रहे। चाहे पर्सनल हो या प्रोफेशनल लाइफ, उन्हें कई नुकसान उठाने पड़े हैं। इस बीच टीम इंडिया के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने हार्दिक को फिटनेस हासिल करने और सही ट्रैक पर लौटने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। भारत के विजयी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अभियान में हार्दिक पांड्या उप-कप्तान थे। रोहित शर्मा के टी20 फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद हार्दिक कप्तानी संभालने के प्रबल दावेदार थे। हालांकि, जब मौजूदा श्रीलंका दौरे के लिए टीम की घोषणा की गई, तो उन्हें केवल एक



खिलाड़ी के रूप में जगह मिली, जबकि सूर्यकुमार यादव को भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान बनाया गया और शुभमन गिल को उपकप्तानी सौंपी गई।

टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने इस फेरबदल के पीछे का तर्क हार्दिक की फिटनेस और सभी मैचों के लिए उनकी उपलब्धता में कमी को ठहराया।

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने दौरे से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वे ऐसे खिलाड़ी को प्राथमिकता देते हैं, जिसकी उपलब्धता लगातार विश्वसनीय हो। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' के एपिसोड में कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि वह खेलना जारी रखें। मेरा मानना ??है कि फिटनेस बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए जो भी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच है, उसे जितना संभव हो उतना खेलना चाहिए। अगर वह मजबूत और फिट महसूस करता है, तो जाहिर है कि वह वनडे मैच के लिए भी टीम में आएगा लेकिन फिर, गेंदबाजी महत्वपूर्ण हो जाती है।

# टेनिस में पदक का सपना रह गया अधूरा

**एजेंसी। पेरिस**

सुमित नागल के एकल तथा रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी की पुरुष युगल जोड़ी के पहले दौर में हारने के साथ ही भारत की पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में चुनौती समाप्त हो गई। भारत ने टेनिस में केवल एक ओलंपिक पदक जीता है। लिएंडर पेस ने 1996 के अटलांटा खेलों में एकल में कांस्य पदक जीता था। बोपन्ना और बालाजी को एडवर्ड रोजर वासेलिन और गेल मोनफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी से 5-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। मोनफिल्स ने अंतिम समय में घरेलू टीम में घायल फैबियन रेबौल की जगह ली थी। बोपन्ना का यह संभवतः आखिरी ओलंपिक था। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी डेविस कप से पहले ही संन्यास ले चुका है। इससे पहले रविवार को नागल कोर्ट पर उतरने वाले पहले खिलाड़ी थे, लेकिन उनका मजबूत बेसलाइन



गेम फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ पर्याप्त नहीं लग रहा था, जिन्होंने तीन सेट में शानदार जीत हासिल की। ओलंपिक खेलों में दूसरी बार भाग ले रहे नागल ने पहला सेट हारने के बाद वापसी की, लेकिन आखिर में उन्हें दो घंटे और 28 मिनट तक चले मैच में 2-6, 6-4, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा।

# 2025 टी-20 के पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत अगले साल टी-20 प्रारूप में पुरुषों के एशिया कप की मेजबानी करेगा, जबकि यह टूर्नामेंट 2027 में बांग्लादेश में 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा।

एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा जारी प्रायोजन अधिकार दस्तावेज के लिए रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण के अनुसार, कुल 13 मैच टूर्नामेंट में होंगे जिसमें छह टीमें - भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान भाग लेंगी और छठी टीम क्वालीफाइंग इवेंट के जरिए चुनी जाएगी।

हालांकि तारीखों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, लेकिन

**1** यह टूर्नामेंट 2027 में बांग्लादेश में 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा

**2** भारत, पाक, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान भाग लेंगी और छठी टीम क्वालीफाइंग इवेंट के जरिए चुनी जाएगी

**3** 2026 में कोई पुरुष एशियाई टूर्नामेंट नहीं होगा, महिला एशिया कप खेला जायेगा




सूत्रों ने संकेत दिया है कि देश में मानसून का मौसम खत्म होने के बाद सितंबर में इसे आयोजित किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के भविष्य दौरा कार्यक्रम 023-27 के अनुसार, भारत का अगले साल काफी व्यस्त कार्यक्रम है, क्योंकि जनवरी-फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज होगी, उसके बाद फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी होगी।

आईपीएल खत्म होने के बाद, टीम जून से अगस्त तक इंग्लैंड का दौरा करेगी और फिर तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए बांग्लादेश जाएगी। इसलिए, एशिया कप बांग्लादेश सीरीज के बाद और अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले आयोजित होने की उम्मीद है।

हालांकि, बीसीसीआई के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि संभावित स्थलों के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जबकि 2026 में कोई पुरुष एशियाई टूनामेंट नहीं होगा, उस साल महिला एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, उसके बाद पुरुषों का अंडर-19 और इमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट होगा।

# गढ़वा से अपराधीकरण के समाप्ति के लिए जनता तैयार: सत्येंद्रनाथ

- पूर्व विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार के कार्य प्रणाली से लोग ऊब चुके हैं
- आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनेगी और राज्य की विधि-व्यवस्था को फिर से चुस्त दुरुस्त किया जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। राज्य सरकार के पौने पांच वर्ष में लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। गढ़वा में दिन दहाड़े गोली चालन की घटना घट रही है। सभी जाति व धर्म के व्यवसायी वर्ग सहमा हुआ है। एक तरफ लोगों को झूठे केस में फंसाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ आए दिन आपराधिक घटनाएं घट रही है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने सोमवार को कही। वह सदर प्रखंड के टेढ़ी हरैया गांव में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गांव के 50 से अधिक मुस्लिक समुदाय के लोग झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व विधायक ने सभी को पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार के कार्य प्रणाली से लोग ऊब चुके हैं। सभी की निगाह भाजपा की ओर है। आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनेगी और राज्य की विधि-व्यवस्था को फिर से चुस्त दुरुस्त किया जाएगा। ताकि लोग अमन व चैन से जीवन गूजर बसर कर सकें। उन्होंने कहा कि स्थानीय मंत्री सह विधायक गढ़वा का अपराधिकरण की ओर ढकेल दिए है। गढ़वा के लोग न्यायप्रिय व्यवस्था में विश्वास करते है। आने वाले चुनाव में गढ़वा से अपराधिकरण को समाप्त करने के लिए क्षेत्र की जनता आतुर है।

## हेमंत सरकार में विधि व्यवस्था चौपट : ग्रामीण

पार्टी में शामिल होने वाले ग्रामीणों ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में गढ़वा ही नहीं बल्कि पूरे राज्य की जनता, खासकर व्यवसायी शांति से रह रहे थे। लेकिन जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है। विधि-व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। आए दिन गोली चालन की घटना से आम-आवाम दहशत में है। गढ़वा में कई घटनाएं घटी है। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों की हत्या कर दी गई। बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है।

### भूमि विवाद में पिता-पुत्र घायल, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के दरुआ गांव के नोनिया बिगहा टोला में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में संतोष कुमार सिंह व आयुष्मान सिंह दोनों पिता पुत्र घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद दोनों को मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार नोनिया विगहा निवासी संतोष कुमार सिंह अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच उनके चाचा व चचेरे भाई वहां पहुंचे। और संतोष कुमार सिंह के साथ मारपीट की। जिससे संतोष सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर संतोष कुमार सिंह के पुत्र आयुष्मान सिंह वहां बीच बचाव करने का प्रयास किया। परंतु उसके साथ मारपीट की गई। इस घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## न्यूज बॉक्स

### कादलकुर्मी में ग्रामसभा आज

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी पंचायत सचिवालय में मंगलवार की सुबह 8 बजे से ग्रामसभा होगी। इसमें सभी ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। ग्रामसभा में अबूआ आवास और मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना पर विशेष रूप से चर्चा होगी। योग्य लाभुकों का चयन भी किया जाएगा। अध्यक्षता मुखिया अनिता देवी करेंगी। पंचायत सचिव विवेकानंद पटेल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए सभी से ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है।

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पाटन मंडल के सभी बूथों पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुना गया। मन का बात सुनने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह, पशुपति शर्मा, जितेंद्र सोनी, कमता सिंह, उमाशंकर सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, अंजय सिंह, अभय कुमार सिंह, नीरज सिंह, विपिन शुक्ला, रविनाथ साहू, बहादुर मेहता, शांति पांडे, सत्येंद्र कुमार सिंह, आंनद कुमार सिंह, नॉलेज कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, पूनम देवी, सरिता देवी, जितेंद्र सिंह, रोशन कुमार, कुशवाहा प्रदीप चंद्रवंशी, प्रिंस कुमार, विकास कुमार, अखिलेश कुमार पासवान सहित कई कार्यकर्ताओं ने सुना है।

### जन संघर्ष मोर्चा की बैठक में पहुंचे पूर्व सांसद

**पाटन।** प्रखंड के किशुनपुर काली मंदिर परिसर के समीप रविवार को जन संघर्ष मोर्चा के एकदिवसीय बैठक किया गया। बैठक में 2019 की विधानसभा चुनाव में पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार को जन संघर्ष मोर्चा के द्वारा समर्थन दिया गया था। कार्यकर्ताओं के साथ उसकी समीक्षा की गई। जिसकी अध्यक्षता जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उमेश सिंह ने की। कार्यक्रम की संचालन शैलेश मेहता ने किया। समीक्षा बैठक में वर्तमान विधायक पुष्पा देवी तथा पूर्व सांसद सभा भाजपा नेता मनोज कुमार का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहता था। यह अपने कार्यकाल में बिजली पानी सिंचाई शिक्षा स्वास्थ्य सड़क इत्यादि के मुद्दे पर काफी विकास की धारा बहाते रहे। इन्होंने हमेशा क्षेत्र एवं जनता के बीच अपना भरपूर समय दिया है। इनके सराहनीय कार्य को देखते हुए इस बार फिर जन संघर्ष मोर्चा के द्वारा। फिर से 2024 विधानसभा चुनाव में पाटन छतरपुर की माननीय विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार को सर्वसम्मति से समर्थन देने का निर्णय लिया है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक दो को

**हुसैनाबाद।** कांग्रेस कमेटी की हुसैनाबाद प्रखंड इकाई ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आगामी 2 अगस्त को दुर्गा बाड़ी परिसर हुसैनाबाद में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक आहूत की है। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से इस संबंध में जानकारी देते हुए हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी नवल किशोर पाठक ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रदेश व जिला के पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता पार्टी का उम्मीदवार देने की मांग प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व से कर रहे हैं। विधानसभा प्रभारी पाठक ने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं से जिला व प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद कांग्रेस का गढ़ रहा है। कांग्रेस पार्टी उम्मीदवार देगी तो कार्यकर्ता उसे विधानसभा भेज कर दिखा सकते हैं। दो अगस्त की बैठक में पार्टी के कार्यकर्ता अपनी भावनाओं से जिला व राज्य के नेताओं को अवगत कराएंगे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी, अर्जुन सिंह, अंबिका सिंह, शैलेश सिंह, अवधबिहारी सिंह, नदीम खान, राजेश तिवारी आदि मौजूद थे।

# हुसैनाबाद विधायक ने सदन में उठाया चौकीदार भर्ती का मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला में चौकीदार की सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति को आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में सोमवार को आवाज बुलंद की। वह लगातार इस मामले को लेकर आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। मालूम हो कि पलामू जिले में चौकीदार के पदों पर सीधी भर्ती के लिए उपायुक्त द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2024, दिनांक 02 जुलाई 2024 प्रकाशित किया है। जिसमें चौकीदार के 156 पदों की भर्ती की जानी है। इस विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण को शून्य कर देने पर विवाद उत्पन्न हो गया है। इस मामले को लेकर सोमवार को हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह द्वारा विधानसभा में पूछे गए अल्पसूचित प्रश्न संख्या-26 के उत्तर में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। पलामू जिले में



उपायुक्त के द्वारा चौकीदार के 156 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। आयुक्त, पलामू प्रमंडल के द्वारा आरक्षण रोस्टर शोधन कोटिवार अनुमोदित किया गया है। जिसके अनुसार पलामू जिला में चौकीदार संवर्ग का कुल स्वीकृत पद-443 है। जिसके विरूद्ध कार्यरत बल-281 है तथा रिक्त पद 162 है। जिनमें अनुसूचित जाति श्रेणी अन्तर्गत कुल स्वीकृत पद 120 के विरूद्ध वर्तमान में 120 चौकीदार कार्यरत है। इसलिए अनुसूचित जाति के लिए कोई रिक्त पद नहीं है। जिस कारण प्रकाशित विज्ञापन में अनुसूचित जाति श्रेणी के लिए रिक्त पद की संख्या शून्य है। विधायक के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में विभाग ने कहा है कि बंगाल चौकीदार अधिनियम-1870 के तहत ब्रिटिश काल से अनुसूचित जाति के दुसाध उपजाति के लोगों को ही चौकीदार बहाल किया जाता था। किन्तु वर्तमान में झारखंड चौकीदारी संवर्ग नियमावली 2015 और 2019 के अनुसार चौकीदार की भर्ती। सेवा शर्तों और प्रोन्नति को विनियमित किया जाता है। इसके अलावे 1991 के बिहार सरकार के निर्देश के अनुसार, वे व्यक्ति जो 1990 के पूर्व से एवज में चौकीदार के रूप में काम कर रहे थे, उन्हें अनुकम्पा के आधार पर सेवा में नियमित किया गया था। एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा गया कि सरकार ने खंड-1 में वर्णित चौकीदार बहाली हेतु प्रकाशित विज्ञापन को रद्द करने और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण रोस्टर के अनुसार रिक्ति के विरुद्ध आरक्षण सुनिश्चित कर पुनः विज्ञापन प्रकाशित करने की योजना पर विचार नहीं किया है।

### चेकिंग अभियान में स्टेशन परिसर से लावारिस बाइक बरामद

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने रात्रि में विभिन्न चौक चौराहों व रेलवे परिसर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि नहर मोड़, नबीनगर रोड, हरिहर चौक, हैदरनगर रोड समेत अन्य चौक चौराहों पर रात्रि गश्ती के दौरान जपला रेलवे स्टेशन के पार्किंग से बिना नंबर की लावारिस बाइक बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि बाइक के संबंध में पुलिस जानकारी हासिल कर रही है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि बाइक चोरी की हो सकती है। पुलिस की भनक लगने के बाद व्यक्ति बाइक छोड़ कर भाग गया होगा। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि मादक पदार्थों व शराब तस्करी के साथ अपराध पर नियंत्रण को लेकर हुसैनाबाद पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा।

# अबुआ आवास की सूची में नाम नहीं होने पर बिखने लगी महिला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास के लाभुकों के लिए विशेष ग्रामसभा का आयोजन सोमवार को किया गया। मुखिया जितेंद्र सिंह व पंचायत सचिव शैलेंद्र कुमार चौधरी ने की। सभा शुरू होते ही रीना देवी ने सूची में नाम नहीं होने पर बिलखना शुरू कर दी। उक्त महिला रतन बिगहा गांव निवासी मुन्ना सिंह की पत्नी संगीता देवी ने उपस्थित उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान से बोली कि उनका अंकित कराने के बाद इस सभा की सूची से गायब है। उन्हें पंचायत सचिव शैलेंद्र चौधरी ने आश्वस्त किया कि स्थल जांच के बाद सूची में नाम शामिल कर दिया जायेगा। इसके बाद ही महिला शांत हो सकी है। इसमें अबुआ आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 82 लाभुकों का लक्ष्य प्राप्ति के आलोक में कच्चे घर, आवास विहीन व निराश्रित परिवार को इसके लाभ से आच्छादित किया जाना है। उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जरूरतमंद विकलांग, विधवा महीला व बेघर को पहले प्राथमिकता हर हाल में दिया जाए। साथ ही त्रुटी रहित लाभुकों का नाम स्थल जांच के बाद जोड़ने का काम किया जाए।

### पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**धुरकी।** पुलिस ने सोमवार के दिन तीन वारंटी को शशिकांत पांडेय, पिता सत्येंद्र देव पांडे, ग्राम शारदा, कुंज बिहारी गुप्ता, पिता विश्वनाथ साव, ग्राम मिरचैया, प्रभु कोरवा, पिता रामकेश कोरवा, ग्राम फटपानी तेनुआही टोला को तथा धुरकी थाना के नामजद अभियुक्त इसहाक अंसारी पिता स्वर्गीय सादिक मियां ग्राम करवापहाड को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपस्थित कराने के बाद जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर छापामारी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस तरह की छापेमारी जारी रहेगी। छापामारी दल में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के साथ सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार,यादव शामिल थे।

## विश्वकर्मा समाज की कमेटी गठित
### जयप्रकाश अध्यक्ष व मनोज शर्मा बने सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित एआईडी भवन में विश्वकर्मा समाज के प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। प्रखंड कमेटी के चुनाव विश्वकर्मा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित देवराज शर्मा, जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा, जिला सचिव उमेश शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य विनोद शर्मा और अन्य जिला के पदाधिकारियों के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सभी पदाधिकारी और समाज के लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से चुने गए। प्रखंड अध्यक्ष के रुप में जयप्रकाश शर्मा, सचिव मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष दिवाकर शर्मा, उपाध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा, संगठन सचिव रामाधार शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार शर्मा, संजय शर्मा, सुनील शर्मा, रामजी शर्मा, उमेश शर्मा, सुधीर शर्मा, रमेश शर्मा को समाज के लोगो को आगे बढ़ाने के लिए प्रखंड के दायित्व सोपा गया। साथ ही सभी के सर्वसम्मति से संरक्षक रामविलास शर्मा, विजय शर्मा, राजेंद्र शर्मा, जगदीश शर्मा, सत्येंद्र शर्मा को बनाया गया। मौके पर जिला से चलकर आए हुए विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों ने कहा की लोगों को एक सूत्र में बंध कर चलने की जरूरत है। जबतक समाज के लोग एक सूत्र में बंधकर नहीं रहेंगे तब तक समाज का विकाश नहीं हो सकता है। एक जुट होने पर हम आसानी से बड़ी से बड़ी चुनौतियां को सामना कर सकते हैं। मौके पर नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है। उसपर खरा उतरेंगे, अपने प्रयासों से प्रखंड में अपने समाज को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

# झामुमो केंद्रीय कमेटी से छतरपुर विस चुनाव लड़ने की मांग करेंगे कार्यकर्ता

**छतरपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। पंचायत तथा बूथ कमेटी को मजबूत करने के लिए लगातार बैठक की जा रही है। इससे संबंधित बैठक छतरपुर प्रखंड के चराईं पंचायत में की गई। अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम ने की। संचालन कोषाध्यक्ष शिवनाथ सुरीला ने किया। बैठक में रविंद्र राम ने बताया कि केंद्रीय कमेटी द्वारा पंचायत स्तरीय सम्मेलन में सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व पंचायत तथा बूथ कमेटी को मजबूत करने का निर्देश दिया गया है। इसकी शुरूआत चराई पंचायत से की गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता सभी पंचायत में बैठक कर पंचायत व बूथ कमेटी को मजबूत करने तथा झारखंड सरकार की योजनाओं को लोगों को बतलाने तथा लाभ दिलाने का काम करेगी। लोगों तक पार्टी सीधा पहुंच बनाएगी ताकि लोगों को बिचौलिए एवं दलालों के चंगुल से बचाया जा सके। प्राप्त आवेदनों पर जिन पदाधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं की जाएगी। उनसे संबंधित शिकायत जिला एवं राज्य कमेटी को की जाएगी। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि छतरपुर विधानसभा से गठबंधन समर्थित राजद के उम्मीदवार को बार-बार हार का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार की मांग केंद्रीय कमेटी से की जाएगी। साथ ही क्षेत्र की जनता बार-बार स्थानीय उम्मीदवारों की मांग करते रहे हैं। इसलिए झारखंड मुक्ति मोर्चा से आगामी विधानसभा चुनाव में रविंद्र राम को उम्मीदवार बनाने की मांग की जाएगी। बैठक में ग्राम पंचायत चराई समिति सदस्य बलराम सिंह, बिहारी सिंह, कुलदीप सिंह, संदीप शाह, अखिलेश प्रजापति, निर्मल भुइंया, बाबूलाल सिंह, चंदन राम, शंकर राम, प्रसाद भुइंया, वीरेंद्र सिंह, मदन यादव, सुरेश सिंह, कमलेश राम, पंचीय देवी, पंचायत अध्यक्ष कुसुम देवी, हृदय देवी, सुनीता देवी, सीता कुंवर, ललिता देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### संताल में आदिवासियों ...

छात्रों को पीटा। उन्होंने पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हम हिंदू मुसलमान नहीं कर रहे हैं, जो बांग्लादेशी घुसपैठियों घुस आये हैं, रोहिंग्या घुस आये हैं, उसको निकालने की बात कर रहे हैं। हेमंत सरकार उसे पाल पोस रही है। निशिकांत दुबे के बयान पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वह उनका व्यक्तिगत बयान है, पार्टी का नहीं।

### झारखंड विधानसभा में ...

के कारण 11: 26 में कार्यवही 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। 12:30 में फिस से सदन की कार्यवाही शुरू हुई जिसके बाद सत्ता और विपक्ष के विधायकों के लगातार हंगामे के कारण विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

### पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का...

स्तंभ हुआ करते थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व मंत्री मंत्री बच्चा सिंह के निधन पर शोक जताया है। सीएम ने कहा वे हमेशा मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे। परमात्मा दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### राज्य सरकार दो महीने ...

लघु खनिजों, मादक द्रव्यों और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के अधिकारों को भी पेसा अधिनियम के तहत परिभाषित किया गया है। इस ड्राफ्ट पर 262 सुझाव और आपत्तियां प्राप्त हुई थीं। इन आपत्तियों को राज्य सरकार ने विधि विभाग के पास भेजा है, लेकिन कानून अब तक नोटिफाई नहीं किया गया है। संविधान के अनुसार अनुसूचित क्षेत्रों (शिड्यूल एरिया) में अनुसूचित जनजातियों की भाषा, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, आर्थिक विकास की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए संसद ने शिड्यूल एरिया में प्रशासन और नियंत्रण के लिए पी-पेसा नाम से विशेष अधिनियम को साल 1996 में ही पारित किया था।

### भर्ती घोटाले में ...

आरोपितों को पहले भांगागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने 44 लोगों को आरोपित बनाया था, जिनमें आयोग के चार सदस्य और एक कर्मचारी, तीन बिचौलिए और 36 अभ्यर्थी शामिल थे। विशेष कोर्ट में लंबी सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने साक्ष्य के अभाव में 11 अन्य आरोपितों को बरी कर दिया था, जबकि एपीएससी सदस्य बिनीता रिंझा सरकारी गवाह बन गई थीं। कोर्ट ने 22 जुलाई को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत एपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष राकेश पॉल समेत कुल 32 लोगों को दोषी ठहराया था। उल्लेखनीय है कि नौकरी पाने में एक असफल अभ्यर्थी ने पहले अंकों के सारणीकरण में बदलाव से संबंधित जानकारी के लिए एक आरटीआई से सूचना एकत्र की थी। इसके बाद आरटीआई से प्राप्त सूचना के आधार पर शिकायत दर्ज कराई थी।

**शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक**

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा हैदरनगर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सावन मास की दूसरी सोमवारी को भगवान शिव के जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की आस्था सुबह से शाम तक क्षेत्र के शिवालयों में उमड़ती रही। हैदरनगर प्रखंड के इमामनगर बरेवा पंचायत के विभिन्न गांवों के कांवरियों का जत्था प्राचीन शिव मंदिर बरेवा के प्रागंण में सुबह सात बजे बाजे गाजे के साथ नाचते झूमते जुट गये। यहां से हैदरनगर मेन रोड, बस स्टैंड, भाई बिगहा, संतोषडीह, खरगाड़ा, परता गांव होते कबरा कला स्थित सोन नदी के संगम करीब 15 किलोमीटर पैदल मार्च कर पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं से स्नानादि कर सोन नदी के बीचोबीच दसीशानाथ महादेव पर जलाभिषेक करने के बाद प्राचीन शिव मंदिर कबरा कला में पूजा अर्चना की। इनकी अगुवाई कर रहे मुखिया अशोक कुमार यादव, राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह ने कांवरियों के पैदल



मार्ग में किसी भी आपात और आवश्यक सुविधाओं को मुहैया कराने के प्रति पूरी तरह सक्रिय व मुस्तैद थे। कांवरियों का जत्था कबरा कला से पुनः सोन नदी से जल भरकर वापस पैदल हर हर महादेव, बम बम भोले के उदघोष के साथ हैदरनगर स्थित बड़ा शिवालय के बाद बरेवा शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान भोले को जल अर्पित किया। उधर ऐतिहासिक पर्यटक स्थल भीमचुल्हा स्थल के अलावा शिलापर, नहर चौक, देवीधाम हैदरनगर, बड़ा शिवालय, काली स्थान, करडंडा, भजनियां, पंसा सहित विभिन्न स्थानों पर शिव मंदिर, शिवालय और चबूतरे पर स्थापित शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, धतुरा, फुल व अक्षत, रोड़ी, चंदन, भांग आदि से अभिषेक किया गया। जबकि भगवान शिव के प्रति आस्था और अभिषेक का मुख्य केन्द्र बने सीमावर्ती गढ़वा जिले के मोरबे, भंडरिया, सोहगाड़ा, जयनगरा के अलावा आसपास के सतबहिनी, लुंबा, भदुमा, नौगढ़, कादलकुर्मी, शिलापर, मोहम्मदगंज, भजनियां और सोनबरसा सहित अन्य कई गांवों के श्रद्धालु नर नारियों, किशोरियों और युवतियों ने भीमा शंकर का पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। वहीं भीम चूल्हा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ यहां चढ़ी कड़ाही, माता कुंती और पांडव पुत्रों, उनके व हाथी घोड़ों के संरक्षित पद चिन्हों, पातालपुरी व पत्थर के गजराज व वाच टावर से आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य व भीम बराज के विहंगम दृश्य का अवलोकन भी किया। साथ ही श्रद्धालुओं ने खीर प्रसाद का वितरण भी किया गया।

### पांकी विधानसभा में जनता से जुड़े विधायक की जरूरत है : ओंकारनाथ

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी विधानसभा में युवा और व्यावहारिक विधायक की जरूरत है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के नेता ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। वह मनातू के ग्राम सिंहटूटा, कुशहा के दौरा करने के बाद लोगों से संबोधित कर रहे थे। जयसवाल ने ग्राम कुसहा, सिंहटूटा के ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया। बैठक में ग्रामीणों का मूल समस्या घिरसीरी से ग्राम कुशहा, सिंह टूटा तक सड़क निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों में वर्तमान विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता के ऊपर भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान विधायक इस ग्राम में आकर लोगों को आश्वासन दिए थे कि विधायक बनते के साथ इस सड़क का निर्माण कराएंगे लेकिन सब झूठा साबित हुआ। जयसवाल ने कहा कि इस विधानसभा की हालात बद से बदतर हो गई है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रिफ न्यूज

### रूस के वोल्गोग्राड में ट्रेन पटरी से उतरी, 100 से ज्यादा घायल



**मॉस्को।** रूस के दक्षिणी वोल्गोग्राड क्षेत्र में सोमवार को एक यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई। हादसे में 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ट्रेन में 800 से ज्यादा लोग सवार थे। पटरी से उतरने से पहले ट्रेन एक ट्रक से टकराई थी। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने ये जानकारी दी। रूस टुडे के मुताबिक, 20 डिब्बों वाली यह ट्रेन रूस के तातारस्तान गणराज्य के कजान से सोची के पास रिसोर्ट शहर एडलर जा रही थी। स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12.30 बजे यह हादसा हुआ। वोल्गोग्राड क्षेत्र के गवर्नर एंड्री बोचारोव ने एक बयान में कहा कि नौ डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेन में 813 यात्री सवार थे। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम 110 यात्री घायल हुए हैं और करीब 16 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किसी के मरने की खबर नहीं है। ट्रक चालक बच गया है, लेकिन उसके सिर और पैरों में चोटें आई हैं।

### निकोलस मादुरो वेनेजुएला के राष्ट्रपति निर्वाचित



**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार तड़के राष्ट्रपति चुनाव में निर्वाचित घोषित किया गया। देश के अधिनायकवादी नेता मादुरो को इस बार के चुनाव में विपक्ष की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। देश के चुनाव प्राधिकरण ने दावा किया कि मादुरो को 51.2 प्रतिशत और मुख्य विपक्षी उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज को 44.2 प्रतिशत वोट मिले।

### खैबर पख्तूनख्वा में कबाइलियों के बीच संघर्ष में 30 की हुई मौत



**पेशावर।** अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में दो कबाइली समूहों के बीच जमीन को लेकर हुए सशस्त्र संघर्ष में कम से कम 30 लोग मारे गए और 145 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ऊपरी कुर्रम जिले के बोशेरा गांव में पांच दिन पहले भीषण झड़पें शुरू हो गई थीं। इस गांव में पहले भी जनजातियों और धार्मिक समूहों के बीच घातक संघर्ष के साथ-साथ सांप्रदायिक झड़पें और आतंकवादी हमले हो चुके हैं। जिले के कुछ अन्य हिस्सों में गोलीबारी अभी भी जारी है।

# गरीब, किसान और मध्यवर्ग के लिए बजट में कुछ भी नहीं : राहुल

- बजट में अब तक का शिक्षा में सबसे कम बजट आवंटित किया गया
- इंडी गठबंधन की सरकार आने पर एमएसपी पर कानूनी गारंटी देंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि केन्द्र सरकार देश की जनता को अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में घेर रही है। केन्द्र सरकार के बजट में गरीबों, किसानों और मध्यवर्ग के लिए कुछ नहीं है। लोकसभा में बजट चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कुरुक्षेत्र में कौरवों द्वारा चक्रव्यूह में घेरकर मारे गए अभिमन्यु का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले अभिमन्यु को चक्रव्यूह में 6 लोगों ने मारा था। चक्रव्यूह का दूसरा नाम है- पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के शेप में होता है। 21वीं सदी में एक और चक्रव्यूह तैयार किया गया है। वही हिन्दुस्तान के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने इस बजट में अब तक का शिक्षा में सबसे कम बजट आवंटित किया है। बजट में अग्निवीरों के लिए कुछ नहीं है। बजट में मध्यम वर्ग को कुछ नहीं दिया है बल्कि उन पर दोहरा वार किया गया है। इस बजट में



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडेक्सेशन और कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाकर मध्यम वर्ग के लोगों पर ही प्रहार किया है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में वादा किया कि इंडी गठबंधन की सरकार आने पर किसानों को एमएसपी पर कानूनी गारंटी दी जाएगी। उन्होंने इस बात को उठाया कि 20 अफसरों ने देश का बजट बनाने का काम किया है। इन 20 अफसरों में से सिर्फ एक अल्पसंख्यक और एक ओबीसी है। राहुल के भाषण के दौरान कई बार अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें नियम प्रक्रिया को पढ़ने और उसके तहत आचरण करने की सलाह दी। उन्होंने राहुल गांधी के दो उद्योगपतियों के नाम लिए जाने पर आपत्ति जताई। राहुल गांधी ने मीडिया का विषय उठाया तो अध्यक्ष ने उन्हें व्यक्तिगत तौर पर मिलने की सलाह दी।

### रक्षामंत्री ने कहा अग्निवीर पर चर्चा को तैयार



**राहुल** गांधी के भाषण के अंत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना पर टिप्पणी की है। अगर अध्यक्ष अनुमति दें तो वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने के लिए तैयार हैं। अग्निवीर एक गंभीर मुद्दा है। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि रक्षा मंत्री ने दावा किया था कि शहीद अग्निवीर को मुआवजा मिला है लेकिन वे बताना चाहते हैं कि उन्हें मुआवजा नहीं बल्कि बीमा मिला है।

### सदन में पोस्टर लहराना नियम के खिलाफ: बिरला



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी द्वारा सदन में पोस्टर लहराने का विरोध करते हुए कहा कि यह नियमों के खिलाफ है और वे सदन में ऐसा नहीं होने देंगे। किसानों को संसद भवन परिसर में आने की अनुमति नहीं देने के राहुल गांधी के आरोपों को भी स्पीकर बिरला ने गलत बताते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति में किसान नेताओं ने बयान देकर संसद के नियमों को तोड़ने का काम किया, क्योंकि संसद भवन परिसर के अंदर सिर्फ सांसद ही बयान दे सकते हैं।

### राहुल ने नेता विपक्ष पद की गरिमा गिरा दी : रिजिजू



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और राहुल गांधी के बीच तीखी और जोरदार बहस भी लोकसभा में देखने को मिली। किरेन रिजिजू ने यह आरोप लगाया कि राहुल गांधी को नियमों की जानकारी नहीं है, वे नियम को मानते नहीं हैं और स्पीकर को भी चैलेंज करते हैं। राहुल गांधी ने नेता विपक्ष के पद की गरिमा को गिरा दिया है। सदन नियमों और देश संविधान से चलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूरे भाषण के दौरान (पिछले सत्र में) हंगामा किया था।

### लोस अध्यक्ष ने सदन की ओर से मनु भाकर को बधाई दी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन की ओर से भारतीय महिला एथलीट मनु भाकर को बधाई दी। पेरिस ओलंपिक 2024 में रविवार को मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टर इवेंट में कांस्य पदक अपने नाम किया था। उन्होंने कहा कि मैं सदन और अपनी ओर से मनु भाकर को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं।

## मुंद्रा कस्टम ने 110 करोड़ रुपये का ड्रग्स पकड़ा

### अफ्रीका भेजने की थी योजना




एजेंसी

**अहमदाबाद।** कच्छ जिले के मुंद्रा कस्टम विभाग के स्पेशल इंटेलिजेंस एंड इन्वेस्टिगेशन ब्रांच (एसआईआईबी) ने ट्रामाडोल की 68 लाख गोलियों को जब्त किया है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 110 करोड़ रुपये कीमत बताई गई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार कस्टम अधिकारी राजकोट, गांधीनगर और गांधीधाम में फॉलोअप सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। जानकारी के अनुसार मुंद्रा कस्टम अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि राजकोट स्थित एक निर्यातक व्यापारी के दो कंसाइंमेंट निर्यात के लिए पश्चिम अफ्रीकी देशों सिएरा लियोन और नाइजर के लिए बुक किया गया था। इन दोनों कंसाइंमेंट को डिकलोफेनाक टेबलेट और गेबेडोल टेबलेट के रूप में बताया गया था। कस्टम ने इन दोनों कंसाइंमेंट को निर्यात होने से पूर्व ही रुकवा कर जांच की। कंटेनर के अगले हिस्से में बताई गई चीजों को रखा गया था, लेकिन उसके पीछे ट्रेमेकिंग 225 और रोयल 225 नामक दो ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड टेब्लेट 225 मिलीग्राम रखा गया था। स्ट्रीप्स और बॉक्स के ऊपर उत्पाद के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं दी गई थी।

#### क्या है ट्रामाडोल

ट्रामाडोल एक एपिओइड दर्द की दवा है, जो कि साइकोट्रोपिक पदार्थ है। एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 8 (सी) के तहत ट्रामाडोल के निर्यात पर प्रतिबंध है। ट्रामाडोल को वर्ष 2018 में एनडीपीएस एक्ट के तहत साइकोट्रोपिक पदार्थ सूचित किया गया था। पुलिस के अनुसार आइएसआइएस के आतंकी लंबे समय तक जागने के लिए ट्रामाडोल का उपयोग करते थे। बाद में यह फाइटर ड्रग के रूप में कुख्यात हो गया। यह भी जानकारी है कि यह कृत्रिम ओपिओइड दवा लोकप्रिय है और नाइजीरिया, घाना आदि अफ्रीकन देशों में इसकी बड़ी मांग है। मामले की जांच की जा रही है।

## कनाडा के कैलगरी में खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह का आयोजन

एजेंसी

**कैलगरी (कनाडा)।** कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रहीं। अब यहां के कैलगरी में खालिस्तान पर जनमत संग्रह का तमाशा देखने को मिला। इसमें हिस्सा लेने के लिए कनाडा में रह रहे हजारों सिख कैलगरी के म्यूनिसिपल प्लाजा पहुंचे। यह प्लाजा स्थानीय संयुक्त राज्य राजनयिक मिशन के सामने



है। पाकिस्तान के जियो चैनल ने 28 जुलाई को अपनी वेबसाइट पर इस बारे में विस्तार से रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, इसका आयोजन खालिस्तान समर्थक सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) समूह ने किया। समूह ने इसका आयोजन अल्बर्टा प्रांत के सिखों की राय जानने के लिए किया। अनुमानतः 10 लाख सिख कनाडा और लगभग एक लाख कैलगरी में रहते हैं।

### कोयला आयात कम करने के लिए अंतर-मंत्रालयी समिति गठित

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने कोयला आयात कम करने और इस प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया है। सोमवार को कोयला मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। यह समिति विभिन्न मंत्रालयों के बीच चर्चा कर अवसरों की पहचान करेगी। इसके अलावा कोयला मंत्रालय जीवाश्म ईंधन की बढ़ती वैश्विक मांग को ध्यान में रखते हुए कोयला निर्यात को बढ़ावा देगी।

## क्वाड देशों ने दोहराया, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नहीं होना चाहिए किसी का भी प्रभुत्व

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के हिन्द-प्रशांत से जुड़े क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की सोमवार को टोक्यो में बैठक हुई। इस बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में हिन्द-प्रशांत में यथास्थिति को बदलने की कोशिश, आतंकवाद और यूक्रेन, म्यांमार तथा गाजा की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई। संयुक्त वक्तव्य में चीन की ओर इशारा करते हुए कहा गया कि क्वाड स्वतंत्र और खुले नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय



व्यवस्था को बनाए रखने की प्रतिबद्धता के लिए एकजुट है। क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि में योगदान देने में सभी देशों की भूमिका है। हम चाहते हैं कि क्षेत्र में किसी भी देश का प्रभुत्व न हो। किसी भी प्रतिस्पर्धा को जिम्मेदारी से संभाला जाए और प्रत्येक देश जोर-जबरदस्ती से मुक्त हो।

बैठक में जापान की विदेश मंत्री कामिकावा योको, आस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भाग लिया।

## एजुकेशन/करियर

# बीए सांख्यिकी में बना सकते है अपना करियर

**रजनीश।** बीए सांख्यिकी एक तीन साल का ग्रेजुएशन प्रोग्राम है जो कैटेगरीकल और न्यूमेरिकल डाटा एकत्र करने, ऑर्गेनाइजेशन, एनालिसिस, इंटरप्रिटेशन और प्रेजेंटेशन के अध्ययन पर केंद्रित है। दूसरे शब्दों में, बीए सांख्यिकी अप्लाइड मैथमेटिक्स का एक डिसिप्लिन है जिसका उपयोग रिसर्च, सर्वे डाटा और बिजनेस डाटा से उपयोगी जानकारी निकालने के लिए किया जाता है।

### बीए सांख्यिकी को क्यों चुनें

बीए सांख्यिकी डिग्री वाले लोगों के पास काम के बहुत सारे विकल्प होते हैं क्योंकि हर जगह डेटा होने पर स्टैटिसटिशियन की आवश्यकता होती है, और प्रैक्टिकल रूप से हर कंपनी को अच्छी तरह से तैयार और ऑर्डर किए गए डेटा की आवश्यकता होती है। सांख्यिकी गणित की एक शाखा है जो श्रेणीबद्ध और संख्यात्मक डेटा वाले विषयों का अध्ययन करती है। यदि आप संख्याओं का आनंद लेते हैं और रिसर्च करते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए है। सांख्यिकी का पेशा आज के परिवेश में आकर्षक और विकास की संभावनाओं से भरा हो सकता है। अपने उद्देश्यों को स्थापित करने, एक योजना बनाने, या एक सर्विस डिजाइन करने के लिए, अधिकांश बिजनेस और सरकारें डेटा या आंकड़ों पर भरोसा करती हैं। सांख्यिकी का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है, जिसमें मेडिकल, मार्केटिंग, स्वास्थ्य, जीव विज्ञान, खेल, बैंकिंग आदि शामिल हैं।



### बीए सांख्यिकी के लिए स्किल्स

- मैथमेटिकल स्टैटिसटिक्स की अच्छी समझ
- डिडक्टिव रीजनिंग
- सांख्यिकीय मॉडल की अच्छी समझ होनी चाहिए।
- जल्दी सोचने में सक्षम होना चाहिए।
- एक साधारण चर्चा करने में सक्षम हों।

### भारतीय विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया

सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें। यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा। फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं। अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें। इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें। यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।



### विदेश में आवेदन प्रक्रिया

- आपकी आवेदन प्रक्रिया का फर्स्ट स्टेप सही कोर्स और यूनिवर्सिटी का चुनाव है।
- कोर्स व यूनिवर्सिटी के चुनाव के बाद उस कोर्स के लिए उस यूनिवर्सिटी की पात्रता मानदंड के बारे में रिसर्च करें।
- आवश्यक टेस्ट स्कोर और दस्तावेज एकत्र करें।
- यूनिवर्सिटी की साइट पर जाकर एप्लीकेशन फॉर्म भरें या फिर आप लेवरेज ईडीयू एक्सपर्ट्स की भी सहायता ले सकते हैं।
- ऑफर की प्रतीक्षा करें और सिलेक्ट होने पर इंटरव्यू की तैयारी करें।
- इंटरव्यू राउंड क्लियर होने के बाद आवश्यक ट्यूशन शुल्क का भुगतान करें और स्कॉलरशिप, छात्रवीजा, एजुकेशन लोन और छात्रावास के लिए आवेदन करें।

### बीए सांख्यिकी का सिलेबस

- स्टैटिसटिकल मैथर्ड
- डिजाइन ऑफ एक्सपेरिमेंट
- इंट्रोडक्शन टू लिनियर अलजेब्रा
- ऑपरेशन रिसर्च
- प्रोबेबिलिटी थ्योरी
- पैरामेट्रिक एंड नॉन्पैरामेट्रिक टेस्ट
- डिफरेंशियल इक्वेशन
- स्टैटिसटिकल कंट्रोल
- कैलकुलेशन
- अप्लाइड स्टैटिसटिक्स
- कंप्यूटर प्रैक्टिकल
- डाटा एनालिसिस
- प्राइमरी इंटरफेस
- लिनियर मॉडल
- सैंपल सर्वे

### भारत में टॉप कॉलेज

- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, न्यू दिल्ली
- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, बेंगलुरु
- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, कोलकाता
- जेवियर्स कॉलेज, अहमदाबाद
- दिल्ली यूनिवर्सिटी, न्यू दिल्ली
- देवी अहिल्या विश्वविद्यालयः स्कूल ऑफ स्टेटिस्टिक्स, इंदौर
- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी : डिपार्टमेंट ऑफ स्टेटिस्टिक्स एंड ऑपरेशन रिसर्च, अलीगढ़
- हिंदू कॉलेज
- सेंट स्टीफंस कॉलेज
- मिरांडा हाउस
- लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज
- हंसराज कॉलेज
- लोयोला कॉलेज
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी
- गार्गी कॉलेज
- रामजस कॉलेज
- बीएलडीईए आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज फॉर विमेन, बीजापुर
- सीयू शाह आर्ट्स कॉलेज, अहमदाबाद
- आईआईएस यूनिवर्सिटी - इंटरनेशनल कॉलेज फॉर गर्ल्स - आईसीजी, जयपुर
- पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला

### करियर स्कोप

बीए सांख्यिकी कोर्स पूरा करने के बाद, आवेदक उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं या बीए सांख्यिकी ग्रेजुएट्स के लिए उपलब्ध नौकरी के अवसरों के लिए आवेदन कर सकते हैं। फाइनेंस, डाटा सर्व एजेंसी, कॉमर्स सेंटर, इकोनॉमिक्स, इंश्योरेंस कंपनी, कंसलटिंग फरम, इंडियन सिविल सर्विसेज, बैंक, कॉमर्स सेंटर और प्लानिंग कमिशन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां छात्र अपने भविष्य की कल्पना कर सकते हैं।

